भोपाल

मंगलवार, 5 अगस्त 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष-11

वर्ष : 12, अंक : 126

पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 29

न्यून. 23

रजिस्ट्री, साल्वेंसी से लेकर सभी दस्तावेज फर्जी

## विधायक आरिफ मसूद के कॉलेज के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर



दस्तावेजों को टेंपर्ड करके हेरा-फेरी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के कॉलेज (इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट) के खिलाफ उच्च शिक्षा विभाग फर्जी साल्वेंसी व फर्जी रजिस्ट्री के मामले में एफआईआर दर्ज कराएगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के एक प्रश्न के जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कॉलेज की ओर से फर्जी रजिस्ट्री व साल्वेंसी लगा कर मान्यता ली गई थी। इसमें ▶▶शेष पेज 6 पर

### फर्जी कॉलेज को संरक्षण उचित नहीं

*संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उच्च शिक्षा देने के लिए कॉलेज चला रहे हैं, पर कॉलेज का दस्तावेज ही फर्जी हैं। इसके बाद भी कांग्रेस के सदस्य संरक्षण दे रहे हैं। इससे से उनकी सदस्यता भी जा सकती है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि उन्होंने मंत्री से बोला है कि अंतिम प्रतिवेदन दिया जाए, वे दे देंगे। विजयवर्गीय ने कहा कि फर्जी होने के बाद भी संरक्षण* ▶▶शेष पेज 6 पर

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का आरोप है कि 3 लाख आदिवासियों के वनाधिकार पट्टे निरस्त किए गए, उनको बेदखल भी किया गया सीएम डॉ. यादव ने दिया इसका जवाब

# बारिश के समय में किसी भी 'जनजातीय' भाई बहन को मकान से बेदखल नहीं किया जाएगा

**सीएम ने कहा- जनजातीय समुदाय और वनवासी क्षेत्रों में रहने वालों को कोई कठिनाई नहीं आने देंगे**

**विपक्ष संयुक्त रूप से बैठकर सुझाव देना चाहे तो वे दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करने के लिए तैयार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

विधानसभा में अपने जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हम जनजातीय समुदाय और वनवासी क्षेत्रों में रहने वालों को कोई कठिनाई नहीं आने देंगे। उनके लिए धरती आबा योजना और प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत कार्य हो रहे हैं। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया ▶▶शेष पेज 6 पर



### वनवासियों की परंपराओं को सम्मान प्रदान किया जा रहा

सीएम ने मीडिया को बताया कि प्रदेश के जनजातीय अंचलों में देवस्थान पुजारियों का मुख्यमंत्री निवास में सम्मेलन आयोजित किया था। सरकार की ओर से वनवासियों की परंपराओं को सम्मान प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में भगोरिया को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के साथ ही सभी त्यौहारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनजातीय वर्ग के कलाकारों को पारंपरिक कलाओं एवं वाद्य यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि झाबुआ जैसे जनजातीय बहुल जिले में पंचायत स्तर पर समाज के लोगों ने शादियों ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 05 भी


Ninh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपी का अवैध निर्माण तोड़ा



बुरहानपुर। नावरा निवासी भाग्यश्री धानुक की लव जिहाद में गला रेत कर हत्या करने वाले आरोपी शेख रईस के अवैध निर्माण पर सोमवार दोपहर प्रशासन का बुलडोजर चला। एसडीएम भागीरथ वाखला, थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल, नगर पालिका के अधिकारी और नेपा मिल के संपदा विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से दोपहर तीन बजे पुलिस बल के साथ पहुंचे थे। बुलडोजरों के माध्यम से रेलवे ओवरब्रिज के पास किए गए अतिक्रमण और अवैध रूप से बनाए गए टीनशेड को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा मकान में किए गए अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

### महिला सांसद के गले से सोने की चेन खींची



नई दिल्ली। सोमवार सुबह दिल्ली के चाणक्यपुरी से चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई। हैरानी की बात है कि चेन स्नैचिंग की ये वारदात संसद भवन से कुछ ही दूरी पर एक महिला सांसद आर सुधा के साथ हुई। दरअसल, तमिलनाडु के मयीलाडुतुरै की कांग्रेस सांसद एम सुधा एक साल से तमिलनाडु भवन में रहती हैं। सोमवार सुबह 6 बजे वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलीं थी, इसी दौरान सड़क पर बाइक सवार बदमाश ने उनकी सोने की चेन गले से खींची और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है।

**कड़ी फटकार : चीनी कब्जे वाले पुराने विवादित बयान पर राहुल गांधी से सुप्रीम कोर्ट का सवाल**

# सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते, आपको पता कैसे चला ?



*कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है?*

**कोर्ट ने कहा-आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई।

अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। गौर हो कि सेना पर टिप्पणी करने के ▶▶शेष पेज 6 पर

**लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की लगभग ढाई साल पुरानी (9 दिसंबर 2022) टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी प्रकट की**



**और क्या कहा कोर्ट ने?**

**राहुल गांधी के पास एक उचित मंच मौजूद था**

जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य है? न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष नेता होने के नाते राहुल गांधी को ऐसा नहीं करना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद था। इस बात से सहमत होते हुए कि राहुल गांधी बेहतर तरीके से टिप्पणी कर सकते थे।

### राहुल गांधी को अदालत ने दी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एक जिले की अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक भी लगा दी। बता दें कि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। फिर राहुल गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित और दर्ज की गई थी।

### भाजपा बोली-राहुल की भारत विरोधी मानसिकता उजागर हुई

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अदालत ने राहुल गांधी को



निराधार दावे के लिए कड़ी फटकार लगाई है। राहुल का ऐसा बयान देश के लिए बेहद नुकसानदेह है और इससे हमारी सेनाओं का मनोबल भी गिरता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जब हमारी सेना ने बहादुरी दिखाई और चीनी सेना को पीछे धकेला, तो राहुल गांधी ने कहा कि चीनी सेना ने अरुणाचल प्रदेश में 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय ▶▶शेष पेज 6 पर

**राहुल के वकील सिंघवी ने कहा**

*अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति*

*इस दौरान राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते। पीठ की सच्चे भारतीय टिप्पणी पर अभिषेक सिंघवी ने जवाब दिया कि यह भी संभव है कि एक सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है। राहुल गांधी केवल उचित जानकारी देने और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे। अभिषेक सिंघवी ने कहा कि शिकायत याचिकाकर्ता को परेशान करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है। इस दौरान* ▶▶शेष पेज 6 पर

**उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले यह बैठक राजनीतिक दृष्टि से अहम**

## आज एनडीए के संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

### सुबह 9.30 बजे होगी बैठक

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुबह 9.30 बजे भाजपा गठबंधन दल एनडीए के सांसदों की संसदीय बैठक को संबोधित करेंगे।

यह बैठक लंबे समय के बाद हो रही है, जिसमें एनडीए के सभी सांसद शामिल होंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन सात अगस्त से शुरू होने वाला है। नामांकन की ▶▶शेष पेज 6 पर



फाइल फोटो

### जम्मू और कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा!

यह भी चर्चा है कि जल्द ही मोदी सरकार जम्मू और कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने जा रही है। यदि ऐसा हुआ, तो इसकी घोषणा भी अमित शाह ही करेंगे। जैसा कि उन्होंने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 खत्म किए जाने की घोषणा करते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया था।

**सावन के चौथे सोमवार पर निकली सवारी**

## नंदी रथ पर श्री उमा-महेश स्वरूप में निकले महाकाल

**सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने दी सलामी, दो लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶उज्जैन

सावन माह के चौथे सोमवार पर उज्जैन में भगवान महाकाल की सवारी निकाली गई।

मंदिर के सभा मंडप में भगवान की पालकी का पूजन किया गया। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी।



पालकी में श्री महाकालेश्वर श्री चंद्रमोलेश्वर स्वरूप में, गजराज पर श्री मनमहेश रूप, गरुड रथ पर श्री शिव तांडव प्रतिमा, नंदी रथ पर श्री उमा-महेश जी स्वरूप में दर्शन देने निकले। सवारी के साथ घुड़सवार पुलिस दल, ▶▶शेष पेज 6 पर

**[ ये नई टीम इंडिया है... ]**

## अंग्रेजों के जबड़े से छीन ली जीत, ओवल टेस्ट छह रन से जीता, सिराज को मिले पांच विकेट

◀ टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार

◀ मोहम्मद सिराज बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'

एजेंसी ▶▶लंदन

वाह टेस्ट क्रिकेट, वाह टीम इंडिया... क्या जबरदस्त मैच रहा। क्या शानदार तरह से जीता। भारतीय टीम के लिए मैच में जीत



के हीरो मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा रहे, जिन्होंने क्रमशः 5 और 4 विकेट झटककर भारतीय टीम की झोली में जीत डाल दी। भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 13 भी

**जबलपुर: इंडिगो फ्लाइट में टली अनहोनी**

## लैंडिंग करते ही टायर पंक्चर फ्लाइट को रद्द करना पड़ा

**जबलपुर से मुंबई जा रहा था विमान, दिल्ली से बुलाई टीम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶जबलपुर

डुमना एयरपोर्ट पर सोमवार को करीब 11.30 बजे इंडिगो का एयरबस का विमान का टायर क्षतिग्रस्त हो गया। ये हादसा तब हुआ जब एयरबस यात्रियों को



उतारने के बाद एप्रान में पार्क करने के लिए ले जाया जा रहा था। गनीमत है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। विमान की मरम्मत के लिए दिल्ली से टेक्निकल टीम को बुलाया गया है। इंडिगो ने कहा है विमान में ▶▶शेष पेज 6 पर

**प्रदेश के पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले**

## मनीष सिंह तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव बने

**रश्मि को महिला एवं बाल विकास, राप्रसे के अफसरों के भी तबादले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राज्य सरकार ने सोमवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए आईएएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों के तबादले किए हैं। नई दिल्ली की



पदस्थापना से वापस आए दो आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना जारी कर दी। पदस्थापना के लिए प्रतिक्षारत मनीष सिंह को प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 10 भी

**भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों को बड़ी सौगात**

## 8 वंदे भारत ट्रेनों में 15 मिनट पहले तक बुक करा सकेंगे टिकट

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारतीय रेल ने यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। अब यात्री वंदे भारत ट्रेन से यात्रा करने से महज 15 मिनट पहले भी टिकट बुक कर सकते हैं। इसके लिए भारतीय रेलवे ने यात्री के रिजर्वेशन सिस्टम में बदलाव किया है। ये नियम अभी केवल 8 वंदे भारत एक्सप्रेस पर ही लागू हुआ है। दक्षिण रेलवे जोन द्वारा

■ यात्री के रिजर्वेशन सिस्टम में बदलाव किया



संचालित होने वाले वंदे भारत ट्रेनों पर ये नियम लागू किया गया है। देश के विभिन्न मार्गों पर मौजूदा समय में कुल 144 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें सभी मार्गों पर 100% क्षमता के साथ चल रही हैं।

## झारखंड की संघर्ष परंपरा के वटवृक्ष रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन, बांग्लादेश की 'मुक्ति' से गढ़ा झारखंड का इतिहास

तीन दिन का राजकीय शोक झारखंड में आज दोपहर तीन बजे मुखाग्नि दी जाएगी



पीएम मोदी सर गंगाराम पहुंचे, दी श्रद्धांजलि, पीएम के गले मिलकर सीएम हेमंत सोरेन रो पड़े

### गुरुजी ने 'उलगुलान' की वो आवाज बुलंद की थी जिसे धरती आबा (पृथ्वी के पिता) बिरसा मुंडा ने हुंकार दी थी

धनकटनी प्रथा से गुरुजी ने एक नई लकीर खींची, इसमें आदिवासी लड़के महाजनों की खड़ी धान की फसल काट लेते थे, युवा तीर-कमान लेकर उसकी रक्षा करते

एजेंसी ▶▶रांची/नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक दिशोम गुरु (पथ प्रदर्शक) शिबू सोरेन (80) का सोमवार को निधन हो गया। यह जानकारी उनके बेटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद एक्स पर पोस्ट कर साझा की। उन्होंने लिखा कि दिशोम गुरुजी हम सभी को ▶▶शेष पेज 6 पर





### पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में अंतिम संस्कार

*सोमवार को उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया गया। मंगलवार सुबह झामुमो के पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित* ▶▶शेष पेज 6 पर

### शिबू सोरेन खालिस बागी आदिवासी थे

तब सूदखोरी, महाजनी प्रथा से आदिवासी त्रस्त थे। ऐसी घड़ी में शिबू सोरेन ने उलगुलान (उलगुलान जनजातीय भाषा और संस्कृति का एक शब्द है। इतिहास में इसका इस्तेमाल आदिवासी अस्मिता एवं जल, जंगल, जमीन पर होने वाले हमलों के खिलाफ विद्रोह के लिए किया जाता रहा है) की आवाज बुलंद की और आदिवासियों के नायक बन गए। फिर धनकटनी प्रथा से शुरू हुआ गुरुजी का आंदोलन झारखंड के अलग राजनीतिक वजूद के सवाल पर आ गया। दिशोम की उपाधि शिबू सोरेन को ▶▶शेष पेज 6 पर



पांच नंबर स्टॉप से निकाली भगवान भोलेनाथ की शोभा यात्रा का एक दृश्य।

# आखिरी सावन सोमवार

# मंदिरों में भोलेनाथ का दिव्य श्रृंगार, दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन के चौथे व आखिरी सोमवार पर नगर के शिव मंदिरों में सुबह से भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। फल-फूल, बेलपत्र, दूध, धूतरा, गुलाल आदि से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की।

सावन के चौथे सोमवार को शहर के सभी शिवालयों में बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर उनका अभिषेक किया गया, तो वहीं राजधानी के अधिकांश मंदिरों में शिवलिंग निर्माण किया गया। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि सावन के आखिरी सोमवार पर ब्रह्म योग, इंद्र योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग होने से बड़ा महत्व था। इस योग में पूजन व व्रत का विशेष फल की प्राप्ति होती है। बिड़ला मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा।

यहां भक्तों द्वारा भगवान शिव की मूर्ति पर जल, दूध, घी, शक्कर, शहद, आदि से स्नान करा कर अभिषेक किया गया। गिन्नौरी शिव मंदिर, मुक्तेश्वरधाम मंदिर में सुबह रुद्राभिषेक किया।

इसी प्रकार बड़वाले महादेव मंदिर, तलैया मरघटिया महावीर, सर्वधर्म मीनाल आदि मंदिरों में भक्तों ने पूजा, पाठ कर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। गोविंदपुरा स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में शिव भक्तगणों ने सुबह से ही भगवान महादेव की पूजा अर्चना की।

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण का हुआ समापन



पुराने शहर से निकली कांवड़ यात्रा।

सावन माह के आखिरी सोमवार पर कई जगह चल रहे शिवलिंग निर्माण का समापन हो गया। इसके तहत मंशापूर्ण महादेव मंदिर शिवा पार्क फेस-2 गेट के पास सलैया में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का अंतिम सावन सोमवार के साथ समापन हो गया। आयोजक प्रदेश संयोजक भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सोशल मीडिया प्रताप सिंह यादव ने बताया कि भजन, कीर्तन और ओम नमः शिवाय का जाप कर श्रद्धालु और स्थानीय रहवासी ने इस आयोजन में अंतिम दिन करीब 12501 से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप में भोपाल महापौर मालती राय मौजूद थी।



पुराने शहर से निकली कांवड़ यात्रा का एक दृश्य।

## गर्भगृह में बने नील सरोवर में बटेश्वर ने किया नौका विहार



श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार के अवसर पर हरित श्रृंगार के तहत फूल-पत्तियों का बगीचा बनाकर बाबा बटेश्वर को नील सरोवर में नौका-विहार कराया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रातःकाल नियमित एवं श्रावण मास में संकल्पित श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक, विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटी एवं अन्य द्रव्यों से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर पूजा आरती की गई। सायंकाल पूरे मंदिर को फूल-पत्तियों से बगीचे के रूप में सजाया गया एवं गर्भ ग्रह को नील सरोवर का स्वरूप देकर माता गोरा एवं बाबा बटेश्वर को नाव में विराजमान कर नौका विहार कराया गया। इसके बाद रात 9 बजे महाआरती, दर्शन एवं भजन संध्या संपन्न हुई।

## राष्ट्र हित में सामूहिक रुद्राभिषेक किया

दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में सावन माह के अंतिम सोमवार को प्रदोष काल में सायं 5 बजे सामूहिक रुद्राभिषेक, पूजन, भजन कीर्तन भक्तों ने मंगल कामना व राष्ट्र हित के लिए किया गया। इस मौके पर सभी भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

## बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का दूल्हा स्वरूप किया दिव्य श्रृंगार



छोला विश्राम घाट स्थित मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में श्रावण सोमवार महोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का दूल्हा स्वरूप दिव्य श्रृंगार किया गया। शिव श्रृंगार उत्सव समिति के संयोजक आशुतोष पुरोहित ने बताया कि शाम पांच बजे राजाधिराज मुक्तेश्वर महाकाल की धूमधाम से सवारी निकाली गई। जोकि पुराने शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए,वापिस मंदिर पहुंची। इसके बाद महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया।

# रेलवे ने लंबी दूरी की नहीं चलाई राखी स्पेशल ट्रेन

» भोपाल से गुजरने वाली 25 फीसदी नियमित ट्रेनों के स्लीपर को रिग्रेट वेटिंग

» *वीआईपी ट्रेनों में शामिल राजधानी श्रेणी की ट्रेनों में भी वेटिंग*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन का पर्व को अब सिर्फ चार दिन शेष हैं। ऐसे में रेलवे की ओर से इस बार लंबी दूरी वाले रूटों पर रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेनें नहीं चलाई, तो वहीं भोपाल से गुजरने वाली नियमित 25 फीसदी ट्रेनों के स्लीपर कोच में रिग्रेट वेटिंग देखने को मिल रही हैं। ऐसे में रक्षाबंधन के पर्व मनाने भाई-बहनों को घर जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है तो वहीं त्योहार पर घर लौटकर आने वालों को भी रेल यात्रा एक चुनौती से कम नहीं होगी। भोपाल से दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों की ओर जाने वाली लगभग सभी प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग की लंबी सूची सामने आ रही है। कई ट्रेनों में तो स्लीपर और एसी कोच में नो रूम की स्थिति है, यानी अब उसमें बुकिंग की भी कोई संभावना नहीं बची है।

### भोपाल से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों के यह हैं हाल

भोपाल से दिल्ली की ओर जाने वाली करीब 15 प्रमुख ट्रेनों की बात करें तो अधिकतर ट्रेनों में स्लीपर और थर्ड एसी दोनों श्रेणियों में रिग्रेट की स्थिति बनी हुई है, यानी सीट उपलब्ध नहीं है और प्रतीक्षा सूची में भी जगह नहीं बची है। 12629 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 12715 सचखंड सुपरफास्ट, 12625 केरला एक्सप्रेस, 12617 मंगलद्वीप एक्सप्रेस, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में स्लीपर और थर्ड एसी दोनों श्रेणियों में रिग्रेट दिखा रहा है।

### भोपाल से दिल्ली जाने वाली ट्रेनें

- 12629 संपर्क क्रांति - रिग्रेट - रिग्रेट
- 12751 जाट हमसफर - रिग्रेट - 50 वेटिंग
- 12715 सचखंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस - रिग्रेट - रिग्रेट
- 12617 मंगलद्वीप एक्सप्रेस - रिग्रेट - रिग्रेट
- 12625 केरला एक्सप्रेस - रिग्रेट - रिग्रेट
- 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस - रिग्रेट - रिग्रेट
- 12707 संपर्क क्रांति - रिग्रेट - रिग्रेट
- 11077 झेलम एक्सप्रेस - रिग्रेट - 17 वेटिंग
- 12137 पंजाब मेल - रिग्रेट - 31 वेटिंग
- 12918 मालवा एक्सप्रेस - 37 वेटिंग - 8 वेटिंग
- 12615 ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस - रिग्रेट - रिग्रेट
- 12779 गोवा एक्सप्रेस - रिग्रेट - 6 वेटिंग
- 20807 एपी एक्सप्रेस - 32 वेटिंग - 11 वेटिंग
- 12155 भोपाल एक्सप्रेस - 43 वेटिंग - 20 वेटिंग
- 12627 कर्नाटका एक्सप्रेस - रिग्रेट - रिग्रेट

### भोपाल से मुंबई जाने वाली ट्रेनों के हाल

मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी वेटिंग की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ज्यादातर ट्रेनों में स्लीपर में रिग्रेट दिखा रहा है जबकि थर्ड एसी में मामूली वेटिंग चल रही है।

- 12533 पुष्पक एक्सप्रेस - स्लीपरः रिग्रेट, थर्ड एसीः 5 वेटिंग
- 11072 कमायनी एक्सप्रेस - स्लीपरः रिग्रेट, थर्ड एसीः 6 वेटिंग
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस - स्लीपरः रिग्रेट, थर्ड एसीः 6 वेटिंग
- 20104 गोरखपुर-एलटीटी सुपरफास्ट - स्लीपरः रिग्रेट, थर्ड एसीः 7 वेटिंग
- 12618 मंगला लक्ष्यद्वीप एक्सप्रेस और 12138 पंजाब मेल - दोनों में रिग्रेट।

### राजधानी ट्रेनों में भी वेटिंग

दिल्ली और मुंबई की ओर चलने वाली राजधानी ट्रेनों में भी वेटिंग का दबाव है।

**ट्रेन नाम** - थर्ड एसी - सेकंड एसी - फर्स्ट एसी

- 22221 निजामुद्दीन राजधानी - 31 वेटिंग - 14 वेटिंग - रिग्रेट12433 मास एनजेडएम राजधानी - 20 वेटिंग - 7 वेटिंग - रिग्रेट
- 22222 सीएसएमटी राजधानी - 18 वेटिंग - 5 वेटिंग - 4 वेटिंग

### ट्रेन में नहीं मिल रही कन्फर्म बर्थ

मैं रक्षाबंधन पर घर आना चाहती थी, लेकिन पिछले 10 दिन से टिकट बुक करने की कोशिश कर रही हूं, कोई भी ट्रेन कन्फर्म नहीं हो रही। अब तो रिग्रेट ही दिखा रहा है। अब तत्काल टिकट पर निर्भर हूं।

**कल्पना श्रीवास्तव, यात्री**

## गुफा मंदिर स्थित श्रीराम मंदिर की मुख्य सीढ़ियों के नवीनीकरण काम का हुआ भूमि पूजन



**भोपाल।** गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेशदास महाराज एवं मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय की मौजूदगी में प्रस्तावित मुख्य सीढ़ी के विस्तारीकरण कार्य का भूमिपूजन सोमवार को एकादश वैदिक बाह्मणों के द्वारा सम्पन्न हुआ।

## पुत्रदा एकादशी व्रत आज, दान पुण्य से आएगी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन का महीना देवों के देव महादेव को बेहद प्रिय है। वहीं, सावन माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर साधक एकादशी का व्रत रख लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। मां चामुंडा दरबार के पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि सनातन धर्म में एकादशी व्रत अत्यंत पुण्यदायी माना गया है और यह व्रत भगवान विष्णु की उपासना के लिए श्रेष्ठ बताया गया है। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को 'पवित्रा' अथवा 'पुत्रदा' एकादशी कहा जाता है। पद्म पुराण में इस एकादशी का विशिष्ट महत्व बताया गया है। यह व्रत विशेषकर उन दंपतियों के लिए अत्यंत फलदायक होता है, जो संतान सुख की कामना रखते हैं। पवित्रा एकादशी का व्रत करने से जीवन के पाप नष्ट होते हैं और पुण्य की वृद्धि होती है। भगवान विष्णु की कृपा से व्रती को संतान, सुख, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है। एकादशी के मौके पर राजधानी के बिड़ला मंदिर, सहित विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना करने को श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी।

## हरियाली तीज उत्सव पर पौधारोपण



भोपाल। अखिल भारतीय हैहय कलचुरी समाज महिला संगठन द्वारा आखिरी सावन सोमवार को हरियाली तीज उत्सव मना कर पौधारोपण किया।

## शिव-पार्वती का पूजन कर महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

### माता मंदिर में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी समाज महिला संगठन की ओर से सावन सोमवार पर शिव-पार्वती का पूजन कर महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम चौधरी, महापौर मालती राय, प्रदेशाध्यक्ष कमलेश राय प्रदेश सलाहकार सुषमा राय एवं जिलाध्यक्ष नीता राय के मार्गदर्शन में माता मंदिर में शिवलिंग पूजन हरियाली तीज का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी महिलाओं ने पौधरोपण किया। इस दौरान प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक का भी आयोजन किया गया। इस दौरान समीक्षा गुप्ता पूर्व महापौर ग्वालियर, पावनी संगीता गुप्ता, रेनू शिवहरे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## रुचि लाइफस्केप की महिलाओं ने 'मोरनी' थीम पर आयोजित किया तीज मेला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रुचि लाइफ़स्केप में रुचि महिला शक्ति द्वारा विगत 8 वर्षों से तीज मेले का आयोजन किया जा रहा है, जो दिन प्रतिदिन एक भव्य रूप लेता जा रहा है। मेले में कॉलोनी की ही महिलाओ और बच्चों के द्वारा फ़ूड स्टाल, ज्वेलरी स्टाल, होम डेकोरेशन और गेम जोन फुल मस्ती और धमाल के लिए लगाए जाते हैं। इस वर्ष की थीम मोरनी थी और रुचि की महिला शक्ति ने राजिस्थानी पोशाक में मुख्य अतिथि डीसीपी श्रद्धा तिवारी (आईपीएस) और उनके साथ भक्ति शर्मा ( सरपंच ) का स्वागत किया और पूरी कॉलोनी ने तीज मेले का आनंद लिया।

## विधायक शाह ने किया तैलिक साहू सभा चैरिटेबल ट्रस्ट के भवन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा की बैठक अरेरा कॉलोनी में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रदेश के मीडिया प्रभारी विवेक साहू ने बताया कि मप्र तैलिक साहू सभा चैरिटेबल ट्रस्ट के भवन का जागेश्वर साहू पूर्व मंत्री, रामनिवास शाह विधायक सिंगरोली, प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, दिलीप शाह सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, डॉ प्रकाश सेठ, कार्यवाहक अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अभा एवं प्रादेशिक अध्यक्ष आभा साहू के नेतृत्व में महिला पदाधिकारियों द्वारा सुदरकांड का पाठ किया गया। कार्यालय शुभारंभ के पश्चात प्रादेशिक बैठक प्रारंभ हुई जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष ताराचंद साहू ने की।

पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू (छत्तीसगढ़) ने समाज को संगठित होने का आव्हान किया। उन्होंने आगे कहा कि आज हम सभी तेली जाति के बंधु जो साहू, राठौर, मोदी, गुप्ता, शाह, सेठ आदि लिखते हैं परंतु अब हम सभी को केंद्र सरकार द्वारा जनगणना में जाति के कॉलम में देश के समाज के सभी सदस्य तेली जाति आवश्यक रूप से लिखना चाहिए, ताकि देश एवं राज्यों की सरकारों को भी पता चल सके कि तेली जाति की उपस्थित देश में क्या है। इस अवसर पर परिचय सम्मेलन का आय व्यय कोषाध्यक्ष विनोद साहू के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## मानव संग्रहालय में डाक प्रदर्शनी 8 अगस्त से

**भोपाल।** भारतीय डाक विभाग द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के तत्वावधान में आठ से 10 अगस्त तक डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में किया जा रहा है। डाक प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मप्र डाक परिमण्डल विनीत माथुर एवं निदेशक मानव संग्रहालय प्रो. अभिताभ पाण्डे 8 अगस्त को दोपहर 12 बजे करेंगे। इस प्रदर्शनी में भोपाल शहर के 14 फिलाटेलिस्ट भाग लेंगे, जिसमें जनजाति एवं संस्कृति विषय से संबंधित डाक टिकट प्रदर्शित किए जाएंगे।

## निटर में भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान का आयोजन

# भारतीय परंपराएं वैज्ञानिक तथ्यों पर पूरी तरह आधारितः डॉ. शिवकुमार

विशेषज्ञ बोले, भारतीय चिंतन में प्रकृति को पूजने का विधान रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर (निटर) में सोमवार को भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. शिव कुमार शर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव, विज्ञान भारती रहे। इस अवसर पर डॉ. शिव कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे देश की सभी परंपराएं वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित हैं।

इन तथ्यों की वैज्ञानिक व्याख्या और प्रयोग आधारित परंपरा के हजारों प्रमाण हमारे ग्रंथों ऐतिहासिक अवशेषों में उपलब्ध हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा एक निरंतरता है, इसके वैज्ञानिक पहलुओं को समझें एवं जीवन व्यवहार में लाएं, तभी इसके उद्देश्य की पूर्ति हो सकती है। सिर्फपढ़कर स्टूडेंट्स को पढ़ाने से भारतीय ज्ञान परंपरा का उद्देश्य पूर्ण नहीं होगा। भारतीय चिंतन में प्रकृति को पूजने का विधान रहा है।



### तकनीकी दक्षता के साथ सांस्कृतिक चेतना का समावेश करना उद्देश्य

निटर भोपाल के निदेशक डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल इतिहास नहीं, बल्कि एक जीवंत बौद्धिक परंपरा है, जिसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ पुनः समाज के केंद्र में लाना समय की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य तकनीकी दक्षता के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना और भारतीय वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समावेश करना है, जिससे शिक्षा अधिक सार्थक एवं समाजोपयोगी बन सके। डीन साइंस एवं हेड आईकेएस प्रो. पुरोहित ने कहा कि यहां उपस्थित सभी शिक्षक भारतीय ज्ञान के प्रसारक ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के वाहक भी हैं।




स्थान: एमपी नगर चौराहा
समय: दोपहर 12.30 बजे

# भोपाल में एक सप्ताह तक बारिश अवकाश पर, प्रदेश में संभावना

## 12 अगस्त से एक बार फिर प्रदेशभर में चलेगा तेज बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस सप्ताह तेज से भारी बारिश का दौर नहीं चलेगा। कुछ जिलों में हल्की बारिश और बौछारें पड़ती रहेंगी। इस बीच दिन के तापमान में लगातार बढ़त होने से उमस परेशान करेगी। बंगाल की खाड़ी में 8 अगस्त को एक सिस्टम बनेगा, लेकिन उसका असर भोपाल में नहीं होगा। यह पूर्वी मप्र और उससे लगे कुछ हिस्सों में तक ही कुछ बारिश करेगा। इसके बाद 12 अगस्त को खाड़ी में नया सिस्टम बनेगा, जिससे भोपाल सहित प्रदेश भर में तेज और कई जिलों में भारी बारिश का दौर चलेगा। यह क्रम तीन से चार दिन या इससे भी अधिक दिन चल सकता है। इससे पहले शहर और प्रदेश में बादल, कभी बौछारें और बूंदाबांदी के बीच गर्मी का असर बढ़ेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले चार दिन तापमानों में बढ़त होगी।

### तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार बारिश में कमी और धूप के असर से इस सप्ताह तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़त होगी। 8 अगस्त को बनने वाले सिस्टम से पूर्वी मप्र में ही असर होगा। 12 अगस्त को फिर सिस्टम बनेगा, जो भोपाल सहित लगभग सभी जिलों में बारिश करेगा। अभी मानसून ट्रफ अमृतसर, देहरादून, शाहजहांपुर, छपरा, जलपाईगुड़ी से होकर गुजर रही है। एक ट्रफ उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पूर्वी उत्तर प्रदेश होते हुए बिहार तक सक्रिय है। एक सर्कुलेशन सौराष्ट्र के ऊपर सक्रिय है। वहीं, एक सर्कुलेशन दक्षिणी राजस्थान के मध्य भागों में सक्रिय है। इससे प्रदेश के इन हिस्सों में बादल, बौछारें और हल्की बारिश हो सकती है।

### तापमान में 6 डिग्री तक बढ़त

सोमवार को कुछ जिलों में दिन का पारा 6 डिग्री तक बढ़ा है। वहीं, अधिकांश जिलों में औसत तापमान में डेढ़ डिग्री तक बढ़त रही। भोपाल में दशमलव 6 डिग्री बढ़कर 31 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक है। पचमढ़ी में सर्वाधिक 6.4 डिग्री बढ़कर 30.2 डिग्री रहा। रतलाम, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, उमरिया और मलाजखंड में पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा है। मंगलवार को अधिकांश जिलों में पारा एक से डेढ़ डिग्री तक बढ़त होगी।

**मानसून ब्रेक के हालात नहीं**

*शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में बारिश का क्रम कुछ जिलों में जारी है। प्रदेश के आसपास सिस्टम हैं, जिससे मानसून ब्रेक की संभावना नहीं है। मानसून ब्रेक के दौरान सिस्टम दक्षिण भारतीय समुद्री क्षेत्र में बनने के साथ ही अन्य कई कारक प्रभावी होते हैं, जिसके फिलहाल अभी हालात नहीं हैं।*

### दिन में उमस, शाम को पड़ी बौछारों से घुली ठंडक

राजधानी में सोमवार को सुबह हल्के बादल, दोपहर में बादल और धूप के बीच लुकाछिपी रही। शाम को बादलों का डेरा जमा और शाम 8 बजे के बाद शहर के कई हिस्सों में बौछारें पड़ीं। इससे तापमान में करीब 3 डिग्री की कमी आई। दिन का पारा 30 डिग्री था, जो 3 डिग्री की कमी के साथ 27 डिग्री से नीचे पहुंच गया। शहर के करोंद, अयोध्यानगर, भेल, राजीव नगर, पटेल नगर, पिपलानी, एमपी नगर, अरेरा कॉलोनी सहित कई हिस्सों में कुछ देर बौछारें पड़ीं। इससे देर शाम को हवाओं में ठंडक घुल गई। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दिन में धूप के असर के बाद हवा में नमी के कारण लोकल सिस्टम से बौछारें पड़ी हैं।

## गलत रूट पर चलने से बार-बार बन रहे जाम के हालात

# जी का जंजाल बना ई-रिक्शों का संचालन रूट तय नहीं कर पा रहा परिवहन विभाग

### अंदर गली-गली से होकर पहुंच रहे एमपी नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला प्रशासन की ओर से राजधानी की व्यस्ततम और अहम 12 सड़कों पर ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाई थी। इन आदेश का यातायात पुलिस की ओर से पालन नहीं कराया जा रहा।

इसके चलते इन प्रतिबंधित क्षेत्र में अभी ई-रिक्शा संचालक पहुंच रहे हैं तो वहीं कुछ रिक्शा चालकों ने दूसरे रूटों पर रिक्शा चलाना शुरू कर दिया है। इसके चलते अब उन रूटों पर इनकी संख्या अधिक होने से जाम की स्थिति बन रही है तो वहीं अभी तक यातायात पुलिस व परिवहन विभाग अभी तक रिक्शों को लेकर रूट तय नहीं कर सका है।



**होशंगाबाद रोड व कोलार में बढ़ी संख्या**

पुराने भोपाल सहित राजधानी के 12 रूटों ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद अब कई ई-रिक्शा चालक होशंगाबाद रोड व कोलार रोड पर शिफ्ट हो गए। इसके कारण इन क्षेत्रों में अब जाम जैसे स्थिति देखने को मिल रही है।

ई-रिक्शा चालकों पर प्रतिबंध लगाने के कुछ चालकों ने जहां दूसरे रूटों पर संचालन शुरू कर दिया है तो कुछ चालक कार्रवाई के डर से अब चोरी छिपे अंदर गलियों से होते हुए, एमपी नगर,रोशनपुरा सहित अन्य प्रतिबंधित मार्गो पर पहुंच रहे है, तो वहीं यातायात पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके चलते बोर्ड ऑफिस सहित अन्य जगहों पर ई-रिक्शा चालक सवारियां छोड़ते व बैठाते नजर आ रहे हैं।

### ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने वाले 11 यातायात पुलिसवालों का कटा चालान



भोपाल यातायात पुलिस की ओर से सोमवार को ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कराने वाले यातायात पुलिस जवानों के खिलाफ कार्रवाई की गई। डीसीपी बंसत कौल ने बताया कि भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र के निर्देशा अनुसार ट्रैफिक चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत राजधानी में सड़क हादसों में कमी लाने और वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कराने से पहले सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा पहले स्वंय सुधरेगे, फिर दुसरों को सुधारेगें के तहत यातायात थाना में पदस्थ 11 पुलिसकर्मियों पर चालानी कार्यवाही की गई, जो दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं पहने हुए थे। इनके खिलाफ चालानी कार्यवाही करने के साथ आगे से यातायात नियमों का पालन न करने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी। इस साल इस तरह की यह पहली बार सख्त कार्रवाई की गई।

# ट्रैक मेंटनेंस और बारिश ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार साढ़े दस घंटे देरी से आईं भोपाल आने वाली ट्रेन

### *पंजाब, दिल्ली व मुंबई रूट से आने वाली ट्रेनें सबसे अधिक प्रभावित*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



देशभर के कई हिस्सों में हो रही बारिश के चलते ट्रेनों की रफ्तार रोक दी है। इसके चलते सोमवार को भोपाल आने वाली कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेन्स अपने निर्धारित समय से 25 मिनट से करीब पौने सात घंटे तक आई। पंजाब, दिल्ली व मुंबई रूट से आने वाली ट्रेनें सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। सोमवार को जहां अधिकांश ट्रेनें देरी से पहुंची। इसमें जहां श्रीधाम एक्सप्रेस साढ़े दस घंटे, तो सीतापुर जंक्शन -लोकमान्य तिलक टर्मिनस साढ़े सात घंटे की देरी से आई। तो वहीं शताब्दी एक्सप्रेस में करीब 040 मिनट की देरी सहित करीब एक दर्जन ट्रेनें ट्रेनें देरी से आई।

**यह ट्रेनें आईं देरी से**

12191 निजामुद्दीन-जबलपुर सुपरफास्ट - 10:25 घंटे
12108 सीतापुर जंक्शन -लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 7:19 घंटे
12724 तेलंगाना एक्सप्रेस - 3:36 घंटे
20424 पातालकोट एक्सप्रेस 4:14 घंटे
01026 बलिया - दादर स्पेशल 3:40 घंटे
12752 जम्मू तवी - हजूर साहिब नांदेड़ हमसफर एक्सप्रेस 1:46 घंटे
19490 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस 0:43 मिनट
22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 0: 41 मिनट
12002 शताब्दी एक्सप्रेस 0:40 मिनट
11058 अमृतसर एक्सप्रेस 0.39 मिनट
12138 पंजाब मेल 0:39 मिनट
12920 मालवा एक्सप्रेस 0.38 मिनट
12186- रेवांचल एक्सप्रेस 0:29 मिनट
12156 भोपाल एक्सप्रेस - 0.26 मिनट

### अब पूर्ववत चलेगी हावड़ा भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस

रेलवे के आसनसोल मंडल के दुर्गापुर स्टेशन पर प्रस्तावित प्री-एनआई एवं एनआई कार्य को रेलवे प्रशासन द्वारा स्थगित कर दिया गया है। इस कारण, इस काम के चलते पूर्व में निरस्त की गई ट्रेनों की सेवाएं अब बहाल कर दी गई हैं। इन ट्रेनों का संचालन अब अपने निर्धारित दिन, समय और मार्ग पर यथावत रूप से किया जाएगा। यात्रियों को अब किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इसी के तहत गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस, जो 15 सितम्बर को हावड़ा से प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस, जो 17 सितम्बर को भोपाल से प्रस्थान करेगी।




**पुलिस करेगी मकान की सुरक्षा**

## *आईएएस के मकान केस में आज होगी सुनवाई*

**भोपाल।** कोलार इलाके के दानिशकुंज में शिक्षा विभाग में उपसचिव महिला आईएएस अधिकारी मंजूषा राय और बिल्डर पर उनके घर में जेसीबी से तोड़फोड़ का आरोप लगाने के मामले में सोमवार को कोलार एसडीएम आदित्य जैन ने मकान की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस को सौंपी है। इधर, मंगलवार को एसडीएम कोर्ट में धारा-145 के तहत कब्जे को लेकर सुनवाई की जाएगी। मंगलवार को सुनवाई के बाद इस प्रॉपर्टी की निगरानी के लिए रिसीवर नियुक्त किया जा सकता है। शनिवार को मामले की शिकायत डीजीपी कैलाश मकवाना से की थी। जिसके बाद पुलिस ने इस मकान पर कब्जे को लेकर एसडीएम के यहां केस पेश कर दिया था। जिसमें रिसीवर नियुक्त करने की मांग की गई है। साथ ही तीनों पक्षों से अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा है। तीनों पक्षों को नोटिस जारी किए गए हैं। पुलिस के अनुसार तीनों लोगों को नोटिस दिए गए हैं। सभी का पक्ष सुना जाएगा। एसडीएम ने बताया कि मंगलवार को दोनों पक्षों को सुना जाएगा।

### ऑनलाइन रिकॉर्ड में आ रही तकनीकी दिक्कत

## ऑनलाइन दर्ज नहीं हुए तीन हजार नामांतरण जमीनों के मामले में फर्जीवाड़े की बढ़ी संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी खरीद चुके करीब तीन हजार से ज्यादा लोगों को अब ठगी की चिंता सताने लगी है। इनमें से अधिकतर ने जमीन की रजिस्ट्री करा ली है पर इनके नाम पर जमीन नामांतरण का (अमल) नहीं हो पा रहा है। इसलिए इनमें डर है कि कहीं ऐसा न हो कि जमीन का पुराना मालिक इसकी बिक्री किसी और को न कर दे। इनमें से कई नामांतरण ऐसे भी हैं, जिनका बंटान दर्ज नहीं किया गया है, जिससे इन जमीनों के मामले में फर्जीवाड़ा होने की संभावना बढ़ गई है।

राजस्व विभाग ने अब जमीनों का रिकॉर्ड ऑनलाइन कर दिया है, जिसके तहत जमीन और प्लॉट की रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण कराया जाता है। नामांतरण को ऑनलाइन भी अपडेट करना पड़ता है। जिसके तहत बंटान भी नक्शे में दर्ज किया जाता है। इसकी जिम्मेदारी पटवारी की होती है, लेकिन राजधानी में करीब तीन हजार ऐसे नामांतरण हैं, जिनका रिकॉर्ड अब तक ऑनलाइन अपडेट नहीं किया गया है। नामांतरण होने के बाद भी ऑनलाइन रिकॉर्ड में पुराने जमीन मालिक का नाम आ रहा है। ऐसे में इन जमीन और प्लॉट मालिकों को डर सता रहा है कि कहीं ऐसा न हो कि पुराना जमीन और प्लॉट मालिक जमीन को किसी ओर को नहीं बेच दे। ऐसे में जो लोग जमीन खरीद चुके हैं, वे जमीन का नामांतरण अपने नाम पर कराने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि नामांतरण के आदेश होने के बाद पटवारियों को ऑनलाइन रिकॉर्ड अपडेट करने की हिदायत दी जाती है। जिन लोगों के नामांतरण का रिकॉर्ड अपडेट नहीं है।

### देवाशीष त्रिपाठी के स्थान पर देखेंगे कार्यभार

## *नए मंडल रेल प्रबंधक त्यागी ने संभाला पदभार*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के रूप में पंकज त्यागी ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने यह जिम्मेदारी देवाशीष त्रिपाठी की जगह ली है। इस मौके पर भोपाल मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पंकज त्यागी के आगमन पर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। पंकज त्यागी भारतीय रेलवे के इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के 1997 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। इससे पहले वे रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशक (भूमि एवं अनुज्ञा) के पद पर पदस्थ थे। श्री त्यागी ने अपने करियर की शुरुआत पूर्व रेलवे के मुगलसराय मंडल में सहायक अभियंता (निर्माण) के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने फिरोजपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), रेलवे बोर्ड में निदेशक (सिविल इंजीनियरिंग योजना) और मुख्य परियोजना प्रबंधक (एनसीआरटीसी) मेरठ जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।



**विशेष तकनीकी का लिया है प्रशिक्षण**

पंकज त्यागी ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। उन्हें सिंगापुर, मलेशिया, नॉर्वे और यूके में विशेष तकनीकी और प्रबंधन प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। सुरंग निर्माण में उनका विशेषज्ञ अनुभव रेलवे की आने वाली परियोजनाओं में उपयोगी साबित हो सकता है।

### एम्स भोपाल के नए डायरेक्टर बने डॉ. माधवानंद कार



एम्स दरभंगा के कार्यकारी निदेशक डॉ माधवानंद कार को भोपाल एम्स के डायरेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सोमवार को डॉ. अजय सिंह का एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक के रूप में तीन साल का कार्यकाल पूरा हो गया। अब उनकी जगह डॉ. माधवानंद कार को एम्स भोपाल का अतिरिक्त चार्ज दिया है। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती तब तक डॉ. कार एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक रहेंगे। नक्सल ऑपरेशन, एटीएस और पुलिस रेडियो विंग जैसे संवेदनशील महकमों में सेवाएं दे चुके वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संदेश कुमार जैन ने सोमवार को एम्स भोपाल के नए डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) का पदभार ग्रहण किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अधीनस्थ संस्था पीएमएसएसवाई द्वारा जारी आदेश के अनुसार जैन को तीन साल की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया है।

**कारखाना विधेयक 2025, मप्र दुकान तथा स्थापना विधेयक 2025 और मप्र विवि संशोधन विधेयक 2025 पर आज होगी चर्चा**

# विधानसभा में मेट्रो पॉलिटिन सिटी समेत तीन विधेयक पेश चर्चा के बाद होंगे पारित, कई तरह के किए गए प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को तीन विधेयक पेश हुए। इसमें सबसे महत्वपूर्ण मेट्रो पॉलिटन सिटी विधेयक यानी मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025 के अलावा कारखाना विधेयक 2025, मप्र दुकान तथा स्थापना विधेयक 2025 और मप्र विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 सदन के पटल पर रखा गया। इन विधेयक पर अब मंगलवार को चर्चा होगी। इसके बाद विधेयक कानून के रूप में पारित हो जाएगा।

विधानसभा के मानसून सत्र में आज कार्य सूची में पांच विधेयक रखे गए थे, किंतु दो विधेयक को सदन के पटल पर नहीं रखा जा सका। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चूंकि परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह व राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सदन में नहीं आए हैं। दोनों ने किसी भी मंत्री को अधीकृत भी नहीं किया है। ऐसे में उनके दोनों विधेयक अब मंगलवार को सदन के पटल पर रखे जाएंगे। इसके बाद नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, श्रममंत्री प्रह्लाद पटेल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने अपने विधेयक पटल पर रखा। मंत्री विजयवर्गीय ने भोपाल, रायसेन, सीहोर को मिलाकर बनने वाले मेट्रोपोलिटन सिटी विधेयक का प्रस्ताव सदन में रखा। इसीतरह मंत्री पटेल ने कारखाना मप्र संशोधन विधेयक तथा मप्र दुकान तथा स्थापना संशोधन विधेयक 2025 पुरः स्थापित किया।

## मेट्रो पॉलिटन सिटी का यह रहेगा प्रारूप




मेट्रोपोलिटन सिटी में सचिव स्तर का अफसर आयुक्त होगा। जबकि मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे। मेट्रोपॉलिटन सिटी में महानगर विकास आयुक्त, उसके अधीनस्थ अधिकारी और महानगर विकास समिति के किसी सदस्य के खिलाफ कोई भी वाद या अभियोजन दायर नहीं किया जा सकेगा। ऐसा सिर्फ उसी स्थिति में हो सकेगा, जब समिति की ओर से तय मापदंडों और व्यापक जनहित की अनदेखी की गई हो। प्रस्तावित विधेयक में प्रावधान किया गया है कि मेट्रोपॉलिटन सिटी के एरिया में आवासीय रूप में उपयोग में लाए जाने वाले किसी भवन या उसके बगीचे के हिस्से में महानगर आयुक्त की टीम केवल सूर्योदय और सूर्यास्त के मध्य ही प्रवेश कर सकेगी। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को कम से कम 24 घंटे पूर्व प्रवेश करने की लिखित सूचना देना होगा। इस विधेयक में मेट्रोपॉलिटन सिटी के कार्यक्षेत्र, अथारिटी को लेकर कहा गया है कि राज्य सरकार महानगर क्षेत्र के लिए एक इंटीग्रेटेड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी का गठन करेगी।

### इस तरह से काम करेगी ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी

मेट्रोपोलिटन सिटी में ट्रांसपोर्ट और परिवहन उपायों का एक्जीक्यूशन और कोआर्डिनेशन का कार्य किया जाएगा। इसमें एक ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट एक्सपर्ट भी शामिल होगा। यह अथारिटी विभिन्न यातायात और परिवहन उपायों का सुपरविजन करेगी। इसमें और भी नियम शामिल होंगे।

### 3 महीने में एक बैठक जरूरी होगी

विधेयक में स्पष्ट किया गया है कि एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण की सिफारिश पर प्रत्येक 3 महीने में इसकी एक बैठक होगी। इसके लिए प्राधिकरण को तकनीकी सहायक कर्मचारी और सचिव, सहायक महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण एक विस्तृत डेटाबेस तैयार करेगा। इसे अपडेट करने के लिए सर्वे कराएगा।

### ऐसे काम करेगा

विधेयक में कहा गया है कि महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण अपने अधिकार क्षेत्र के किसी नगर विकास योजना के विकास कार्य को कर सकेगा। किसी अन्य निकाय को ऐसी नगर विकास योजना के लिए अधिकृत कर सकेगा। प्राधिकरण इस योजना के संबंध में नगर तथा ग्राम निवेश के संचालक की शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा। महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण से डेवलपमेंट परमिशन लिए बिना में कोई विकास कार्य नहीं किया जा सकेगा। इसमें कई और प्रावधान किए गए हैं।

## प्रत्येक व्यक्ति वृक्षारोपण करे, यह हमारा कर्तव्यः तोमर



▶ सामयिक एवं गंभीर विषय पर सदन में 5 घंटे 40 मिनट की चर्चा

मप्र में लगातार कम होते भूजल स्तर एवं परंपरागत जल संग्रहण संरचनाओं के सतत समाप्त होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में मप्र विधानसभा में लोक महत्व के अविलंबनीय विषय पर नियम 139 के तहत विस्तृत गंभीर एवं परिणाम मूलक चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सदन में सभी से आह्वान किया के प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण को अपना कर्तव्य समझना चाहिए। सरकार तो इस दिशा में कार्य कर ही रही है, लेकिन सभी को व्यक्तिगत रूप से वृक्षारोपण को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। दरसअल, 29 जुलाई की कार्यसूची में यह विषय रखा था। विषय की सामयिकता एवं गंभीरता को देखते हुए इस विषय पर सदन की 5 दिन की बैठकों में क्रमशः चर्चा हुई। इस विषय पर कुल 5 घंटा 40 मिटन चर्चा हुई एवं मंत्रियों सहित पक्षविपक्ष के 31 सदस्यों ने अपने विचार रखे। प्रदेश में लगातार कम होते भूजल स्तर एवं परंपरागत जल संग्रहण संरचनाओं के सतत समाप्त होने से उत्पन्न स्थिति के विषय पर अध्यक्ष तोमर ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि यह विषय काफी महत्वपूर्ण है। दलीय सीमा से उठकर ऐसे विषय पर विचार होगा तो निश्चत रूप से हम सफलता की ओर अग्रसर हो पाएंगे। तोमर ने कहा कि जिन सदस्यों ने यहां अपने विचार व्यक्त किए है, सरकार से संबंधित विभाग उनमें से क्रियान्वयन करने योग्य बिंदुओं को निकालकर लिपिबद्ध करे और उन पर कार्य करने के लिए आगे बढ़ें। चर्चा में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह बहुत गंभीर विषय है। अध्यक्ष महोदय की पहल पर इस पर सार्थक चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान को प्रदेश में एक महिने के स्थान पर तीन महीने चलाया है।

## प्रहलाद पटेल बोले-नदियों का मायका मध्यप्रदेश , यह कोई स्लोगन नहीं



विधानसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि राज्य जल के मामले में हम सरप्लस हैं। देश में अगर नदियों का कोई मायका कहा जाता है तो वह मध्यप्रदेश कहा जाता है। यह कोई स्लोगन नहीं है, यह कोई नारा मात्र नहीं है। यहां पर सतपुडा विध्यांचल की पहाड़ी जो मैकल के पर्वत से निकलती है जहां से नर्मदा का उदगम होता है, वहीं से सोन का उदगम होता है, लेकिन इतनी उपाधियों के बाद भी प्रदेश में भू जल स्तर कम हो रहा है। मध्यप्रदेश में जितने भी हमारे ब्लाक है 26 विकासखंड ऐसे है जहां अत्यधिक दोहन हुआ है। इसमें 5 ऐसे हैं, जो क्रिटिकल हैं और गंभीर रूप से चिंताजनक है। इतना ही नहीं, 60 विकासखंड ऐसे हैं जो सेमी क्रिटिकल हैं। इसलिए मैं उनके नाम जरूर पढ़ना चाहता हूं। सबसे ज्यादा रतलाम का जावरा, इसके बाद वहां का पिपलौदा, धार, उज्जैन, इंदौर का देपालपुर, इंदौर, बड़वानी का पानसेमल, उज्जैन का बड़नगर, रतलाम का रतलाम, मंदसौर का सीतामऊ, उज्जैन का घट्टिया, जिसमें 90 प्रतिशत से ज्यादा ओवर एप्लाइजेशन पानी का हुआ है। इसके अलावा उन्होने डेढ़ दर्जन से अधिक और ब्लाक का उल्लेख किया।

## आदिवासी समाज को हक दिलाने हर मंच पर लड़ती रहेगी कांग्रेस

### विधानसभा में आदिवासियों क पट्टे छीनने के विरोध में विपक्ष ने की नारेबाजी



भोपाल। विधानसभा परिसर में मानसून सत्र के छठवें दिन सोमवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक नितेंद्र बृजिंद्र सिंह राठौर सहित कांग्रेस विधायकों ने आदिवासियों की जमीनों के पट्टे छीने जाने के खिलाफ विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि ये सिर्फ जमीन की नहीं, आदिवासी समाज के हक और पहचान की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी आदिवासी समाज के साथ है और उनके हक के लिए हर मंच पर लड़ती रहेगी। राठौर ने कहा कि जो आदिवासी पीढ़ियों से जंगलों पर निर्भर हैं, उनसे उनकी जमीन छीनकर सरकार निजी हाथों में सौंपना चाहती है। प्रदेश में अब तक तीन लाख 22 हजार वनाधिकार पट्टे निरस्त कर दिए गए हैं, जो आदिवासी समाज के साथ खुला अन्याय है।

## विक्रम विश्वविद्यालय का नाम अब सम्राट विक्रमादित्य

### मंत्री परमार बोले-आने वाली पीढ़ी को पूरा नाम मालूम होना चाहिए



भोपाल। विक्रम विश्वविद्यालय का नाम अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय होगा। विधानसभा में मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक पारित किया गया। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय की स्थापना के समय यही भाव था कि विक्रमादित्य सम्राट के कारण आने वाली पीढ़ी को पूरा नाम मालूम होना चाहिए। वहीं सम्मान के साथ नाम लिया जाए। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि अब प्रदेश के विश्वाविद्यालयों में भारतीय परिवेश में दीक्षांत समारोह करने का निर्णय भी उच्च शिक्षा विभाग ने लिया है। प्रदेश के विश्वाविद्यालय में अब देश के अलग-अलग राज्यों की भाषाओं का भी अध्ययन कराने का काम किया जाएगा। विक्रम विवि जिसका नाम सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय किया जा रहा है उसमें अलग-अलग पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। नई शिक्षा नीति में यह प्रावधान किया है कि बीए का विद्यार्थी बीएससी के सब्जेक्ट चयन कर सकता है, वहीं बीएससी का स्टूडेंट बीए के सब्जेक्ट चयन कर सकता है।

### सिंघार बोले- नाम बदलकर वाहवाही लूटना चाहती सरकार

इधर, मप्र विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि नाम बदलने के साथ-साथ शिक्षा को लेकर कार्य योजना भी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नाम बदलने पर आने वाला खर्च और अन्य जानकारी नहीं दी गई है। सरकार काम नहीं कर रही और नाम बदल-बदल कर वाहवाही लूटना चाहती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वो इस बिल का समर्थन करते हैं। दरअसल, विक्रम विवि का नाम अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय होगा।

## सिंगरौली में खुलेगा जिला सहकारी बैंक का क्षेत्रीय



विधानसभा में सिंगरौली जिले के गठन के 17 वर्षो बाद भी सहकारी बैंक नहीं होने का मुद्दा उठा। भाजपा विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि जिले के गठन के इतने वर्षो बाद भी जिला सहकारी बैंक नहीं खोला जा सका। इससे 120 किमी दूर सीधी में आम लोगों को जाना पड़ता है। जवाब में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि जिन जिलों में जिला सहकारी बैंक नहीं है, वहां पर क्षेत्रीय कार्यालय बैंक शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर जो सहकारी नीति है, उसमें भी अपेक्षा की गई है कि हर जिले में कम से कम एक सहकारी बैंक जरूर हो। जहां जिला सहकारी बैंक नहीं है, वहां हम क्षेत्रीय कार्यालय खोल सकेंगे और नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। इससे पूरे प्रदेश की समस्या का हल होगी। सदस्य शाह ने कहा कि सीधी व सिंगरौली की दूरी 120 किमी होने की वजह से किसान व खाताधारक अपना खाता तक संधारित नहीं कर पा रहे हैं। मंत्री सारंग ने कहा कि जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सीधी की 20 शाखाओं में से 9 शाखाएं कार्यरत हैं, जहां से जिले के आमजनों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। सिंगरौली जिले में पृथक जिला सहकारी बैंक की स्थापना का वर्तमान में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### 17 जिले ऐसे हैं जो कि किसी न किसी बैंक के साथ जुड़े हैं

सारंग ने बताया कि 17 जिले ऐसे हैं जो कि किसी न किसी बैंक के साथ जुड़े हुए हैं। उसका सीधा कारण वहां की बैंकों की वित्तीय स्थिति भी है। यह केवल मप्र ही नहीं, यदि हम देश का भी आंकड़ा देखें तो यह स्थिति संपूर्ण देश में है। जिन राज्यों में सहकारी आन्दोलन बहुत मजबूत है वहां की स्थिति भी यही है। यदि हम पूरे देश की बात करें तो भारत में 777 जिले हैं और जिला सहकारी बैंक केवल 350 ही है, उसका कारण यही है कि जो बैंक को चलाने और खोलने के मापदंड हैं।

## सियासतनामा




### ऐसे में इस नियम का क्या औचित्य?

विधानसभा अध्यक्ष की ओर से विधायकों को एक परिपत्र भेजा गया। इसमें नियमों का हवाला देते हुए कहा गया कि सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में किसी भी तरह की नारेबाजी, धरना और प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। प्रचार ऐसा हुआ, जैसे अध्यक्ष ने पहली बार इस तरह का आदेश जारी किया है। कांग्रेस का कहना था कि इस तरह विधायकों का मुंह बंद नहीं किया जा सकता। विधानसभा की ओर से स्पष्ट किया गया कि यह नियम नया नहीं है। हर बार सत्र से पहले ऐसा परिपत्र जारी होता है। नियम का मजाक तब बना जब लगभग हर रोज विपक्ष ने सदन के अंदर और बाहर नारेबाजी की। गर्भगृह तक में धरना, हंगामा हुआ। ऐसे में इस नियम का क्या औचित्य?

### हेमंत ने चेताया भर नहीं, डंडा भी लगे चलाने

भाजपा के नए अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा था कि अनुशासन का पालन सबको करना होगा। जो दाएं- बाएं चलने की कोशिश करेंगे, वे दिक्कत में आएंगे। उन्होंने इसकी बानगी पेश करना शुरू कर दी है। पहले शिकार हुए चंबल-ग्वालियर अंचल के दो नेता। एक ने दिल्ली में शराब पीकर आते समय बस में उत्पात मचाया था। भाजपा ने उन्हें पद से हटा दिया। इसी प्रकार मुरैना जिले के एक मंडल अध्यक्ष ने अनुशासनहीनता की तो उनका इस्तीफा मांग लिया गया। रीवा जिले के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने थाने में समर्थकों के साथ जाकर एक महिला पुलिस अधिकारी को अपमानित किया। उन्हें भी कार्यालय बुलाकर फटकार लगा दी गई। त्रिपाठी ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी। भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ भोपाल के जिला अध्यक्ष शहरयार अहमद से इसलिए इस्तीफा ले लिया गया क्योंकि उनके भाई के खिलाफ पुलिस ने आपराधिक कार्रवाई की।

### राजनीतिक नियुक्तियों की चर्चा में कितना दम?

प्रदेश में एक बार फिर निगम-मंडलों, आयोगों आदि मे राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर चर्चा तेज है। किन नेताओं को उपकृत किया जाएगा, उनके नामों की सूची प्रसारित होने लगी है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, डॉ. मोहन यादव जबसे मुख्यमंत्री बने, तब से ही बीच-बीच में यह चर्चा जोर पकड़ने लगती है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना था कि पार्टी में ऐसी परंपरा नहीं है कि मुख्यमंत्री नियुक्तियों की सूची लेकर जाएं और प्रधानमंत्री से मिलें। उनका कहना था कि राजनीतिक नियुक्तियों के लिए नेताओं के नाम प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव तय करते हैं। अन्य नेताओं से सलाह ली जाती है। दोनों नेता इस मसले को लेकर अब तक बैठे ही नहीं।

### यहां भी माननीयों की 'अपनी ढपली, अपना राग'

विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले भाजपा पचमढ़ी में विधायकों, नेताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ा चुकी है और कांग्रेस मांडू में। उम्मीद की जा रही थी कि विधानसभा के अंदर विधायक अपने दलों की लाइन का पालन करेंगे, लेकिन यहां भी कई 'अपनी ढपली, अपना राग' अलापते नजर आए। सबसे तीखा हमला भाजपा विधायक बृजबिहारी पटेरिया का था। उन्होंने प्रश्नकाल में कहा कि 'पार्टी का अनुशासन है, गाइडलाइन भी है। अब यही कहूंगा कि पीछे बंधे हाथ, मुंह पर ताले, किससे कहें, कांटा कौन निकाले, मेरी कई पीड़ा है।' उन्होंने कहा कि देवरी जिला सागर की नगर पालिका अध्यक्ष पर वित्तीय अनियमिताओं की शिकायत की। आरोप सिद्ध पाए गए लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। दूसरे विधायक उमाकांत शर्मा शुक्रवार को सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं थे और जम कर खरी-खोटी सुना बैठे। कांग्रेस कहां पीछे रहने वाली थी। पार्टी विधानसभा के अंदर मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर सदन नहीं चलने दे रही थी और पार्टी विधायक भंवर सिंह शेखावत अपना ध्यानाकर्षण पढ़ने लगे। शेखावत भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए हैं। इस तरह दोनों दलों के माननीय पार्टी लाइन की सीमा लांघने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### जांच एजेंसियों की ये कैसी जांच?

आतंकी घटनाओं से जुड़े हाल के दो फैसलों ने देश की प्रमुख जांच एजेंसी की पोल खोल कर रख दी है। पहले फैसले में मुंबई में हुए सीरियल बम ब्लास्ट के आरोपियों को बरी किया गया। दूसरे, मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया। पहले के आरोपी मुस्लिम और दूसरे के हिंदूवादी संगठनों से जुड़े थे। आतंकी घटनाएं हुई थीं, लोग मरे और घायल हुए थे। ये आरोपी दोषी नहीं तो फिर अपराधी कौन हैं और कहां? दूसरे फैसले की चर्चा इसलिए ज्यादा है क्योंकि यह मप्र से जुड़ा है। सभी के बरी होने के बाद कांग्रेस बैकफुट पर है क्योंकि उसके नेताओं ने ही भगवा आतंकवाद की बात कही थी।

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

# बाढ़ प्रभावितों का सर्वे करा कर तत्काल जारी करें क्षतिपूर्ति राशिः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि अतिवृष्टि और बाढ़ से जनता को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। कोई चिंता न करें, सरकार आपके साथ है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित परिवार का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति की जाए। सरकार द्वारा 'डीबीटी प्रणाली' के माध्यम से सहायता राशि सीधे प्रभावितों के खातों में पहुंचाई जाएगी। डॉ यादव ने सोमवार को गुना में प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। उन्होंने जिले के विभिन्न वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने कैंट क्षेत्र, पटेल नगर में घर-घर जाकर प्रभावित नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

**खास बातें**

- कहा, नुकसान की होगी भरपाई, सरकार आपके साथ
- केंद्रीय मंत्री सिंधिया के साथ किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा

## भारी वर्षा ने तोड़ा 32 साल का रिकॉर्ड



मुख्यमंत्रीने न्यू टेकरी रोड स्थित पवन कॉलोनी पहुंच कर वर्षा से प्रभावित परिवारों से भेंट कर हालात जाने। उन्होंने कहा कि गत दिनों हुई भारी वर्षा ने जिले में 32 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिससे अभूतपूर्व स्थिति निर्मित हुई। गुना न्यू सिटी कॉलोनी की एक बुजुर्ग महिला सहित 170 नागरिकों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

### वर्षा को ध्यान में रख बरतें सतर्कता

डॉ.यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी वर्षा संभावित है, इसलिए प्रशासन पूर्ण सतर्कता बरतें। जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे जनता के साथ खड़े रहें। केंद्रीय मंत्री सिंधिया निरंतर राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। डॉ यादव ने कहा कि शासन हर हाल में उनके साथ है, किसी भी प्रकार की कठिनाई में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

### जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के बीच द्विपक्षीय एमओयू

## सीएम डॉ. यादव की मौजूदगी में आनंद ग्रामों के विकास और नदी संरक्षण पर हुए दो एमओयू

### आनंद संस्थान, दीनदयाल शोध संस्थान के साथ त्रिपक्षीय एमओयू



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री एवं मप्र जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में सोमवार को दो अलग-अलग विषयों से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में हुए इन एमओयूस को हस्ताक्षरित कर संबंधित पक्षों द्वारा आदान-प्रदान किया गया। डॉ. यादव ने सभी पक्षों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब मिलकर प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे।

### इनके बीच हुआ पहला और दूसरा एमआयू

पहला त्रिपक्षीय एमओयू राज्य आनंद संस्थान, भोपाल, दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट एवं मप्र जन अभियान परिषद, भोपाल के मध्य हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य तीनों संस्थानों द्वारा आपसी प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश में आनंद ग्रामों के विकास तथा सतत विकास के लक्ष्य पर आधारित ग्राम विकास अवधारणा के क्रियान्वयन की साझा पहल करना है। दूसरा द्विपक्षीय एमओयू मप्र जन अभियान परिषद, भोपाल और नर्मदा समग्र, भोपाल के बीच हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों द्वारा मध्यप्रदेश में नदी संरक्षण से जुड़े विविध आयामों पर नागरिकों की मनःस्थिति और वर्तमान परिस्थिति बदलने के लिए साझा प्रयास करना है।

### प्रदेश का सर्वांगीण विकास मुख्य उद्देश्य

सोमवार को हुए पहले त्रिपक्षीय एमओयू का उद्देश्य यह है कि तीनों संस्थान एक-दूसरे की विशिष्टताओं और विशेषज्ञताओं का लाभ लेकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान करें। दूसरे एमओयू का उद्देश्य अविरल, निर्मल और कल-कल करती मां नर्मदा नदी के साथ सहायक नदियों को भी पुनर्जीवन प्रदान करने तेजी से लागू करना है। मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, अपर मुख्य सचिव, संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, राज्य आनंद संस्थान के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता, जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ बकुल लाड़, दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के संगठन सचिव अभय महाजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने किया 'माटी गणेश सिद्ध गणेश' अभियान का शुभारंभ

## मिट्टी से ही निर्मित हों गणेश, मां दुर्गा और महालक्ष्मी की प्रतिमाएं



▶ मिट्टी और गौमाता के गोबर से बनी प्रतिमाएं बनाने का लिया संकल्प

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित 'माटी गणेश–सिद्ध गणेश' अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश के पूजन से व्यक्ति को ज्ञान, बुद्धि और रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है। डॉ. यादव ने जन अभियान परिषद के पदाधिकारियों से कहा कि भगवान गणेश, नवरात्रि में मां दुर्गा और दीपावली पर्व पर महालक्ष्मी की प्रतिमाएं भी मिट्टी से ही निर्मित हों।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर भी उपस्थित थे। सभी ने संकल्प लिया कि घरों में केवल मिट्टी और गोबर से बनी गणेश प्रतिमाएं ही स्थापित की जाएंगी और इन प्रतिमाओं का विसर्जन भी नितांत प्राकृतिक तरीके से ही किया जाएगा।

### अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण

सीएम ने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएं मिट्टी में ही समाहित हो जाती हैं, इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और गणेश चतुर्थी पर्व पर पवित्र माटी और गौमाता के गोबर से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री ने अभियान में निहित संकल्पना पर केंद्रित एक सचित्र पोस्टर का विमोचन भी किया। उन्होंने अभियान के संकल्पना गीत एवं पोस्टर का विमोचन भी किया।

### पर्यावरण संरक्षण की नवाचारी पहल

परिषद् द्वारा पर्यावरण संरक्षण की नवाचारी पहल करते हुए 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान चलाया जाएगा। इसमें संस्थान नर्मदा समग्र द्वारा प्रदेश के सभी 313 विकासखण्ड में परिषद् के नेटवर्क से जुड़ी नवांकुर सखियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। सखियों द्वारा अपने ग्रामों में महिलाओं को प्रेरित-प्रशिक्षित कर मिट्टी की 10 लाख गणेश प्रतिमाओं की घर-घर स्थापना करायी जाएगी।

पंचम पुण्यतिथि
विलास आपकी स्मृतियाँ हमारी धरोहर है। वह हमारे साथ हर पल सदैव रहेंगी, आपके आदर्श हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे।
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
हरिश तेजवानी (पिता), रेनू तेजवानी (माता)
नीरज तेजवानी (भाई) चाहत तेजवानी (भाभी)
करन तेजवानी (भाई)

विलास कुमार तेजवानी
जन्म दिनांक 26/02/1996 | स्वर्गवास दिनांक 05/08/2020
भोपाल स्थानः- पापुलर एजेन्सी, शॉप नं 1, होटल दिवाकर कॉम्पलेक्स, जुमेराती पोस्ट ऑफिस, भोपाल।
बैरागढ़ - बी-17/182, नियर महानगर नागरिक सहकारी बैंक, ऑपो. पी.एन.बी. बैंक, बैरागढ़।
मो. 9827243674, 9806002078, 9752612997

शिवालयों में हुआ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण, दिनभर होते रहे हवन-पूजन और विशेष अनुष्ठान

# सावन मास के अंतिम सोमवार को करीब 40 हजार से अधिक भक्तों ने किए बाबा भोजेश्वर के दर्शन, डमरू और त्रिशूल की थीम पर फूलों से किया श्रृंगार

लाल गुलाब, मोगरा, कनेर, गेंदा के 6 क्विंटल फूलों के साथ धतूरे और बिल्व पत्र से बाबा का विशेष श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में सवान माह के अंतिम सोमवार को करीब 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजपुर पहुंच कर बाबा भोजेश्वर के दर्शन किए। शिव धाम भोजपुर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों के पहुंचने का सिलिसला शुरू हो गया था। आज भगवान शिव का डमरू और त्रिशूल के स्वरूप में सजाया गया है, जिसमें 5 क्विंटल विभिन्न प्रकार फूलों और पत्तियों से श्रृंगार किया गया है। इसमें लाल गुलाब, मोगरा, कनेर, गेंदा, धतूरे के फूल-पत्ते, बिलपत्र और आम के पत्तों का उपयोग किया गया।

मंदिर के पुजारी अनूप गिरी गोस्वामी ने बताया कि महंत पवन गिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में 7 सदस्यीय दल ने बाबा भोजेश्वर का श्रृंगार किया। सोमवार को दूर-दूर से बड़ी संख्या में भक्तों ने कई नदियों के जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे दर्शन करने में दिक्कत न हो। मंदिर परिसर के एक ओर से जाने और दूसरी ओर से दर्शन कर लौटने के लिए रैलिंग लगाई गई थी। वहीं पूरा शिवालय बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहा था। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा।



### मंडीदीप के शिवालयों में भगवान महादेव का अभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु, पूजा-पाठ कर किए हवन

नगर के विभिन्न शिवालयों में से भक्तों की भीड़ सुबह से ही लगी रही। सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालु भोलेबाबा का जलाभिषेक करने पहुंचे। वहीं कुछ मंदिरों में पार्थिव शिव लिंग कर अभिषेक पूजन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवलिंग निर्माण में जुटे रहे। दोपहर में मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया फिर शाम को सभी पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन किया गया। पंडित नरेन्द्र शास्त्री नगर खेड़ापति ने बताया कि श्रावण मास में व्रत रख कर भागवान शिव की आराधना का विशेष महत्व होता है, इसलिए नगर के अधिकांश लोगों ने आज व्रत रख पूजा-अचना किए।



### अभिषेक-पूजन कर की महाआरती

मंदिर के पुजारी पंडित शैलेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार को करीब 40 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। सुबह 4 बजे बाबा का विशेष अभिषेक-पूजन और महाआरती की गई। वहीं कुछ श्रद्धालु दूसरे जिलों से भी यहां बाबा के दर्शन करने पहुंचे। इसके साथ ही भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गई थी।



## खबर संक्षेप



### आगामी त्यौहार को लेकर बैठक आयोजित

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर में आगामी सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर रेहटी रोड काली मंदिर में बैठक आयोजित की गई। त्यौहारों को धूमधाम और सद्भाव के साथ मनाने का विचार-विमर्श किया गया। धर्मार्थ शिव शक्ति समिति के उपाध्यक्ष राहुल प्रजापति ने बताया कि कर्यक्रमों की तैयार को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर बचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, मोहन योगी, पदम चौहान, इंग्लिश यादव, अरुण भवसार, कृष्णा प्राजापति, अनूप चौधरी आदि लोग मौजूद थे।

### घर-घर कीर्तन करने महिलाओं को दिलाई शपथ



**औबेदुल्लागंज।** राम नाम एवं कृष्ण भगवान ना का कीर्तन घर-घर करने के लिए सावन के आखिरी सोमवार को भोजपुर नारी शक्ति अध्यक्ष आरती यादव ने सभी महिलाओं को शपथ दिलाई। गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव तक घर-घर जाकर राम नाम और कृष्ण नाम का कीर्तन करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह प्रभात फेरी में महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने और राम एवं श्री कृष्ण के नाम का जाप करने की अपील की। प्रभात फेरी मंडल की बहनों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर भी चर्चा कीं। इस दौरान रुक्मिणी यादव, अनीता पांडे, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, राधा माझी, कविता यादव, भगवती शाह, सावित्री साहू, बबली शर्मा आदि महिलाएं मौजूद थीं।

### अर्जुन नगर को सुंदर बनाने में जुटे स्थानीय लोग

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर में जब से बचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, माखन सेन, आरती यादव एवं पूजा लोधी ने कांवड़ यात्रा निकाली और फिर घर-घर जाकर भजन कीर्तन करना शुरू किया है तब से नगर में राजनीति शुरू हो गई हैं, जिसकी लोग खूब चर्चा कर रहे हैं। अर्जुन नगर में श्मशान घाट बनाने के प्रायस जारी हैं, स्थानीय नेता सब मिलकर अर्जुन नगर को आदर्श और सुंदर बनाने के प्रयास में लगे हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0549 | | |
| दिन: | 235 | 06 | 899 |
| रात: | 378 | 84 | 112 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 778 | 22 | 147 |
| रात: | 124 | 71 | 588 |

निशातपुरा आउटर के पास बदमाश ने की वारदात

# नर्मदा एक्सप्रेस में युवती का बैग उठाकर चलती ट्रेन से कूदकर भागा

### बैग में था चश्मा, अंधेरे में महिला नहीं देख सकी बदमाश का हुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदा एक्सप्रेस में कटनी से इंदौर की यात्रा कर रही युवती का बैग अज्ञात बदमाश चलती ट्रेन में चुराकर भाग निकला। बदमाश ने वारदात उस समय की जब ट्रेन निशातपुरा आउटर पर धीमी गति से चल रही थी। युवती ने आरोपी का पीछा किया तो वह कोच से कूदकर भाग निकला। जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जीआरपी ने बताया कि गोविंदशाह कॉलोनी थाना सब्जीमंडी, जिला कटनी निवासी प्रियांशी पिता मदन लाल सेवलानी (25) ने शिकायत करते हुए बताया कि वह नर्मदा एक्सप्रेस के कोच एचए-1 की बर्थ नंबर 5 पर कटनी से इंदौर की यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान उन्होंने लैपटॉप का बैग



सीट पर साइड में रख दिया और लेटी थीं। उनकी नींद लग गई। ट्रेन रेलवे निशातपुरा कैबिन के पास पहुंची थी। इसी बीच एक अज्ञात बदमाश उनकी सीट पर रखा लैपटॉप का बैग लेकर भागने लगा। प्रियांशी की नींद खुली और उन्होंने आरोपी का पीछा किया, उस समय ट्रेन की रफ्तार कम थी और आरोपी चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। प्रियांशी का का कहना है कि उन्हें चश्मा लगा है। सोते समय उन्होंने अपना चश्मा लैपटॉप के बैग में रख दिया था। चश्मा नहीं होने और अंधेरा होने के कारण वह बदमाश का हुलिया नहीं देख सकी। बैग में अलग-अलग कंपनी के दो लैपटॉप व चार्जर समेत हजारों रुपए का सामान रखा था। ट्रेन जब इंदौर पहुंची तो उन्होंने जीआरपी इंदौर में शिकायत दर्ज कराई। इंदौर से केस डायरी जीआरपी थाना भोपाल भेजी गई है।

### स्टोर से काम कर लौट रहे युवक का बाइक सवारों ने मोबाइल झपटा

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित सेंट जोसेफ स्कूल के सामने बाइक सवार बदमाशों ने स्टोर से काम कर लौट रहे युवक का बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल झपट लिया। घटना 2 अगस्त की रात करीब पौने 11 बजे के आसपास की है। हबीबगंज पुलिस ने युवक की शिकायत पर झपटमारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अनिल सिंह मीणा (36) साईंबोर्ड बाबा नगर में रहते हैं और महाकाल डिपार्टमेंट नामक कंपनी के स्टोर में काम करते हैं। गत 2 अगस्त शनिवार रात करीब पौने 11 बजे वह स्टोर से काम करने के बाद अपने घर साईंबाबा नगर पैदल जा रहे थे। इस दौरान उनके मोबाइल पर कॉल आया और बात करते हुए चलने लगे। वे सेंट जोसेफ स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। उन्होंने बाइक सवार बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए गलियों में भाग निकले। झपटमारी की घटना के बाद वह घर चले गए थे। रविवार को स्टोर पहुंचे और साथियों को घटना की जानकारी दी। साथियों ने उन्हें बताया कि हबीबगंज थाने जाकर शिकायत करों। इस पर वह थाने पहुंचे और मोबाइल झपटने का प्रकरण दर्ज कराया।

# औबेदुल्लागंज के शिवालयों में हुए धार्मिक आयोजन, श्रद्धालुओं की रही दिनभर भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सावन के सोमवार को शिवालयों में भारी भीड़ रही। खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया सिथित शिव मंदिर, रेलवे कॉलोनी, बिजली घर शिव मंदिर, अर्जुन नगर शिव मंदिर में अभिषेक पूजा पाठ कर आरती की। बद्री प्रसाद नागर, रामेश्वर नागर, सूरत सिंह नागर, कैलाश डब्बू नागर, बलवान सिंह नागर ने हवन पूजन किया।

बरखेड़ा रोड चौहान ढाबे स्थित शिव मंदिर में भक्तों ने 4 घंटे तक पूजा-पाठ किया। मां शिव काली मंदिर में अभिषेक संपन्न हुआ। मनीष लोधी, अंकित विजयवर्गीय, महेंद्र चौहान, विजय धनगर, वीरेंद्र मिश्रा, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, शंकर सिंह चौहान, कांता अग्रवाल, मोनू यादव, जितेंद्र चौहान आदि भक्तगण आरती में शामिल हुए।







### हनुमान मंदिर में किया गीता का पाठ आरती कर श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद

**तामोट।** सावन मास के अंतिम सोमवार को महिला मंडल ने हनुमान मंदिर में श्री गीता जी का पाठ कर भजन कीर्तन किया। इसके बाद महादेव का अभिषेक पूजा पाठ किया। आरती में जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, पूर्व सरपंच सुनीता चौहान, प्रीति विश्वकर्मा, अनीता चौहान, रेखा मालवीय, मथुरा, मोना तिवारी सहित अन्य महिलाएं शामिल हुईं और प्रसाद वितरण किया।

### भेल क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों का तांता, अभिषेक-पूजन कर किए भजन

**भेल।** सावन मास के अंतिम सोमवार को भेल क्षेत्र के पिपलानी, आनंदनगर, बरखेड़ा और गोविंदपुरा स्थित पशुपति नाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु भगवान महावेदव का अभिषेक और पूजा करने पहुंचे। इस दौरान कई मंदिरों में लोगों को कतार लगाकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। वहीं पिपलानी स्थित शिव मंदिर और शिवलोक फेस-2 स्थित शिवमंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजा के बाद भजन-कीर्तन किया।

परियोजना अधिकारी और सेक्टर सुपरवाइजर ने लिया प्रशिक्षण

# मास्टर्स ट्रेनर तारकेश्वर ने कुपोषण का सही माप करने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

कामधेनु परिसर में कुपोषण की सही माप के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, डीसी बीसी और शौर्या दल के मास्टर्स ट्रेनर्स शामिल हुए।

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश से आए मास्टर्स ट्रेनर तारकेश्वर ने कुपोषण की सही माप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में पोषण ट्रैकर एप, एमआईएस एप और संपर्क एप की जानकारी दी गई। इसमें आंगनवाड़ी केंद्र,




सेक्टर, परियोजना और जिला स्तर के लॉगिन से संबंधित समस्याओं का समाधान भी किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश कुमार जैन ने शौर्या दल के मास्टर्स ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर्स ट्रेनर्स अब सेक्टर स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शौर्या दल के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

आबकारी विभाग की टीम के साथ खजूरी सड़क पुलिस ने की कार्रवाई

# ईको स्पोर्ट्स कार से शराब की तस्करी तीन गिरफ्तार, 306 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना पुलिस ने आबकारी विभाग की टीम के साथ मिलकर ईको स्पोर्ट्स कार से 306 लीटर शराब जब्त की है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर शराब के बारे में पूछताछ कर रही है। अब तक की पूछताछ में पता चला कि आरोपी उक्त शराब सोनकच्छ से किसी महाराज नामक व्यक्ति से लेकर आए थे। वे आरोपी को नाम से नहीं जानते हैं। आरोपियों से शराब तस्करी में इस्तेमाल ईको स्पोर्ट्स कार भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार रविवार को रात्रि गश्त की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की ईको स्पोर्ट्स



कार से तस्कर शराब की तस्करी कर रहें हैं और देवास की तरफ जाने वाले हैं। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने आबकारी की टीम को घटना की जानकारी दी। इसके बाद आबकारी की टीम के साथ मिलकर फंदा टोल के पास नाकाबंदी की गई। इस दौरान एक ईको स्पोर्ट्स कार को रोका गया। ईको स्पोर्ट्स कार में 34 कार्टून शराब के मिले, जिसमें 306 लीटर देशी शराब रखी हुई थी। कार में बैठे तीनों युवकों में ड्राइवर ने अपना नाम मनोज नामदेव पिता सुरेश नामदेव (35) अर्चना गैस एजेंसी के पास चांदबाड़ी थाना छोला, रोहित मालवीय पिता स्व. अजय मालवीय (28) अर्चना गैस एजेंसी के पास चांदबाड़ी, छोला और अनुज श्रीवास पिता वीरसिंह (20) शिव शक्ति नगर थाना छोला बताए। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो वे शराब का लाइसेंस नहीं बता सके। उन्होंने बताया कि उक्त शराब सोनकच्छ से महाराज से लेकर आए हैं। अब पुलिस महाराज नामक उक्त व्यक्ति की तलाश कर रही है।

### मासूम को स्ट्रीट डॉग ने नोंचा, आयोग ने नगर निगम आयुक्त से मांगा जवाब

**भोपाल।** भोपाल शहर के कटारा हिल्स स्थित सिग्नेचर सिटी में स्ट्रीट डॉग द्वारा दो साल के मासूम बच्चे पर हमला करने की घटना सामने आई है। हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और बच्चे के पीठ पर दर्जनों घाव आये है। घायल बच्चे को पिता ने इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती किया है। मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।

महिला सुरक्षा को लेकर की समीक्षा, एसपी और आईजी के वीसी के माध्यम से दिए निर्देश

# डीजीपी बोले- धार्मिक आधार पर बालिकाओं का शोषण न हो, मजनू किस्म के लोगों पर करें सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय से प्रदेश के सभी जोनल एडीजी, जोन आईजी, पुलिस आयुक्त भोपाल, इंदौर सहित सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक ली। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा संबंधी कार्यों की समीक्षा कर निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस गर्ल्स स्कूल और कॉलेजों के आसपास नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करें, ताकि छेड़खानी की घटनाऐं न हों। धार्मिक आधार पर बालिकाओं का शोषण न हो, इसके लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। शैक्षणिक संस्थानों के आसपास अनावश्यक



रूप से मौजूद रहने वाले मजनूं किस्म के लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। महिला सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक गर्ल्स होस्टल और वर्किंग वुमन होस्टल से समन्वय के लिए बीट अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाएं। किसी भी प्रारंभिक शिकायत को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई करें।

### बालिकाओं की गुमशुदगी के मामलों में बरतें संवेदनशीलता

डीजीपी ने अवयस्क बालिकाओं की गुमशुदगी के मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई कर उन्हें शीघ्र बरामद करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्टाफ की समीक्षा करने तथा अतिरिक्त या अटैच स्टाफ को उनकी मूल पदस्थापना, पुलिस थानों में वापस भेजने के निर्देश दिए। साथ ही सभी कर्मचारियों का नियमानुसार रोटेशन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान विशेष पुलिस महानिदेशक महिला सुरक्षा एवं लेखा और कल्याण शाखा अनिल कुमार ने ऑपरेशन मुस्कान, ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड तथा महिला अपराधों से संबंधित विवेचना की कमियों, सुधार, डीएसआर की समीक्षा भी की। वहीं फील्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ड्रग्स के हॉट स्पॉट को करें चिन्हित

डीजीपी ने ड्रग माफियाओं के खिलाफ अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिस जोश और समर्पण के साथ नशे से दूरी है जरूरी जागरुकता अभियान संचालित किया गया, उसी तरह ड्रग माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ड्रग्स के हॉट स्पॉट और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर सुनियोजित तरीके से अभियान चलाकर ड्रग माफिया के नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त किया जाए।

इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में ओरियंटेशन

# विद्यार्थियों को वैल्यू सिस्टम का महत्व बताते हुए विस्तार से समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

स्कूली शिक्षा के बाद कॉलेज लाइफ के लिए सभी के मन में उत्साह होता है। इसी उत्साहपूर्ण यात्रा को अनुभव करने के लिए संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में बीबीए के नए बैच का ओरियंटेशन कार्यक्रम 'आरम्भ' का आयोजन किया गया।

संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने छात्राओं को संस्थान के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं छात्राओं का स्वागत किया। उन्होनें वैल्यू सिस्टम का महत्व बताते हुए जीवन प्रबंधन के सार को समझाया। जीव सेवा संस्थान के ग्रुप एडवाइजर पी. एस. राठौर ने छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईटी कंपनी जीबिया के जनरल मैनेजर लियोनार्ड जेसुराज ने अपने कॉर्पोरेट अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक उपस्थित थे। उन्होंने कहा की छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग जैसे फ्यूचर ओरिएंटेड स्किल पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी, जिससे कि वे कॉर्पोरेट जगत में सफल बन सकें।

## पेज एक का शेष...

### बारिश के समय में...

है कि बारिश के समय में किसी भी जनजातीय भाई-बहन को मकान से बेदखल नहीं किया जाएगा। जनजातीय परिवारों को पात्रतानुसार जमीन के पट्टे आवंटित किए गए हैं। सरकार ने अब तक साढ़े 23 हजार पट्टे बांटे हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए यदि विपक्ष संयुक्त रूप से बैठकर सुझाव देना चाहे तो भी वे दलगत भावना से उपर उठकर काम करने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर से प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग के कल्याण के लिए जबावदारी के साथ कार्य कर रही है। **2000 व 2005 के पहले की स्थिति भी ऑनलाइन होगी:** मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों के जवाब में कहा कि 3.5 लाख निरस्त हुए आवेदनों के साथ ही करीब सवा लाख आवेदन और आए हैं, वे इसे भी देख रहे हैं। इसके साथ ही आपने जो सुझाव दिया है उसका भी निराकरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वर्ष 2000 व 2005 के पहले की स्थिति को भी ऑनलाइन करने जा रही है। इससे सभी का पूरा रिकॉर्ड मिल जाएगा। सदन में विजय शाह ने कहा कि मप्र की पहली ऐसी सरकार है कि सेटेलाइट इमेजरी को ला रही है। 2005 की इमेजरी के आधार पर काम होगा।

### वनवासियों की परंपराओं...

में डीजे के उपयोग को स्वयं प्रतिबंधित कर दिया है। अब वे पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाकर शादी-विवाह आदि कार्यक्रम संपन्न कराते हैं।

### विधायक आरिफ मसूद...

टेंपर्ड करके हेरा-फेरी की गई है। इसकी सत्यता के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा गया था, कलेक्टर के यहां से जवाब आया है। कलेक्टर ने जांच में कहा कि वह फर्जी है और हमारे यहां से जारी नहीं की गई है। अभी कुछ बिंदुओं के जवाब आना बाकी है। कॉलेज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। दरअसल, विधानसभा में सोमवार को कांग्रेस विधायक मसूद के कॉलेज की मान्यता निरस्त करने का मुद्दा नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 व 2010 में नोटिस दिया था, पर 2025 में कॉलेज की मान्यता निरस्त कर दी। वह कारण बताओ नोटिस पटल पर आ गए, लेकिन इसमें जांच का अंतिम प्रतिवेदन पटल पर नहीं आया है। इस संबंध में जानकारी भी नहीं दी जा रही है। जांच प्रतिवेदन को लेकर स्पष्टीकरण के साथ उसे पटल पर रखा जाए। इस मुद्दे को लेकर सदन में जमकर बहस हुई। दोनों तरफ से सदस्यों ने आरोप प्रत्यारोप लगाए। बार-बार जांच प्रतिवेदन मांगे जाने पर मंत्री परमार ने कहा कि साक्ष्य अभी अधूरे हैं, जैसे जैसे इसमें जानकारी आती जाएगी, वैसे वैसे जांच आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अभी और जांच की जरूरत है, जितना जांच प्रतिवेदन मिला है, उतना दे दिया गया है।

### फर्जी कॉलेज को ...

उचित नहीं है। इस मामले में कांग्रेस सदस्यों ने काफी दबाव बनाया, हालांकि मंत्री इससे सहमत नहीं हुए। मंत्री परमार ने कहा कि जो जांच प्रतिवेदन आया है, उसे उपलब्ध करा देंगे, पर मामला कोर्ट में है, वह चलेगा। उन्होंने कहा कि जमीन सोसाइटी के पास होना चाहिए। व्यक्तिगत नाम की जमीन में हेरा-फेरी कर दर्ज दी गई। 2010 में ही फाइल कुछ बढ़ी और एफआईआर दर्ज करना था, पर नहीं हुआ। अब वे पुलिस में उसकी एफआईआर दर्ज कराएंगे।

### सच्चे भारतीय होते तो...

इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक अदालत में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि दिसंबर 2022 की यात्रा के दौरान, गांधी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

### भाजपा बोली....

क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, जिसमें 20 भारतीय सैनिक मारे गए। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस पार्टी के नेता के तौर पर वह कितने परिपक्व हैं? उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी को भी रेखांकित किया जिसमें कोर्ट ने राहुल से पूछा, 'उन्हें चीनी सेना के कब्जे वाले क्षेत्र के बारे में कैसे पता। क्या वह वहां थे?' इस पर गौरव भाटिया ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने भारत विरोधी मानसिकता दिखाई है।

### अगर विपक्ष के ...

उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 का हवाला दिया और कहा कि अदालत की तरफ से किसी आपराधिक शिकायत का संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त की पूर्व सुनवाई अनिवार्य है, जो वर्तमान मामले में नहीं की गई।

### आज एनडीए के संसदीय...

आखिरी तारीख 21 अगस्त है और एनडीए के पास संसद में बहुमत होने के कारण उसके उम्मीदवार का चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। लंबे समय के बाद हो रहे एनडीए की इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकते हैं। जैसे कि मानसून सत्र अब तक विपक्ष के लगातार विरोध के चलते लगभग ठप रहा है। विपक्ष बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर सरकार के पक्ष में काम करने का आरोप लगा रहा है। इसके अलावा, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भी विपक्ष हमलावर है। ऐसे में पीएम मोदी का यह संबोधन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे इन मुद्दों पर एनडीए सांसदों को दिशा दे सकते हैं और विपक्ष के आरोपों का जवाब देने की रणनीति बता सकते हैं।
**प्रधानमंत्री का हो सकता है सम्मान:** बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऑपरेशन सिंदूर में सेना की सफलता और आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर सम्मानित भी किया जा सकता है। एनडीए की यह बैठक पहले केवल भाजपा सांसदों के लिए होती थी, लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव के बाद इसे सभी सहयोगी दलों के सांसदों तक बढ़ा दिया गया है। इसमें टीडीपी, जेडीयू और एलजेपी (रामविलास) जैसे सहयोगी दलों के सांसद भी शामिल होते हैं। इस तरह की बैठकों में प्रधानमंत्री अक्सर सांसदों को जनता के बीच उठाने लायक मुद्दे, सरकार की उपलब्धियां और संसद में सरकार की रणनीति के बारे में बताते हैं।
**एक सप्ताह पहले ही अमरनाथ यात्रा बंद:** इधर, अमरनाथ यात्रा का समापन एक सप्ताह पहले हो गया। भारी बारिश के मद्देनजर 'महत्वपूर्ण मरम्मत और रखरखाव कार्यों' का हवाला दिया गया है। इस साल यह यात्रा 9 अगस्त यानी रक्षा बंधन के दिन समाप्त होने वाली थी। इस साल 4.14 लाख भक्तों ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए हैं।

### नंदी रथ पर श्री...

सशस्त्र पुलिस बल, होमगार्ड के जवान, भजन मंडली, झांझ मंडली के सदस्य व पुलिस बैंड भी शामिल हुए। सवारी रामघाट पहुंची। यहां पर भगवान महाकाल का पूजन किया गया। इसके बाद सवारी मंदिर लौटी। इससे पहले सोमवार तड़के ढाई बजे भस्म आरती के दौरान कपाट खोले गए। दोपहर तक दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके थे। इससे पहले श्रावण माह के पहले सोमवार पर 2.5 लाख, दूसरे पर 3 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। तीसरे सोमवार को 4 लाख लोग पहुंचे थे।

### अंग्रेजों के जबड़े से...

जीत दिलाई। सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लेकर जीत भारत की झोली में डाल दी। मोहम्मद सिराज प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। हैरी ब्रूक प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने विदेशी धरती पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला जीता है। इससे पहले भारत ने विदेशी धरती पर पांच टेस्ट मैचों की 16 सीरीज खेली थीं, जिसमें से 6 बार आखिरी टेस्ट में हार मिली थी और 10 बार आखिरी टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। अब आखिरकार भारतीय टीम विदेश में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला जीतने में सफल रही है।

### लैंडिंग करते ही...

टेक्निकल खराबी आई है जिसे सुधार किया जा रहा है। इस फ्लाइट को रद्द कर कर दिया गया। शाम को कंपनी ने यात्रियों को दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था की। सुबह मुंबई से इंडिगो का एयरबस 180 यात्री क्षमता वाला विमान लैंड किया। यात्रियों को उतारने के बाद विमान को एप्रान में खड़े करने के लिए पायलट ले जाने लगे। इसी दौरान टायर क्षतिग्रस्त हो गया। सूत्र बता रहे हैं कि टायर में नुकीली धातु (कील नुमा) घुसी थी हालांकि प्रबंधन मामले को दबा रहा है।

### मनीष सिंह तकनीकी...

विकास एवं रोजगार विभाग के साथ ही प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग (स्वतंत्र विभाग) पदस्थ किया गया है। इसी तरह जीवी रश्मि को सचिव महिला व बाल विकास विभाग में पदस्थ किया गया है।

राज्य शासन से जारी आदेश के अनुसार अनुराग सक्सेना को अपर प्रबंध संचालक मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड पदस्थ किया गया है। इसी तरह अभिलाष मिश्रा को अपर आयुक्त नगर पालिक निगम उज्जैन में पदस्थ किया गया है। जबकि मप्र ग्रामीण सड़क प्राधिकरण में पदस्थ मुख्य महाप्रबंधक प्रशासन अर्चना सोलंकी को फिर से जीएडी कार्मिक में पदस्थ किया गया है। उन्हें उप सचिव जीएडी कार्मिक में पदस्थ किया गया है। इसी तरह संदीप केरकेट्टा को उप सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ ही साथ एमडी बीज एवं फार्म विकाय निगम का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है। राज्य सरकार ने 200 के करीब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के भी ट्रांसफर आदेश जारी किए हैं। इसमें अपर कलेक्टर भी शामिल हैं।

### गुरुजी ने 'उलगुलान' ...

छोड़कर चले गए हैं। मैं शून्य हो गया हूं। राज्य सरकार ने तीन दिनों के राजकीय शोक का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिबू सोरेन के निधन की सूचना मिलने पर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचे।

पीएम मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री के परिजनों को सांत्वना देते हुए दिवंगत सांसद को श्रद्धांजलि भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि शिबू सोरेन एक ज़मीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में तरक्की की। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से प्रतिबद्ध थे। पीएम के गले मिलकर हेमंत सोरेन रो पड़े। शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा।

झारखंड के पैतृक गांव में कल दोपहर उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो जाएगा। दोपहर करीब तीन बजे उन्हें मुखाग्नि दी जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गजों ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक जताया। राजनीतिक जगत में शून्य पैदा होने और अपूरणीय क्षति की बात कहते हुए ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जैसे लोगों ने भी शोक प्रकट किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनके निधन से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

### पैतृक गांव रामगढ़ ...

करेंगे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में किया जाएगा।

### शिबू सोरेन खालिस...

81 साल में मिली। शिबू आदिवासियों के सर्वमान्य नेता थे। 11 जनवरी 1944 को पैदा हुए शिबू सोरेन ने झारखंड में उलगुलान की वो आवाज बुलंद की थी जिसे धरती आबा (पृथ्वी के पिता) बिरसा मुंडा ने हुंकार दी थी। बिरसा मुंडा की क्रांति जहां अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ थी, वहीं दिशोम गुरु का प्रतिरोध देश में मौजूद अंदर की व्यवस्था के खिलाफ थी।

वे सालों झारखंड के जंगलों में भटकते-फिरते रहे, पुलिस की गोलियां उनका पीछा करती रहीं। उन्होंने जंगलों में रातें गुजारी। 1970 के दशक तक झारखंड के सामाजिक-राजनीतिक नक्शे पर शिबू सोरेन का उदय हो चुका था। 4 फरवरी 1972 को शिबू सोरेन और कॉमरेड एक के रॉय, बिनोद बिहारी महतो के घर में इकट्ठा हुए थे इस बैठक में ये तय किया गया कि झारखंड में बदलाव और राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया जाएगा। इस घटना से इससे एक साल पहले ही बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र राष्ट्र बन चुका था और इस काम में बांग्लादेश मुक्ति वाहिनी का अहम रोल था। इसी मुक्ति शब्द से प्रभावित होकर अलग झारखंड के सपने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की गई।

कुछ साल गुजरते ही, युवाओं की ताकत आते ही शिबू सोरेन ने धनकटनी आंदोलन शुरू किया। आदिवासी लड़के महाजनों की खड़ी धान की फसल काट लेते थे। इस दौरान आदिवासी युवा तीर-कमान लेकर उनकी रक्षा करते। यही तीर कमान कालांतर में शिबू सोरेन की राजनीतिक पहचान बन गई।

### पश्चिम मध्य रेल

**ई–टेण्डरिंग सूचना–03/2025–26**
**दिनांक 01.08.2025**

उपमुख्य अभियंता, (ट्रेकमशीन), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर सं उनके लिए काम करते हुये ई–टेंडरिंग ,द्वारा निम्नलिखित सामग्री/मदों की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित करते है। टेन्डर प्रपत्र वेब साईड www.ireps.gov.in पर दिनांक 31.07.2025 को अपलोड कर दिये गये हें अतः पूर्ण जानकारी वेब साईड www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इन निविदाओ में कोई संशोधन, यदि आवश्यक हुआ तो टेन्डर खुलने की तिथि से 10 दिन पहले वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा इनको www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता हे। जिसकी सूचना उपमुख्य अभियंता (ट्रैक मशीन), भोपाल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता हैं सभी निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने से पहले वेबसाइट देख ले। **क्र.: 1, कार्य का नाम :** 2025–26 के दौरान जेडटीएमडी आरकेएमपी पर आईओएच/पीओएच से संबधित विभिन्न कार्य। **टेण्डर नं.:** डब्लूसीआर बीपीएल टीएम 25 डब्लू 06 दिनांक 31.07.2025, **निविदा अनुमानित मूल्यः** रु 7585472.64/–, **बयाना राशि :** रु 151700/–, **समापन अवधिः** 12 माह, **खुलने की तिथि :** 25.08.2025,

उपमुख्य अभियंता (टी.एम)
पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजेंद्र भार्गव पुत्र नाथू राम भार्गव, निवासी गढ़ा खुर्द, भोपाल, म.प्र. । यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश डच्छय कुमार (DACHHAY KUMAR) नाम दर्ज हो गया है. साथ ही जन्मतिथि भी गलत अंकित है, जबकि मेरे पुत्र के शैक्षिणक दस्तावेजों में दक्ष भार्गव (DAKSH BHARGAV) नाम दर्ज है। जो कि सही हैं। अतः प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र के सभी शासकीय/अशासकीय/व्यक्तिगत समस्त दस्तावेजों में दक्ष भार्गव (DAKSH BHARGAV) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा दर्ज किया जावे।

प्रार्थी
राजेंद्र भार्गव पुत्र नाथू राम भार्गव,

### न्यायालय नायब तहसीलदार संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त भोपाल

**रा.प्र.0539/अ-6/2024-2025**
**सार्वजनिक नोटिस**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू–अभिलेखों में बटान की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 12/08/25 को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। ग्राम का नाम रूसल्ली, खसरा नंबर- 42/1/1, 46, 42/1/2, क्षेत्रफल- 450 वर्गफीट, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है। आवेदक का नाम- आतिफ जहाँ पिता नबाव इलहा
आज दिनांक 4/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**प्रवाचक नायब तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल
### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक. 194/ यां.वि./ 2025 — भोपाल, दिनांक 04/08/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_441891_1 | CONSTRUCTION OF C C ROAD AT BAGH SEWANIYA PRIMARY SCHOOL TO MAIN ROAD UPTO MASJID W-54, Z-13 | 13,10,963 | 03-Sep-2025 | 05:30 PM |

नोट- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगे ।

नि.क्र.2024/025/026

**कार्यमालन यंत्री (सिविल)**
**नगर निगम भोपाल नगर**

### मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

कार्यालय मुख्य अभियंता (अउदा-नि.) जबलपुर, ब्लॉक नं.-4, शक्ति भवन जबलपुर-482008

**निविदा सूचना**

निविदा विशेषीकरण क्र. मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)TC/2025/340 से TC/2025/342 निविदा क्र. 694 दिनांक 31.07.25
(i) अउदा-निर्माण संभाग म.प्र. पॉ.ट्रां.कं. लिमि., भोपाल कार्यक्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV, 132 KV, 33 KV फीडर-बे, अतिरिक्त परिणामित्र एवं परिणामित्र के क्षमता उन्नयन एवं विभिन्न सिविल रख-रखाव कार्य।
(ii) अउदा-निर्माण संभाग म.प्र. पॉ.ट्रां.कं. लिमि., ग्वालियर कार्यक्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV, 132 KV, 33 KV फीडर-बे, अतिरिक्त परिणामित्र एवं परिणामित्र के क्षमता उन्नयन एवं विभिन्न सिविल रख-रखाव कार्य।
(iii) अउदा-निर्माण संभाग म.प्र. पॉ.ट्रां.कं. लिमि., सतना कार्यक्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV, 132 KV, 33 KV फीडर-बे, अतिरिक्त परिणामित्र एवं परिणामित्र के क्षमता उन्नयन एवं विभिन्न सिविल रख-रखाव कार्य।
उपरोक्त कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से ऑनलाइन पृथक-पृथक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के खुलने की दिनांक एवं अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट www.mptransco.nic.in एवं www.mptenders.gov.in का अवलोकन अथवा दूरभाष क्र. 0781-2702128/2702276 पर कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें।

म.प्र. माध्यम/121411/2025 — मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 03/08/25 to 13/08/25



www.ratnawala.com
रत्नवाला
समय से पहले - किस्मत से ज्यादा
हम पुराने पहने हुए रत्न नहीं बेचते हैं
◆ शुद्ध - प्रामाणिक असरदार रत्न उपलब्ध
◆ रत्न तराशने की फैक्ट्री
◆ अनुभवी ज्योतिषाचार्य से सलाह
◆ ग्रहों के अनुसार उपयुक्त रत्न की सलाह
विश्वास का साथ सेवा के 30+ वर्ष
PRATEESH SAXENA Gemologist & Govt. Valuer
जब हुबहू नकली रत्न बन सकते हैं तो कागज का नकली "टेस्टिंग सर्टिफिकेट भी बन सकता है। सजग रहें
89-89-678-678
City Trade Center, 141, Malviya Nagar, Bhopal
ज्योतिषम्

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

### राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष:** मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या:** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला:** मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर:** क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ:** रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन:** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### शब्द पहेली - 5949



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5948 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | श | म | शा | न | ■ | म | ति | मं | द | ■ |
| क | ■ | ■ | ब | ■ | बी | ■ | रं | ■ | ■ | शै |
| र | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ता |
| ता | ड़ | ना | ■ | ■ | वा | ■ | ■ | ज | वा | न |
| र | ■ | ह | ■ | प | र | दा | ■ | त | री | ■ |
| ■ | नी | ■ | गै | र | ■ | म | जा | ■ | स | ■ |
| ■ | र | वि | ■ | म | न | न | ■ | स | ■ | आ |
| ग | ज | रा | ■ | ■ | फा | ■ | ■ | ह | की | म |
| र | ■ | म | ह | सू | स | क | र | ना | ■ | द |
| म | ■ | ■ | रा | ■ | त | ■ | खै | ■ | ■ | नी |
| ■ | सो | म | ना | थ | ■ | य | ल | गा | र | ■ |

### सूडोकु नवताल- 5959

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5958 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

गवर्नर संजय मल्होत्रा कल करेंगे द्विमासिक नीति दर की घोषणा

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, चक्र के स्थिर रहने की उम्मीद



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली दर निर्धारण समिति की बैठक सोमवार को शुरू हो गई। तीन दिवसीय बैठक में द्विमासिक मौद्रिक नीति तय करने के लिए चर्चा होगी। जानकारों का मानना है कि अगस्त एमपीसी बैठक के दौरान ब्याज दरों में नरमी के चक्र के स्थिर रहने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में ब्याज दरों में ढील देने का चक्र शुरू किया था और तब से अब तक तीन चरणों में अल्पकालिक उधार दर (रेपो) में 100 आधार अंकों की कटौती की गई है। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय दर निर्धारण समिति-मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी)- बुधवार (6 अगस्त) को अगली द्विमासिक नीति दर की घोषणा करने वाली है

### अगस्त की बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रखती है आरबीआई एमपीसी

*विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है और अमेरिका की ओर से 7 अगस्त से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद और अधिक मैक्रो डेटा का इंतजार कर सकता है। हालांकि उद्योग जगत के एक वर्ग को बुधवार को ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि ऋण नीति जून के लिए कम मुद्रास्फीति और 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के हालिया घटनाक्रम पर आधारित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जून में नीति में पहले से ही 26 प्रतिशत टैरिफ को शामिल कर लिया गया था, जो अप्रैल में स्थगित दर थी।*

### वित्त वर्ष 2026 की औसत महंगाई अनुमान में कटौती कर सकती है एमपीसी

*इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि हाल के सीपीआई इस कैलेंडर वर्ष की दूसरी छमाही में महंगाई के नरम रहने का संकेत देते हैं। एमपीसी वित्त वर्ष 2026 के लिए जून 2025 की बैठक में जताए गए अपने महंगाई अनुमान 3.7 प्रतिशत में कटौती कर सकती है। नायर ने कहाकि इसके अलावा, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ जीडीपी वृद्धि के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करेंगे, इससे रुपया भी स्थिर होगा। हमारे विचार में, अगस्त 2025 की नीति समीक्षा में 25 आधार अंकों की अंतिम दर कटौती की ओर संतुलन थोड़ा झुका हुआ है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी से 4 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। एमपीसी में आरबीआई के तीन अधिकारी-संजय मल्होत्रा (गवर्नर), पूनम गुप्ता (डिप्टी गवर्नर), राजीव रंजन (कार्यकारी निदेशक) और तीन बाहरी सदस्य नागेश कुमार (निदेशक और मुख्य कार्यकारी, औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली), सौगत भट्टाचार्य (अर्थशास्त्री), राम सिंह (निदेशक, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स) शामिल हैं।*

## पतंजलि योगपीठ में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरिद्वार



पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 के योगभवन सभागार में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। जड़ी-बूटी दिवस के अवसर पर स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने उपस्थित जनसमूह को स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ विश्व के लिए पौधरोपण के लिए संकल्पित कराया। स्वामी व आचार्य ने स्वयं रक्तदान व पौधरोपण कर जनसामान्य को प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव महाराज ने आचार्य को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आचार्य का जन्मदिवस मनाना तो मात्र एक बहाना है, इसका मुख्य उद्देश्य भारत माता के प्रत्येक घर में ही नहीं सम्पूर्ण धरती माता के आँगन में जड़ी-बूटियां शोभायमान हों और सम्पूर्ण मानवता उनसे स्वास्थ्य व सुख पाएं। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटियाँ प्रकृति-परमेश्वर के अनुग्रह को अनुभव करने का एक माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटियाँ मात्र उपचार के लिए ही नहीं अपितु आत्म साक्षात्कार के लिए भी के लिए हैं।

### हमें अपने जीवन की रक्षा करनी है तो जड़ी बूटियों को बचाना जरूरी : आचार्य बालकृष्ण

*कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण महाराज ने कहा कि जड़ी-बूटियां हमसे नहीं हैं अपितु जड़ी-बूटियों से हम हैं। हमें अपने जीवन की रक्षा करनी है तो जड़ी बूटियों को बचाना जरूरी है। इसलिए पतंजलि का जड़ी-बूटी दिवस सम्पूर्ण मानवता के जीवन को बचाने का एक उपक्रम है, जड़ी बूटियां नहीं होंगी, पेड़ पौधे नहीं होंगे, तो मानव का जीवन का अस्तित्व भी नहीं रह सकता। आचार्य जी ने कहा कि जन्मदिन तो मात्र बहाना है, जब हम रात्रि विश्राम करके प्रातःकाल उठते हैं तो नूतन ऊर्जा के साथ, नूतन सूर्योदय के साथ, नवजीवन के साथ हम प्रतिदिन अवतरित होते हैं। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से जुड़े हमारे लाखों-लाखों परिवार के साथ देश व दुनिया में लाखों करोड़ों लोग जड़ी बूटियां लगाकर इस उत्सव को मनाते हैं।*

20 मई को खत्म हो चुकी है एनएबीएल की मान्यता

# ढाई महीने बाद भी नहीं मिली राज्य खाद्य प्रयोगशाला को एनएबीएल की मान्यता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



राजधानी के ईदगाह हिल्स स्थित आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक विभाग का राज्य खाद्य प्रयोगशाला जब से चालू हुई है तब से आज तक कभी भी नमूने के जांच एवं नमूनों के परिणाम जारी करने में अवरोध नहीं हुआ और इस प्रयोगशाला ने राज्यस्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी कई इतिहास रचा, लेकिन मौजूदा समय में तानाशाह और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों की उदासीनता की बदौलत राज्य खाद्य प्रयोगशाला में मिलावटी नमूनों की जांच ठप बंद है क्योंकि इस राज्य खाद्य प्रयोगशाला की 20 मई 2025 को एनएबीएल से मिली मान्यता की नियत तारीख खत्म हो गई। अतः करीब ढाई महीने बाद भी आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक विभाग के अफसरों की उदासीनता के चलते यह चालू नहीं हो पाई। विभागीय सूत्रों के अनुसार आगामी त्यौहार रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी जैसे बड़े पर्व पर है। मगर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में मिलावटी नमूनों की जांच नहीं हो रही है। जिससे अंदेशा है कि इस त्यौहारी सीजन में मिलावटियों की बांछे खिलेगी और आम उपभोक्ता मिलावटी सामान खरीदने को मजबूर होंगे। बताया जा रहा है कि राज्य खाद्य प्रयोगशाला को ढाई माह बाद भी एनएबीएल की मान्यता नहीं मिलने के पीछे का कारण विभाग के अधिकारियों के लापरवाही है। सूत्रों के अनुसार रक्षाबंधन पर भिंड मुरैना ग्वालियर दतिया द्वारा मिलावटी मावा पनीर एवं मिठाइयों की बड़ी खेप राजधानी भोपाल तक आती है। इतना ही नहीं पूरे प्रदेश में उनके नेटवर्क द्वारा मिलावटी सामान भेजा जाता है। ऐसे में जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों हिम्मत नहीं जुटाते हैं कि मिलावटी सामग्री पकड़े और मिलावटियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकें। भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया से निकला हुआ माल कहीं भी नहीं पकड़ा जाता। उक्त मिलावटी समान पूरे बाजार में खुलेआम बिकता है जो की मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ जैसा काम किया जा रहा है।

### नकली पनीर के भंडारण को पकड़ा, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई

विभागीय सूत्रों के अनुसार अभी हाल में मुरैना खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा नकली पनीर के भंडारण को पकड़ा गया, जिसमें सैकड़ों टीन रिफाइंड सोयाबीन तेल है जो कि पनीर में मिलाया जाता था, लेकिन उसकी जप्ती नहीं की गई और ना ही उक्त व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। नियम अनुसार उस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कार्रवाई के तौर पर एफआईआर दर्ज कराना चाहिए, लेकिन लेकिन खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मिली भगत की वजह से पूरे मुरैना क्षेत्र में मिलावट का धंधा जोरों से चल रहा है।

### जांच हो गई, मान्यता मिलनी बाकी है

राज्य खाद्य प्रयोगशाला को एनएबीएल की मान्यता के लिए टीम ने जांच और निरीक्षण कर लिया है। शीघ्र ही एफएसएसएआई से मान्यता प्राप्त हो जाएगी। रही बता नमूनों के जांच की तो टेस्टिंग की जारी है।

**दिनेश मौर्य**
कंट्रोलर , खाद्य एवं औधषि सुरक्षा एवं नियंत्रक विभाग

## खबर संक्षेप

### फैब इंडिया ने पेश किया नया फेस्टिव कलेक्शन

**नई दिल्ली।** फैब इंडिया ने रक्षाबंधन 2025 के अवसर पर अपना नया फेस्टिव कलेक्शन लांच कर दिया है। यह ख़ास कलेक्शन पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन सौंदर्य का सुंदर संगम है। कपड़े और होम एंड लाइफस्टाइल श्रेणियों में उपलब्ध यह कलेक्शन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कोमलता, प्रेम और गरिमा के साथ दर्शाता है। इस वर्ष का आकर्षक गुलाबी रंग-पैलेट पर आधारित है, जिसमें हल्का गुलाबी, गहरा गुलाबी और फ्यूशिया जैसे जीवंत रंग शामिल हैं।

### मिंत्रा ने लांच किया राखी स्टोर, कलेक्शन मौजूद

**नई दिल्ली।** मिंत्रा ने रक्षा बंधन के अवसर पर राखी स्टोर लांच किया है। इस स्टोर पर 2,500 से ज्यादा ब्रांड्स की ओर से 3 लाख से अधिक स्टाइल में एथनिक वियर, फुटवियर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर, गुरमे हैंपर, एक्सेसरीज़ और को-ब्रांडेड गिफ्ट हैंपर तथा 30,000 से अधिक अद्वितीय स्टाइल की राखी का विशाल कलेक्शन मौजूद है। यहां पर 'राखी अंडर 999' का एक विशेष सेक्शन भी है, जिसमें लोग रक्षा बंधन के लिए फेस्टिव शॉपिंग कर सकते हैं। मिंत्रा पर 15 से अधिक ब्रांड्स ने पहली बार राखी गिफ्ट बॉक्स लांच किए हैं।

### नाइका कॉस्मेटिक्स ने लांच की बुलेट लिपस्टिक

**मुंबई।** नाइका कॉस्मेटिक्स ने नई मैट टू लास्ट 16एचआर बुलेट लिपस्टिक लांच की है। यह एक हाई पिगमेंटेड, सॉफ्ट मैट फिनिश वाली बुलेट लिपस्टिक है जो पूरे दिन टिके रहती है। यह नई बुलेट लिपस्टिक उसी आइकॉनिक मैट टू लास्ट फ्रैंचाइजी का विस्तार है, जिसे अब और भी सुविधाजनक फॉर्मेट में पेश किया गया है। 16 घंटे तक चलने वाली यह लिपस्टिक दिनभर कम्फर्टेबल रहती हैबिना फेड हुए, बिना फ्लेकिंग के। 25 सुंदर शेड्स में उपलब्ध इस रेंज में हर मौके और हर मूड के लिए एक शेड है।

### रक्षाबंधन कैलिफोर्निया के साथ मनाने की अपील

**नई दिल्ली।** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का उत्सव का पर्व रक्षाबंधन त्योहार को कुछ ही शेष है जिसमें बहनें भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं और भाई उन्हें जीवनभर सुरक्षा और सहयोग देने का वचन देते हैं। लेकिन मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रीजनल हेड-डायटीटिक्स रितिका समद्दार ने इस वर्ष इस प्यार को सेहत की सौगात से और खास बनाने को कहा है। उन्होंने इस रक्षाबंधन, कैलिफोर्निया बादाम को बनाएं अपने फेस्टिव डाइट का हिस्सा बनाने की अपील की है।

किसी मुद्दे पर जरूरत पड़ी तो संबंधित राज्य सरकारों से संवाद स्थापित किया जाएगा : ओम बिरला

# बीसीसीआई और कैट के प्रतिनिधि लोकसभा अध्यक्ष से मिले, संसद की कार्यवाही का किया सजीव अवलोकन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई)के अध्यक्ष डॉ. तेजकुलपाल सिंह पाली और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल और बीसी भरतिया के नेतृत्व में सोमवार को संसद की कार्यवाही का सजीव अवलोकन किया। इस मौके पर देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 150 प्रमुख व्यापारियों का समूह था। सभी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी विशेष भेंट की और संगठन द्वारा देशभर के व्यापारियों के हितों में किए जा रहे कार्यों एवं अभियानों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कैट की पहल की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारियों की आवाज़ अब सांसद में प्रवीण खंडेलवाल के माध्यम से बुलंद हो चुकी है। अगर भविष्य में भी किसी मुद्दे पर जरूरत पड़ी तो संबंधित राज्य सरकारों से भी संवाद स्थापित किया जाएगा। ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा की जा सकें। इस अवसर पर प्रवीण खंडेलवाल ने कहाकि कैट व्यापारियों के लिए केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है जो स्वदेशी, जीएसटी सरलीकरण, ई-कॉमर्स में समान अवसर, डिजिटल व्यापार को बढ़ावा, एवं व्यापारी सुरक्षा कानून जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निरंतर कार्यरत है। कैट का यह प्रयास रहा है कि व्यापारियों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसद की कार्यप्रणाली से सीधे जोड़ा जाए, जिससे उनकी भागीदारी सिर्फ व्यापार तक सीमित न रहकर नीति-निर्धारण में भी हो सकें। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल संसद की कार्यवाही को देखने का था, बल्कि व्यापारियों को यह संदेश देना भी था कि उनकी आवाज अब व्यवस्था के केंद्र तक पहुंच चुकी है।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, तेज़कुलपाल पाली, सुनील जैन 501 और धर्मेंद्र शर्मा, मंजरी मौजूद रहे।

एयरटेल ने शुरू की क्लाउड सेवा, 40 फीसदी सस्ती होने का दावा

# दुनियाभर के टेलीकॉम ऑपरेटर्स के लिए एआई संचालित सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म लांच

एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम



एक्सटेलिफ़ाय, जो भारती एयरटेल ('एयरटेल') की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और एयरटेल की सभी डिजिटल संपत्तियों और क्षमताओं का संचालन करती है ने सोमवार'एयरटेल क्लाउड' नाम से एक स्वायत्त (सोवरेन), टेल्को-ग्रेड क्लाउड प्लेटफॉर्म लांच किया। यह क्लाउड प्लेटफॉर्म एयरटेल की भारत में आंतरिक ज़रूरतों के लिए प्रति मिनट 140 करोड़ ट्रांजेक्शन संभालने के लिए डिजाइन किया गया है और अब इसे देश की कंपनियों की लगातार बढ़ती डिजिटल जरूरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्लेटफॉर्म अगली पीढ़ी के सस्टेनेबल डेटा सेंटर्स पर होस्ट किया गया है, जिसमें जनरेशन-एआई आधारित प्रोविज़निंग की सुविधा है और इसे 300 प्रमाणित क्लाउड एक्सपर्ट्स संचालित करते हैं। यह बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद सेवा है, जो आईएएएस, पीएएएस और एडवांस कनेक्टिविटी जैसी सेवाएं प्रदान करती है। एक्सटेलिफ़ाय ने एक एआई-समर्थित, भविष्य के लिए तैयार सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म भी लांच किया है, जो दुनियाभर की टेलीकॉम कंपनियों को तकनीकी जटिलताओं से मुक्ति दिलाने, कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने, ग्राहक बनाए रखने (चर्न को कम करने) और प्रति ग्राहक औसत आय (एआरपीयू) बढ़ाने में मदद करेगा। यह समाधान टेलीकॉम वैल्यू चेन के हर पहलू पर ध्यान देता है। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी, गोपाल विट्टल ने कहाकि यह एयरटेल के इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि हम अपने विश्व स्तरीय, स्वदेशी एयरटेल क्लाउड और सॉफ्टवेयर समाधान प्लेटफार्मों को भारत के व्यवसायों और दुनिया भर के दूरसंचार ऑपरेटरों तक ले जा रहे हैं। इस दिशा में हमें सबसे पहले ही तीन शीर्ष स्तरीय कंपनियों - सिंगटेल, ग्लोब टेलीकॉम और एयरटेल अफ्रीका के साथ साझेदारी करने का सौभाग्य मिला है।

# आवास फाइनेंसियर्स द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभार्थियों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जयपुर




अफोर्डेबल हाउसिंग फाइनेंस क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, आवास फायनेंसियर्स, ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। आयोजित कार्यक्रम में योजना के अंतर्गत सब्सिडी प्राप्त परिवारों की खुशियाँ साझा की गईं और उन्हें उनके नए घर की उपलब्धि पर बधाई दी गई।

इस समारोह में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुलदीप नारायण, सिक्किम सरकार के समाज कल्याण विभाग की सचिव श्रीमती सारिका प्रधान, नेशनल हाउसिंग बैंक के एमडी संजय शुक्ला और बोर्ड सदस्य प्रभंजन मोहापात्रा समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सचिंदर भिंडर ने कहाकि भारत के हजारों परिवारों को उनके स्वयं के घर का सपना साकार होते देखना हमारे लिए अत्यंत गर्व और संतोष की बात है। हम न केवल अफोर्डेबल हाउसिंग के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि स्थाई और पर्यावरण अनुकूल घरों के निर्माण के भी प्रयासरत हैं।

## एआई और तकनीक पर इंडियन ऑयल अडाणी वेंचर्स का वॉक्ससेन यूनिवर्सिटी से समझौता

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद




इंडियन ऑयल अडानी वेंचर्स लिमिटेड ने वॉक्ससेन यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो किसी भी शैक्षणिक संस्थान के साथ कंपनी की पहली औपचारिक साझेदारी है। यह रणनीतिक सहयोग नवाचार, कार्यकारी शिक्षा और अनुप्रयुक्त शोध के जरिए उद्योग और अकादमिक क्षेत्र के बीच संबंधों को मजबूत करेगा। यह समझौता आईएवीएल के सीएफओ और निदेशक (वित्त) मनोज कुमार बोराड़ और वॉक्ससेन यूनिवर्सिटी के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. राउल वी. रोड्रिग्ज के बीच हुआ। यह सहयोग अनुसंधान परियोजनाओं, प्रबंधन प्रशिक्षण और छात्रों व पेशेवरों के लिए उद्योग अनुभव पर केंद्रित रहेगा।

साझेदारी के तहत दोनों संस्थानों के छात्र और शोधकर्ता संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य करेंगे, जिनमें वॉक्ससेन और आईएवीएल की सुविधाओं और अधोसंरचना का उपयोग किया जाएगा। इन परियोजनाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिन्हें वॉक्ससेन के एआई रिसर्च सेंटर और रोबोटिक्स लैब के सहयोग से आईएवीएल के व्यावसायिक कार्यों में लागू किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त - 3**
**तहसील - हुजूर जिला भोपाल**
प्रकरण क्रमांक - 2210/अ- 6/2025-2026
मौजा-नीलबड़ तहसील हुजूर, भोपाल

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जगदीश प्रसाद अजनेरिया पुत्र स्वर्गीय श्री कन्हैयालाल निवासी मकान नंबर 278 सेवनिया गोंड सूरज नगर भदभदा रोड भोपाल ने द्वारा म.प्र.भू. रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 059702018ए1113153 दिनांक 20/02/2018 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमाक 107/1/1/1 कुल रकबा में से 1450 वर्गफिट भूमि ग्राम नीलबड़ प0ह0न0 51 तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 18.08.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समचयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे, से आज दिनांक 04.08.2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त - 3**
**तहसील - हुजूर जिला भोपाल**
प्रकरण क्रमांक - 2211/अ- 6/2025-2026
मौजा-नीलबड़ तहसील हुजूर, भोपाल

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री इन्द्रामणी प्रसाद वर्मा आत्मज श्री रामबक्श निवासी क्वार्टर नं. 35, नेशनल ज्यूडिसीयल एकेडमी भद्भदा रोड, भोपाल ने द्वारा म.प्र.भू. रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 059702018ए1310723 दिनांक 09/06/2018 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमाक 107/1/1/1 रकबा 1.1300 हे. में से रकबा 600 वर्गफिट भूमि ग्राम नीलबड़ प0ह0न0 51 तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 18.08.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समचयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे, से आज दिनांक 04.08.2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त - 3**
**तहसील - हुजूर जिला भोपाल**
प्रकरण क्रमांक - 2212/अ- 6/2025-2026
मौजा-नीलबड़ तहसील हुजूर, भोपाल

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कविता कहार पत्नि श्री भीमसेन कहार निवासी क्वार्टर नं. 30, नेशनल ज्यूडिसीयल एकेडमी भद्भदा रोड, भोपाल ने द्वारा म.प्र.भू. रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 059702017ए1551894 दिनांक 27/09/2017 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमाक 107/1/1/1 रकबा 1.1300 हे. में से रकबा 600 वर्गफिट भूमि ग्राम नीलबड़ प0ह0न0 51 तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 18.08.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समचयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे, से आज दिनांक 04.08.2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

## बिजनेस न्यूज

### एनएसएल ने राष्ट्रीय सुरक्षा इस्पात पुरस्कार 2024 में अपना परचम लहराया



**नगरनार।** इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर 25 और 26 जुलाई 2025 को रांची में आयोजित 75वीं संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई) की बैठक में, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने अपने उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन के लिए सोलह (16) प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के इस्पात सुरक्षा पुरस्कार 2024 जीते। ये पुरस्कार एकीकृत इस्पात संयंत्रों के लिए घातक दुर्घटना रहित श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किए गए, जिनमें निम्नलिखित उपलब्धियाँ शामिल हैं: एकीकृत इस्पात संयंत्र में कैलेंडर वर्ष 2023 और 2024 में कोई घातक दुर्घटना नहीं। एकीकृत इस्पात संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कैलेंडर वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कोई घातक दुर्घटना नहीं। ठेकेदार श्रमिकों से जुड़ी कोई भी घातक दुर्घटना नहीं कैलेंडर वर्ष 2023 और 2024 । ये सम्मान मज़बूत सुरक्षा प्रणालियों, निरंतर निगरानी और कर्मचारियों व ठेकेदार कार्यबल, दोनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शून्य हानिकारक कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए एनएसएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह पुरस्कार एनएमडीसी स्टील लिमिटेड की ओर से पवन कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा) और अनुज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) के साथ-साथ यूनियन नेताओं संतराम शेतिया, अध्यक्ष सिम्स रमेश कश्यप, सचिव सिम्स, मानदास कश्यप, अध्यक्ष एसएसयू और विजयेंद्र नाथ मैथ्यूज, सचिव एसएसयू द्वारा प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि पर, कार्यकारी निदेशक एवं प्लांट प्रमुख, एम.एन.वी.एस. प्रभाकर ने एनएमडीसी स्टील लिमिटेड समूह को शून्य-हानिकारक कार्यस्थल प्राप्त करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी और सभी से उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

### एलएन मेडिकल कॉलेज ने आयोजित किया जन-जागरुकता कार्यक्रम



**भोपाल।** ओआरएस जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एलएन मेडिकल कॉलेज एवं जेके अस्पताल के बाल रोग विभाग द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रोल प्ले के माध्यम से ओआरएस घोल की सही विधि से तैयारी एवं बच्चों में दस्त रोग के प्रबंधन को प्रस्तुत किया गया।इस शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में बाल रोग विभाग के पीजी छात्र एवं इंटर्न्स ने भाग लिया और आमजन को ओआरएस के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. सी.एम. रेड्डी (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग), डॉ. श्वेता आनंद (प्रोफेसर, बाल रोग विभाग) एवं डॉ. अंकिता मराठे (सहायक प्राध्यापक) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए चिकित्सा निदेशक डॉ. एके चौधरी एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सरला मेनन की विशेष उपस्थिति रही। यह जागरूकता अभियान बाल स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाने एवं जनमानस में सरल उपचार विधियों की जानकारी प्रसारित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही।

### लक्ष्मी नारायण कॉलेज में एआईसीटीई-वानी द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय सम्मेलन

**भोपाल।** एआईसीटीई प्रशिक्षण और शिक्षण (अटल) अकादमी प्रोग्राम का शुभारंभ आईआईटी इंदौर के प्रो. ( डॉ.) सुमित गौतम और डॉ. अनुपम चौकसे, सचिव एलएनसीटी समूह के द्वारा किया गया। डॉ.सुमित गौतम ने कहा कि यह रोमांचित करने वाला है कि हम भारतीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा का प्रचार - प्रसार कर रहे हैं । डॉ.अनुपम चौकसे ने कहा कि एआईसीटीई- वानी के द्वारा भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी साहित्य का प्रकाशन , अध्ययन, शोध और नवाचार को बढ़ावा देना एक अनूठी पहल है और इस पर हमें ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. रंजन वाला जैन, बॉम्बे यूनिवर्सिटी एवं राजकुमार मालवीय, एटीएमएस, अहमदाबाद उपस्थित रहे। अगली पीढ़ी के संचार के लिए एंटीना और आरएफ डिजाइन में उभरते रुझान पर आयोजित सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत डॉ.अशोक राय, डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन और अनूप चतुर्वेदी ने किया । डॉ. वीएन बरतारिया ने स्वागत भाषण दिया। सम्मेलन की रूपरेखा पर प्रकाश डॉ.अभिनव भार्गव , विभागाध्यक्ष-इलेक्ट्रॉनिक्स एंड संचार विभाग ने डाला, डॉ. निकेतन मिश्रा ने अतिथियों ओर प्रतिभागियों का आभार माना। प्रो. अमितबोध उपाध्याय ने एआईसीटीई - वानी के उद्देश्य की जानकारी दी।

### रुचि लाइफ़ स्केप में महिला शक्ति का आयोजित हुआ तीज मेला



**भोपाल।** राजधानी की रुचि लाइफस्केप में यहां महिलाएं पिछले 8 वर्षों से तीज मेले का आयोजन कर रही है। जो इस सावन में भी किया गया। यहां आयोजित होने वाला तीज मेला एक भव्य रूप लेते जा रहा है । मेले में कॉलोनी की ही महिलाओं और बच्चों के द्वारा फ़ूड स्टॉल,ज्वेलरी स्टॉल लगाए गए है इसके साथ होम डेकोरेशन और गेम जोन में फुल मस्ती और धमाल भी किया जाता है। इस वर्ष की थीम मोरनी रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि (डीसीपी ) आईपीएस श्रद्धा तिवारी और उनके साथ उपस्थित हुई भक्ति शर्मा ( सरपंच ) का स्वागत रुचि लाइफस्केप की महिला शक्ति ने राजस्थानी पोशाक में किया। इस दरमियान कॉलोनी ने तीज मेले का आनंद लिया।

### बाणगंगा पेपर ने किया लिविन्ट ग्रीन के साथ पावर परचेज एग्रीमेंट

**मुंबई।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी ने हाल ही में लिविन्ट ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ पावर परचेज एग्रीमेंट किया है। इसके तहत, लिविन्ट ग्रीन टेक्नोलॉजीज महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के करजत गांव में 2.5एमडब्ल्यू डीसी ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट विकसित, संचालित और स्वामित्व में रखेगी। यह सौर उर्जा संयंत्र बाणगंगा पेपर मिल्स के नासिक स्थित उत्पादन इकाई को क्लीन ऊर्जा की आपूर्ति करेगा, जिससे कंपनी को भरोसेमंद और किफायती नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मिलेगा।

चिंतन

# पिंजरे में बंद तोते की छवि से कब आजाद होगी सीबीआई

सीबीआई एक बार फिर पिंजरे के तोते के दृष्टिकोण को सही साबित करती नजर आ रही है। दिल्ली की पूर्ववर्ती आप सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए भर्ती घोटाले के आरोपी बनाए गए सत्येन्द्र जैन के खिलाफ चार वर्ष जांच करने के बाद सीबीआई ने अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। वह इसलिए कि सीबीआई भ्रष्टाचार के एक भी सबूत अदालत में पेश नहीं कर पाई। ऐसे में सवाल उठते हैं कि क्या सीबीआई बिना पुख्ता सबूत के ही आरोप लगा देती है? दिल्ली में विधानसभा चुनाव से कुछेक महीने पहले आम आदमी पार्टी के कई नेता व मंत्री किसी न किसी आरोप में जेल भेजे गए और बाद में सीएम रहे अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद किए गए। सीबीआई अगर तथ्य के साथ आरोप लगा रही थी, नेता जेल भेजे जा रहे थे, तो बाद में सबको जमानत कैसे मिलती गई और अब उसे सत्येन्द्र जैन के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट क्यों दाखिल करनी पड़ी है? क्या सीबीआई के पास जवाब है कि उसकी गैरजिम्मेदाराना हरकत की वजह से देश में कई नेताओं की सार्वजनिक छवि खराब हुई है? क्या सीबाआई इसकी भरपाई कर सकती है? सुप्रीम कोर्ट ने करीब बारह वर्ष पहले 9 मई, 2013 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की खामियों से भरी कार्यप्रणाली के चलते उसे पिंजरे में बंद तोता कहा था। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा था, 'सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है। इस तोते को आजाद करना जरूरी है। सीबीआई एक स्वायत्त संसथा है और उसे अपनी स्वायत्ता बरकरार रखनी चाहिए।' पिछले वर्ष 2024 में आम आदमी के पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट की ऐसी ही सख्त टिप्पणी थी कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि से बाहर आना होगा और दिखाना होगा कि अब वह पिंजरे में बंद तोता नहीं रहा। शायद सीबीआई ने कभी अपने अधिकार व स्वायत्ता को लेकर निष्पक्षता से मंथन ही नहीं किया है। केंद्र में जिनकी भी सरकार रही है, इस दौरान सीबीआई का दुरूपयोग होती रही है। वर्ष 2024 में, सीबीआई ने सबूतों की कमी के कारण 174 मामलों में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जो किसी भी वर्ष में एजेंसी द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इससे पहले, 2023 में 62 और 2022 में 32 मामले सबूत न होने से बंद हुए थे। वर्ष 2024 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल, पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयंत नटराजन, प्रणय और राधिका रॉय, आईपीएल में सट्टेबाजी आदि केसों में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी जमीन घोटाले में जमानत पर बाहर निकल गए। आंकड़ों के हिसाब से सीबीआई की सफलता दर काफी अच्छी है, लेकिन राजनीतिक मामलों में सीबीआई अक्सर सबूत जुटाने में असफल साबित हुई है। 2024 में सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड 1,467 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 1,293 चार्जशीट हुई थी। सीबीआई देश की भरोसेमंद जांच एजेंसी है, इस पर बार-बार सवाल उठना चिंता की बात है। सीबीआई के कामकाज पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगना चाहिए। इस जांच एजेंसी पर जनता का विश्वास नहीं डगमगाना चाहिए, इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह सीबीआई की स्वायत्ता की रक्षा करे। पूर्व में ईडी पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे। जांच एजेंसियों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाना चाहिए। देश में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि पुख्ता सबूत पेश किए जाने के बाद ही किसी की गिरफ्तारी हो।



विश्लेषण
डॉ अश्वनी महाजन

# ब्रिक्स से ट्रंप इसलिए हैं परेशान

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ सहयोग हो।

गत माह में ही 6-7 जुलाई को ब्राज़ील में ब्रिक्स का 17वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस शिखर सम्मेलन का महत्व यह है कि इसमें सभी 10 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें चार सदस्य, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहली बार सदस्य देश के रूप में भाग लिया था; और इंडोनेशिया, जो 2025 के शुरू में पहली बार सदस्य देश के रूप में शामिल हुआ और ब्रिक्स का सदस्य बनने वाला पहला दक्षिण पूर्व एशियाई देश बन गया। अब ब्रिक्स, अपने विस्तारित रूप में, ब्रिक्स प्लस के रूप में जाना जाता है, यह शब्द पहली बार 2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस्तेमाल किया गया। सवाल है कि क्या ब्रिक्स पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती दे रहा है? आखिर ब्रिक्स से ट्रंप परेशान क्यों हैं?

ब्रिक्स आज दुनिया के ज्ञात विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रभाव को चुनौती दे रहा है। अगर हम इस समूह के पहले पाँच देशों, ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पर नज़र डालें, तो 2010 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इनका योगदान 18% था। 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इन देशों की हिस्सेदारी बढ़कर 26.5 प्रतिशत हो जाएगी। अब उन्होंने पश्चिम के आधिपत्य को चुनौती देना शुरू कर दिया है। डी-डॉलराइज़ेशन, यानी व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करके, पश्चिमी ब्लॉक के आधिपत्य को तोड़ने की आवाज़ें मुखर हो रही हैं। इसने वास्तव में अमेरिका के वित्तीय और भू-राजनीतिक आधिपत्य को ख़तरा पैदा करना शुरू कर दिया है। यह भारत, चीन और रूस को विश्व मंच पर एक मज़बूत आवाज़ देता है। यह डॉलर और पश्चिमी संस्थानों से दूर वैश्विक आर्थिक पुनर्संरेखण को बढ़ावा देता है। यह एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रतीक है, जिसका ट्रम्प समर्थन नहीं करते। हाल ही में ब्रिक्स के विस्तार के साथ, जिसमें 5 नए सदस्य शामिल हुए हैं, पश्चिमी ब्लॉक, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की चिंताएं बढ़ गई हैं।

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। इसके प्रमुख कारण इस प्रकार हैं: डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। ब्रिक्स देश व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप हमेशा अमेरिका फर्स्ट पर ज़ोर देते रहे हैं, और देशों के डॉलर से दूर जाने का विचार निश्चित रूप से अमेरिकी आर्थिक प्रभाव और प्रतिबंधों की शक्ति को कमज़ोर करने वाला है।

दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स खुद को जी7, आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी पश्चिमी संस्थाओं के प्रतिकार के रूप में स्थापित कर रहा है। ब्रिक्स जैसे नए और शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन निश्चित रूप से अमेरिकी वर्चस्व के लिए एक चुनौती पेश करते हैं।

तीसरा, ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। वह ब्रिक्स को बहुध्रुवीयता



की आड़ में चीन के वैश्विक विस्तार के एक माध्यम के रूप में भी देखते हैं। चौथा, सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। गैर-डॉलर मुद्राओं (जैसे, युआन या ब्रिक्स मुद्रा) में तेल व्यापार की संभावना है, जो पेट्रोडॉलर प्रणाली को कमजोर करेगा। पाँचवाँ, ट्रम्प ब्रिक्स के विस्तार को इस बात का संकेत मानते हैं कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) पश्चिमी प्रभाव से दूर जा रहा है और अपना स्वतंत्र समूह बना रहा है। छठा, अमेरिका को छोड़कर किसी भी गैर-पश्चिमी समूह के उदय को व्यक्तिगत और राष्ट्रीय अपमान के रूप में देखा जाता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, जो अमेरिका की भागीदारी के बिना विश्व व्यवस्था के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, उन्हें 'अमेरिकी प्रतिष्ठा' के लिए खतरा माना जाता है—जिसे ट्रंप बहुत महत्व देते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिक्स के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी नाखुशी जताई है और ब्रिक्स देशों पर ज़्यादा टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। उन्होंने ब्राज़ील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पहले ही कर दी है।

हालाँकि, भारत ब्रिक्स का सदस्य है, लेकिन उसका रुख ज़्यादा सूक्ष्म, संतुलित और व्यावहारिक है। जिससे वह अन्य ब्रिक्स देशों से अलग दिखाई देता है। भारत का रुख स्पष्ट रुप से उसके राष्ट्रीय हितों, रणनीतिक स्वायत्तता और बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं से प्रभावित है। हालाँकि, भारत रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और अन्य आर्थिक समझौतों को बढ़ावा देकर और इस तरह डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। भारत डॉलर विरोधी नहीं है, लेकिन वैश्विक वित्तीय प्रणाली में विविधता लाने, एकल मुद्रा पर निर्भरता कम करने और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास के तहत, वह डॉलर पर निर्भरता कम करने का समर्थन करता है। यह रुपये के मूल्य को स्थिर करने और अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को अधिक संतुलित बनाने के भारत के प्रयासों से भी प्रेरित है। भारत ने डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने के लिए रूस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों के साथ भारतीय रुपये में द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है। अब तक 20 से ज़्यादा देशों ने घरेलू मुद्राओं में व्यापार निपटान को सुगम बनाने के लिए वोस्ट्रो खाते खोले हैं। भारत ब्रिक्स देशों के भीतर वैकल्पिक भुगतान तंत्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है, जैसे स्थानीय मुद्राओं का उपयोग या ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा, लेकिन उनकी व्यावहारिकता को लेकर सजग है।

भारत वैश्विक व्यापार और वित्त में डॉलर के प्रभुत्व को समझता है और उसने इसके पूर्ण प्रतिस्थापन (या दूसरे शब्दों में, डॉलर-विमुद्रीकरण) का आह्वान नहीं किया है। इसके बजाय, वह कई आरक्षित मुद्राओं (जैसे यूरो, युआन और संभवतः रुपया) के सह-अस्तित्व का पक्षधर है। ब्रिक्स का सदस्य होने के बावजूद, भारत इस समूह को अमेरिका-विरोधी समूह के रूप में नहीं देखता। वह ब्रिक्स समूह को वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एक मंच के रूप में देखता है, न कि टकराव के लिए। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ वैश्विक दक्षिण की आवाज़ों का बेहतर प्रतिनिधित्व हो। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार लाने की मांग करता रहा है, जिनके बारे में मानना है कि ये पश्चिमी प्रभुत्व वाली हैं और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करतीं। इसी संदर्भ में, भारत की जी-20 अध्यक्षता में, वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधारों पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था। भारत ब्रिक्स का उपयोग सतत विकास के लिए करता है।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, डीयू हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

चर्चा में
विनोद पाठक



# ...जब हुई समोसे के आकार पर राष्ट्रीय बहस की मांग


वर्ष 1997 में फिल्म आई थी 'मिस्टर एंड मिसेस खिलाड़ी'। फिल्म में एक गाना है, 'जब तक रहेगा समोसे में आलू...'। फिल्म और गाना, दोनों हिट हुए थे, पर हम आज फिल्म नहीं समोसे की चर्चा कर रहे हैं। समोसे के आकार और कीमत को लेकर गोरखपुर से भाजपा सांसद एवं अभिनेता रवि किशन ने नई बहस छेड़ दी है। सांसद महोदय ने संसद में एक चर्चा के दौरान कहा कि समोसे का आकार और कीमत फिक्स होनी चाहिए। हालांकि, हम आज चर्चा सांसद रवि किशन की मांग की नहीं, समोसे और भारत में इसकी लोकप्रियता की कथा की कर रहे हैं। समोसे की भारतीय कहानी बड़ी दिलचस्प है। इतिहासकारों के अनुसार समोसे की उत्पत्ति मध्य एशिया और मध्य पूर्व में हुई। वहां इसे संभूसक, संबूसा या संभूसा नाम से जाना जाता था। 10वीं से 13वीं शताब्दी के बीच फारसी और अरबी ग्रंथों में समोसे का उल्लेख मिलता है। उस समय यह एक छोटा तिकोना आकार का मीट या सूखे मेवों से भरा पेस्ट्री स्नैक होता था, जिसे घी में तला जाता था। भारत में यह 13वीं या 14वीं शताब्दी में मुस्लिम व्यापारी, सूफी संत और फारसी भाषी शासकों द्वारा लाया गया। प्रसिद्ध विद्वान अमीर खुसरो और इतिहासकार इब्न बतूता ने अपनी किताबों में समोसे का उल्लेख किया है।

समोसा दरबार से निकलकर कब आम आदमी का नाश्ता बन गया, यह किसी को पता नहीं चला। इसका कवर मुख्य रूप से मैदा का होता है। अलग-अलग स्थानों पर इसमें अलग-अलग सामग्री भरकर तेल या घी में तला जाता है। जहां उत्तर भारत में इसे समोसा, वहीं बिहार में झारखंड में इसे सिंघाड़ा कहते हैं। पश्चिम बंगाल में यह शिंगाड़ा हो जाता है। गुजरात में इसे पटोड़ी समोसा कहते हैं। इंदौर में त्रिकोण आकार की पेटीज को भी बिना तला समोसा कह देते हैं। बिहार के कुछ जिलों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में समोसे पर सरसों का तेल डालकर खाने का चलन है। पश्चिम बंगाल में समोसे में फूलगोभी व मूंगफली भरी जाती है और नींबू निचोड़कर इसे खाया जाता है। दक्षिण भारत में समोसे का आकार थोड़ा छोटा होता है। इसमें नारियल और सब्जियां या हल्के मसाले भरे होते हैं, जबकि उत्तरी कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में तीखे मसालेदार समोसे का चलन है। गुजरात और महाराष्ट्र में समोसे में मीठा और खट्टा स्वाद मिलाया जाता है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश में मुख्य रूप से आलू भरा त्रिकोणीय समोसा मिलता है। हैदराबाद और उसके आसपास के क्षेत्र में चौकोर या आयताकार समोसा मिलता है, जिसे लुचमी कहते हैं। इसे स्थानीय रूप से लुखमी भी कहा जाता है, जिसमें आमतौर पर मटन या कीमा भरा होता है। पश्चिम बंगाल और बिहार में समोसा अर्धचंद्राकार भी बनता है। यह पूरी तरह से सील किया होता है। दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में समोसा गोल आकार का बनाया जाता है। इसकी बनावट उत्तर भारतीय कचौड़ी जैसी होती है। कुछ स्थानों पर पतले त्रिकोण आकार के समोसे भी बनते हैं। इन्हें मिनी या पंजाबी कॉकटेल समोसा कहते हैं। रतलाम में समोसे पर सेव नमकीन डालकर खाने का चलन है। प्रयागराज के छोटे आकार के हींग के समोसे प्रसिद्ध हैं। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के इगलास का समोसा बड़े आकार का होता है, यह सामान्य रूप से मिलने वाले समोसे से डेढ़ गुना अधिक बड़ा होता है। हरिद्वार में कुछ दुकानों पर 8 इंच, 15 इंच और 20 इंच तक बड़े समोसे बनाए जाते हैं। इन्हें भारत का सबसे बड़ा समोसा कहा जाता है। इन समोसों में पनीर, आलू मटर और ड्राई फ्रूट्स होते हैं। कई जगह दही या छोले डालकर समोसा खाया जाता है।

आज समोसा वैश्विक हो गया है। इंग्लैंड में भारतीय रेस्टोरेंट्स में आमतौर पर वेजिटेबल समोसा मिलता है। अफ्रीकी देशों में समोसे को समोसा ही कहा जाता है, लेकिन इसमें मीट प्रमुख रूप से भरा होता है। मध्य एशियाई देशों में समोसा ओवन में बेक किया जाता है। कैरेबियाई देशों, जहां भारतवंशी समुदाय बड़ी संख्या में रहता है, में अपने स्वादानुसार समोसे को ढाल लिया गया है। वैसे, समोसा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज कर चुका है। लंदन में एक चैरिटी संस्थान ने वर्ष 2017 में 153.1 किलोग्राम का समोसा बनाया था। दुनिया की जुबान पर जहां समोसे का स्वाद चढ़ चुका है, वहीं यह एक बड़े कारोबार का स्वरूप भी ले चुका है। भारत में वर्ष 2025 में स्नैक फूड मार्केट करीब 1.45 लाख करोड़ रुपए का रहने वाला है, इसमें समोसा प्रमुख रूप से शामिल है। ऐसा माना जाता है कि भारत में रोजाना 6 करोड़ समोसे-कचौड़ी बिकते हैं। इसकी सालाना बिक्री 22,000 करोड़ से 33,000 करोड़ रुपए के बीच बताई जाती है। आज समोसे को लेकर कई नए ब्रांड उभरे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।


# छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास व क्षमता बढ़ाते हैं



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## सटाका




## आज की पाती

### अमेरिका से सावधान रहे भारत

अमरीका विशुद्ध रूप से सदैव अपने व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देता रहा है और उसे किसी की मैत्री या उन्नति से सरोकार नहीं, दुनिया के किसी देश से उसकी स्थायी दोस्ती नहीं। उसने 1965, 1971 और 2025 में भी भारत को ठुकरा कर पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से दोस्ती की और भारत को रूस से अलग करने की चाल चली है। वह नहीं चाहता रूस-भारत मैत्री पक्की रहे। भारत को पश्चिम की चालों से बचकर अपने पड़ोसी चीन से रिश्ते सुधारने चाहिए। पश्चिम ने पहले भी घाव ही दिए और आगे भी शोषण ही करेगा। भारत में अटल जी के शासन काल में अमरीका के प्रतिबंध बेअसर रहे और अब भी 25 फीसदी टैरिफ निष्प्रभावी होगा। हमें लुक ईस्ट की नीति पर चलकर जांचे-परखे मित्र रूस से संबंध और प्रगाढ़ करने होंगे। अमरीका की चालों से बचना है।

*- वैभव देशमुख, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भावभीनी श्रद्धांजलि



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि। दु:ख की इस घड़ी में उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा, जिसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार प्रदर्शन



भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ में हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन। टीम इंडिया ने इस कड़े मुकाबले में असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया, जिससे आज की जीत उनकी हक़दार रही। इस अविश्वसनीय टेस्ट सीरीज़ में जीत के लिए टीम को बधाई।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### सारे केस झूठे



आप नेताओं के ख़िलाफ़लगाये गए सारे केस झूठे हैं। समय के साथ सभी केसों में सच्चाई सामने आ जाएगी। जिन लोगों ने ये झूठे केस लगाए और जिन नेताओं के कहने पर ये झूठे केस लगाए, क्या उन सबको जेल नहीं भेजना चाहिए?

**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली**

### गर्व की बात




यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैंने अपनी चौथी पुस्तक "डिफरेंट बट नो लेस" हमारे भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भेंट की।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# हिरोशिमा में आज भी मृतकों के अवशेष की तलाश जारी

जब 80 वर्ष पूर्व छह अगस्त को पहला परमाणु बम विस्फोट हुआ था, तो हजारों मृतकों को आत्मघाती हमले के लिए प्रशिक्षित सैन्य नौकाओं द्वारा हिरोशिमा के दक्षिण में स्थित छोटे से ग्रामीण द्वीप निनोशिमा लाया गया था। आठ दशक पहले (80 वर्ष पूर्व) छह अगस्त 1945 को हुए परमाणु हमले के बाद अब भी हिरोशिमा के नजदीकी द्वीप पर मृतकों के अवशेष की तलाश जारी है। कई पीड़ितों के कपड़े जल गए थे और उनके चेहरे और अंगों से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। वे दर्द से कराह रहे थे। ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, खराब चिकित्सा और देखभाल के कारण 25 अगस्त को जब फील्ड अस्पताल बंद हुआ तब केवल कुछ सौ लोग ही जीवित बचे थे। मृतकों को अव्यवस्थित और जल्दबाजी में चलाए गए अभियानों के बीच विभिन्न स्थानों पर दफनाया गया। दशकों बाद इस क्षेत्र के लोग लापता लोगों के अवशेषों की तलाश कर रहे हैं ताकि पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सके। इसका मकसद उन बचे लोगों को राहत पहुंचाना भी है जो अब भी अपने लापता प्रियजनों को याद में दुखी हैं। हिरोशिमा विश्वविद्यालय के शोधकर्ता रेबुन कायो मृतकों के अवशेषों की खोज के लिए नियमित रूप से निनोशिमा जाते हैं।



## ऑफ बीट

# आपके फोन में भी हैं कीटाणु सावधानी से करे सफाई

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं। लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं - आपका मोबाइल फोन। विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं। -फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



## ज्योतिर्लिंग नगरी ओंकारेश्वर में मनाया गुलाब उत्सव

# 151 ढोलों की गूंज और गुलाब की वर्षा में धूमधाम से निकली बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर की पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओंकारेश्वर

श्रावण माह के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य गुलाब उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकली बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर की पालकी यात्रा में आस्था,भक्ति और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। भगवान भोलेनाथ की पालकी की शुरुआत वैदिक ब्राम्हणों के द्वारा गगनभेदी मंत्रोच्चार के साथ हुई, जहाँ 151 ढोलों की गूंज ने वातावरण को शिवमय कर दिया। आगे-आगे 21 घोड़े और ऊंट सजे-धजे चल रहे थे, जिनके पीछे विभिन्न झाँकियों और कलाकारों की टोली श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही थी। इससे पहले संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सुसज्जित किया गया। वहीं 12 हाथ ठेलों पर सजी द्वादश ज्योतिर्लिंगों की दिव्य झांकी अद्वितीय सौंदर्य और सजीव प्रस्तुति दे रही थी। वहीं, विशाल नंदी झांकी और चांदी के नंदीगण, श्रद्धा का केंद्र बने। - कमल के फूलों के बीच मगर पर सवार मां नर्मदा की मनमोहक झांकी ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही अघोरी वेशभूषा में कलाकारों का दमदार तांडव नृत्य, शिव के रौद्र रूप की जीवंत प्रस्तुति देखने को मिली। इनके अलावा कालबेलिया, आदिवासी नृत्य, हरियाणा, राजस्थान और हैदराबाद के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक विविधता में एकता का परिचय दिया। चलित गूगल धुना और बाबा भोलेनाथ की शिव बारात ने भक्ति का वातावरण और भी अलौकिक बना दिया।

### मंडलियां गाती जा रही थीं शिव भजन

यात्रा के साथ चल रही शिव भजन मंडलियों ने ॐ नमः शिवाय, भोले गिरजापति हुं तुम्हारी शरण, जैसे भजनों से पूरे नगर को शिवमय बना दिया। तीन प्रसिद्ध बैंड पार्टियों ने पारंपरिक धुनों से भक्ति भाव को और भी प्रगाढ़ किया। वल्लीजी नृत्य कलाकारों ने अपनी विशेष प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।





### गुलाब पुष्पवर्षा और आतिशबाज़ी

संपूर्ण पालकी यात्रा मार्ग में 11 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की गई, जिससे वातावरण सुगंधित और रंगीन हो उठा। सैकड़ों भगवा ध्वज व पताकाएं चारों ओर लहरा रही थीं, जो भक्ति व गौरव का प्रतीक बनीं। पालकी यात्रा के अंत में पायरो टेक्निक भव्य आतिशबाजी ने आसमान को भी भोलेनाथ के रंगों में रंग दिया। पालकी यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बाबा ओंकारेश्वर की झलक पाने को श्रद्धालु रास्ते भर कतारों में खड़े दिखे। आयोजन में मंदिर ट्रस्ट के सवारी प्रभारी आशीष दीक्षित और प्रशासन की भूमिका भी सराहनीय रही।

---

## खबर संक्षेप

### डॉ. मिश्रा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष, दीपशिखा बनी उपाध्यक्ष





**भोपाल।** मध्य प्रदेश आयुर्वेद अधिकारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी कि बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव एवं संघ की प्रमुख मांगों पर चर्चा था। बैठक में डॉ अंचलेश मिश्रा को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। वहीं डॉ प्रदीप दुबे को संघ के संरक्षक, डॉ अनवर अली को संघ के मार्गदर्शक, डॉ दीपशिखा सिंह को संघ का प्रांतीय उपाध्यक्ष और डॉ वीर बहादुर सोलंकी को संघ का प्रांतीय महामंत्री बनाया गया है। डॉ लक्ष्मण सिंह पाल को कार्यकारणी सदस्य में सम्मिलित किया गया है। बैठक में संघ कि प्रमुख मांगों जैसे समयमान, पीजी के लिए अग्रिम वेतन वृद्धि, चर्तुरस्तरीय वेतनमान तथा सेवा निवृत्त आयु 65 वर्ष पर चर्चा उनके निराकरण की रणनीति बनाई गई।

### चरस-गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी को 15 वर्ष सश्रम कारावास

**भोपाल।** अवैध रूप से चरस और गांजा की तस्करी करते हुए पकड़े गए आरोपी मंसूर खान पुत्र अब्दुल जलील निवासी लेबर कालोनी इंद्रपुरी भोपाल को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने दोषी ठहराते हुए 15 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नीरेंद्र शर्मा और विक्रम सिंह ने पैरवी की। विवेचना में घटनास्थल का नक्शा, पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए।

### राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में अन्वेषा ठाकुर प्रथम

**भोपाल।** राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में इंदौर में आईसीएसई बोर्ड के मप्र व छग से आए प्रतिभागियों के मध्य सब जूनियर लेवल में अन्वेषा ठाकुर ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अन्वेषा माउण्ट कार्मेल स्कूल भोपाल में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत हैं। अन्वेषा ने एसो. ऑफ स्कूल फॉर द इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट द्वारा 2 अगस्त 2025 को एमएसबी एजूकेशनल इंस्टीटयूट में यह उपलब्धि हासिल की है। विगत वर्ष भी अन्वेषा ने मुम्बई में नेशनल लेवल प्रतियोगिता में म.प्र. का प्रतिनिधित्व किया था।

### सोरेन के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि झारखंड में जनजातीय वर्ग के अधिकारों की लड़ाई के लिए शिबू सोरेन सदैव याद किए जाएंगे। उनका अवसान राजनीतिक जगत और जनजातीय वर्ग के लिए बड़ी क्षति है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

---

## दो सीजन गुजरे पर नहीं कराई एंट्री, तीसरे सीजन में रुपए वापस मांगे तो कर दिया इंकार

# बिग बॉस में एंट्री दिलाने का झांसा देकर डॉक्टर के साथ 10 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र फ्रेंड्स सोसाइटी में रहने वाले डॉक्टर से दस लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी का आरोप मुंबई की एक इवेंट कंपनी के डायरेक्टर पर है। आरोप है कि डायरेक्टर ने उन्हें टीवी सीरियल बिग बॉस में इंटर कराने के नाम पर दस लाख रुपए लिए हैं। दो साल दो सीजन बीत गए और उनका नाम बिग बॉस में नहीं आया।

तीसरे सीजन में भी जब नाम नहीं आया तो उन्होंने अपने दस लाख रुपए वापस मांगे तो डायरेक्टर रुपए लौटाने से इंकार करने लगा। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद आरोपी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जल्द ही आरोपी की तलाशी के लिए एक टीम मुंबई भेजी जाएगी। पुलिस के अनुसार फ्रेंड्स सोसाइटी चूनाभट्टी निवासी डॉ. अभिनीत गुप्ता (36) त्वचा रोग विशेषज्ञ हैं। उनकी कोलार रोड पर पॉइजन एंट्री एजिंग स्किन नाम से



क्लिनिक है। उन्होंने पुलिस को बताया कि अंधेरी वेस्ट मुंबई निवासी करण सिंह उर्फ प्रिंस, इवेंट कंपनी का डॉयरेक्टर है। उसने अक्टूबर 2022 में उन्हें टीवी सीरियल बिग बॉस सीजन में एंट्री कराने की बात कही और 60 लाख रुपए का खर्च बताया। उसने कहा कि उनकी एंट्री बैकडोर पर वह सीरियल में करा देगा। इस पर करण सिंह ने डॉक्टर अभिनीत गुप्ता से दस लाख रुपए लिए एडवांस ले लिए। रुपए लेने के बाद उसने कहा था कि 2022 में आने वाले सीजन में वे बिग बॉस में प्रतिभागी होंगे।

### करोड़ों का प्लॉट महज चालीस लाख और दस लाख में दो लोगों को बेचा

*भोपाल। हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित मणिपुरम इलाके में करोड़ों का प्लॉट महज चालीस लाख और एक करोड़ चालीस लाख में दो लोगों को बेचकर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने उक्त मामले में प्लॉट बेचने वाली हैदराबाद की महिला जालसाज पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। आरोपी महिला ने जिसे पहले प्लॉट बेचा था उसे न तो सोसायटी की एनओसी दी और न ही प्लाट की रजिस्ट्री कराई थी और उसे दूसरे को बेचकर रजिस्ट्री करा दी। पीड़ित पक्ष ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। 12 साल तक चली जांच के बाद कोर्ट ने महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से तिलक नगर इंदौर निवासी राजेन्द्र तारे (70) ने साल 2011 में मणिपुरम हबीबगंज इलाके में एक प्लाट मीनाक्षी कटारिया से 40 लाख रुपए में खरीदा था। मीनाक्षी ने राजेन्द्र तारे को सोसायटी की एनओसी नहीं दी और प्लाट की रजिस्ट्री भी नहीं कराई।*

---

## विधायक सबनानी ने की कलेक्टर से बात, उसके बाद रुकी कार्रवाई

# बैरंग लौटा शहर के पॉश इलाके चार इमली में गोशाला हटाने गया अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के पॉश इलाके चार इमली में संचालित हो रही गोशाला को तोड़ने के लिए सोमवार को नगर निगम का अमला पहुंचा, लेकिन विरोध के चलते अमले को वापस लौटना पड़ा। बताया जा रहा है कि गोशाला संचालन की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर ही नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही थी। इसकी भनक गोशाला संचालक, बजरंग दल कार्यकर्ताओं को लग गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। नारेबाजी कर गोशाला हटाने का विरोध करते रहे। विवाद बढ़ता देख प्रशासन ने कार्रवाई रोक दी।





चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि चार इमली नंदन गार्डन के पास शिव मंदिर प्रांगण में 40 गोवंश का पालन किया जा रहा है। दस वर्ष से अधिक समय से गोशाला संचालित हो रही है। ऋषि तिवारी गोशाला का संचालन कर रहे हैं। विरोध के बाद विधायक भगवानदास सबनानी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से फोन पर बात की और गोशाला के बारे में बताया। इसके बाद गोशाला तोड़ने की कार्रवाई प्रशासन ने रोक दी है ।

---

## अन्ना नगर की घटना, हादसे में दोनों पक्षों के लोग झुलसे

# गुमटी के बाहर टीन शेड लगाने पर विवाद, गर्म तेल फेंका

**भोपाल।** गोविंदपुरा के अन्ना नगर में दुकान के बाहर टीन शेड लगाने की बात को लेकर दो परिवारों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और एक पक्ष ने खौलता हुए गर्म तेल कढ़ाई युवक की तरफ फेंक दी। बीच-बचाव करने आई उसकी भाभी गर्म तेल की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गई। करीब 70 फीसदी झुलसी हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि तेल फेंकने वाला आरोपी भी 30 फीसदी झुलसा है। दोनों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज कर एक नाबालिग को हिरासत में लेकर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा है जबकि घटना के बाद से मुख्य आरोपी फरार है। पुलिस ने बताया कि बताया कि अन्ना नगर निवासी मुकेश प्रजापति अंडे का ठेला लगाने के साथ पंक्चर की दुकान भी चलाते हैं। उनके रिश्तेदार कमलेश प्रजापति बगल में नाश्ते और किराने की दुकान संचालित करते हैं।

### कांग्रेस नेता शुक्ला पुलिस आयुक्त से मिले



**भोपाल।** नरेला विधानसभा क्षेत्र के अन्ना नगर में रहने वाले एक परिवार से अवैध वसूली का विरोध करने पर परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला किया गया। परिवार की महिला पर आरोपियों ने खौलता तेल डालकर उसे अधमरा कर दिया। परिजन जैसे तैसे पीड़िता को सरकारी अस्पताल इलाज करवाने के लिए ले गए मामले की सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने परिजनों से भेंट की। शुक्ला ने इस मामले में पुलिस आयुक्त से मिलकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शुक्ला ने कहा कि गुंडों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वह बिना किसी ख़ौफ़ के कोई भी जुर्म को अंजाम दे रहे हैं। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, योगेश प्रजापति, एस शिवा, मनोज प्रजापति और रहवासी मौजूद थे ।

---

## युवती ने दुखी होकर खाया जहर, मौत

# एक्स बॉयफ्रेंड का कारनामा, पिता को भेजी बॉय फ्रेंड की चेटिंग

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित गैलेक्सी सिटी में रविवार दोपहर एक युवती ने जहर खा लिया। परिजन उसे बागसेवनिया स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से एम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार दीपा लोधी पिता जसवंत लोधी (19) ग्लैक्सी सिटी, अवधपुरी में रहती थी। वह पढ़ाई के साथ प्राइवेट जॉब करती थी। रविवार दोपहर उसने जहर खा लिया। परिजन उसे बागसेवनिया स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के बयान दर्ज किए तो उसने बताया कि उसके एक्स बॉयफ्रेंड ने पिता को मोबाइल पर बॉयफ्रेंड की चेटिंग भेज दी थी। पिता ने गुस्से में उसका मोबाइल ले लिया। पिता नाराज थे और उससे बातचीत नहीं कर रहे थे। इसी से दुखी होकर उसने जहर खाया है। दोपहर से रात तक निजी अस्पताल में इलाज चलता रहा। रात में दीपा की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे दीपा की मौत हो गई।

---

## अपर एवं संयुक्त कलेक्टर्स के तबादले

# प्रकाश चंद्र अपर कलेक्टर भोपाल रितु महाप्रबंधक वेयरहाउसिंग कारपोरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संयुक्त कलेक्टर रायसेन प्रकाश चंद्र शाक्य को अपर कलेक्टर भोपाल बनाया गया है, जबकि मंडी में उपसंचालक रितु चौहान को महाप्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम बनाया गया है। इसी तरह अपर कलेक्टर भूपेंद्र गोयल को भोपाल से संयुक्त संचालक पिछड़ा वर्ग नियुक्त किया गया है। इसके साथ अपर कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर स्तर के 70 अफसरों को इधर से उधर किया गया है। इसके साथ ही 120 डिप्टी कलेक्टरों के ट्रांसफर आदेश भी राज्य शासन ने जारी किए हैं। सोमवार को जारी आदेश में सविता झानिया सीईओ जिला पंचायत हरदा को संयुक्त संचालक मंडी, माया अवस्थी संयुक्त नियंत्रक खाद्य एवं औषधि को मुख्य महाप्रबंधक ग्रामीण विकास प्राधिकरण, राजकुमार खत्री आयुक्त नगर निगम सागर को उप सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृष्ण कुमार रावत अपर संचालक स्वास्थ्य को मुख्य महाप्रबंधक मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, श्वेता पवार अपर कलेक्टर रायसेन को क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, टीना यादव अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल को संयुक्त नियंत्रक खाद्य एवं औषधि विभाग, मुकेश कुमार शर्मा अपर कलेक्टर अशोक नगर को अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल सहित अन्य अफसरों को इधर से उधर किया गया है।

---

# किसान कांग्रेस की चेतावनी : मूंग और उड़द का एक-एक दाना खरीदे सरकार

## नहीं तो किया जाएगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान का आरोप कि 29 जून को अचानक सरकार ने घोषणा कर बताया कि अब मूंग पंजीयन नहीं होगा। इससे किसान पूरी तरह हताश हो गए। काला बाजारी करने वाले और भारतीय जनता पार्टी के समर्थक एजेंटों के लिए मूंग पंजीकरण एक दिन के लिए खोला गया था ताकि सस्ते दाम में किसान का शोषण कर मूंग की कालाबाजारी हो सके। पीसीसी में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से चौहान ने कहा कि



हम मांग करते हैं कि सरकार तत्काल स्लॉट बुकिंग फिर से शुरू करे और मूंग व उड़द की खरीदी 31 अगस्त तक विधिवत जारी रखे, ताकि किसानों को लाभ और न्याय मिले तथा काला बाजारीयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं खाद संकट को दूर करने के लिए तत्काल 3 दिवस में हर काम किया जाए।

---

## कोलकाता पुलिस की कोतमा में छापामार कार्रवाई

# गोयनका ब्रदर्स व सहयोगियों पर शिकंजा पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

- फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा करने का आरोप

कोलकाता में दर्ज एक प्राथमिकी के तहत कोलकाता पुलिस की टीम सोमवार को कोतमा पहुंची। यह मामला महेंद्र गोयनका, उनके भाई मनीष गोयनका, सुनील कुमार अग्रवाल और अन्य सहयोगियों के खिलाफ है। आरोप है कि इन सभी ने फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर एक कंपनी पर अवैध कब्ज़ा करने की साजिश रची। प्रकरण भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 120बी के तहत दर्ज किया गया है। जांच और साक्ष्य की जब्ती के लिए कोलकाता पुलिस ने कोतमा स्थित हीरो शोरूम और अन्य संबंधित स्थानों पर छापेमारी की। हालांकि, सभी मुख्य आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए। कोलकाता से आई पुलिस टीम ने कहा कि कोतमा पुलिस के सहयोग न करने से आरोपी नहीं पकड़े जा सके। मामले की गहन जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

## स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान की बैठक



**भोपाल।** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान की दो दिवसीय क्षेत्रीय बैठक 2 एवं3 अगस्त को विज्ञान सदन में आयोजित की गई, जिसमें अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही क्षेत्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे|

---

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिले 77वें आरआर बैच के प्रशिक्षु आईपीएस

# जनता के बीच आपकी उपस्थिति भय नहीं, विश्वास का प्रतीक बने

हरिभूमि न्यूज, भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि पुलिस के लिए जितना जरूरी कानून व्यवस्था बनाए रखना है, उतना ही जरूरी जनहितैषी छवि को पुख्ता बनाना भी है। इसलिए जरूरी है कि जनता के बीच आपकी उपस्थिति विश्वास का प्रतीक बने। राज्यपाल पटेल सोमवार को भारतीय पुलिस सेवा के 77वें परिवीक्षाधीन प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी और डीजीपी के प्रिन्सिपल स्टाफ ऑफिसर विनीत कपूर भी मौजूद रहे। भारत भ्रमण के तहत इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मित्र राष्ट्र भूटान, नेपाल और मालदीव के अधिकारी भी शामिल हुए।



### पुलिस सेवा एक बड़ी जिम्मेदारी

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि पुलिस सेवा एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसमें अनुशासन, ईमानदारी, निष्पक्षता, संवेदनशीलता और जनसेवा समाहित है। पुलिस को आम जनता कानून व्यवस्था के रक्षक और न्याय दिलाने वाले के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि आई.पी.एस. अधिकारी के रूप में मिलने वाली शक्तियां और विशेषाधिकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सेवा के साधन हैं। इसलिए अपने सेवा काल में हमेशा जनसेवा को ही केंद्र में रखें।*

## कुलगुरु प्रो. जैन ने राजभवन पहुंचकर दी जानकारी

### राज्यपाल ने बीयू को दी बधाईः शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए बेहतर प्रयासों से विश्वविद्यालय को मिली नैक की ए ग्रेडिंग

*भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (नैक) की ए ग्रेडिंग मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने विवि के प्रबंधन, संकाय और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यह प्रदेश में शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए बेहतर प्रयासों का सुफल है। राज्यपाल पटेल को यह जानकारी बीयू के कुलगुरु प्रोफ सुरेश कुमार जैन ने राजभवन पहुंच कर दी। राज्यपाल ने कहा है कि विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए ग्रेडिंग मिलना शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, कार्य कुशल प्रबंधन और नवाचारों की उत्कृष्टता का प्रमाण है। इससे विवि की पहचान मजबूत होगी। विवि में अंतर्राष्ट्रीय शोध और उच्च अध्ययन के नए अवसर सृजित होंगे। विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट संभावनाएं भी बढ़ेंगी। साथ ही विश्व के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ समन्वय, सहभागिता और शोध अनुदान आदि की स्थिति बेहतर होगी।*

---

## सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से जुड़े लंबित मामलों में सुनवाई 12 अगस्त तक टली

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण से जुड़े लंबित मामलों में सुनवाई टल गई। मप्र सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह व केएम नटराजन ने कोर्ट से निवेदन किया कि इस मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता जिरह करेंगे, इसलिए मोहलत दे दी जाए। इसके लिए सरकार ने एक आवेदन पेश किया था। शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई 12 अगस्त को निर्धारित की।

सोमवार को मप्र हाईकोर्ट से स्थानांतरित हुए मामलों के साथ सरकार के 87:13 प्रतिशत के फॉर्मूले को चुनौती देने याचिकाओं पर सुनवाई होनी थी। होल्ड अभ्यर्थियों की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका और स्टे वेकेटिंग आवेदन पर याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह व वरुण ठाकुर ने पक्ष रखा।

# राजा होकर भी जो साधारण पुरुष का किरदार निभा सकते हैं, उस राम की आंखों से भी आंसू आ सकते हैं...

## सिंगिंग, डांसिंग, स्टैंडअप कॉमेडी के नाम रहा चौपाल स्टेज- चैप्टर 5 का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा होकर भी जो साधारण पुरुष का किरदार निभा सकते हैं, उस राम की आंखों से भी आंसू आ सकते हैं... रोहित शर्मा की लिखी इस कविता ने सभागार में बैठे हर एक श्रोता को झकझोर कर रख दिया। मौका था लोकप्रिय ऑडियंस-बेस्ड टैलेंट शो चौपाल स्टेज का चैप्टर 5 के आयोजन का जो भोपाल के एक निजी रेस्त्रां में समपन्न हुआ। इसमें देशभर से चुने गए 15 युवा कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति दी। कला, मंच और दर्शकों की तालियों के संग यह शाम युवाओं की प्रतिभाओं से सराबोर रही। जिसमें सिंगिंग, डांसिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, पोएट्री, रैपिंग जैसे आर्टफॉर्म्स देखने को मिले। कार्यक्रम में 200 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन के बाद फाइनल लिस्ट में शामिल हुए कलाकारों ने परफार्म किया।

देशभर से चुने गए 15 युवा कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति दी, जिन्हें खूब सराहा गया



**विजेता का चयन 'चौपाल की चिट्ठी' के जरिए दर्शकों के वोट से हुआ**

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यह एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक कम्युनिटी इवेंट है, जहां विजेता का चयन 'चौपाल की चिट्ठी' के जरिए दर्शकों के वोट से हुआ। इस बार 50 चिट्ठियों के साथ डांसर रविंद्र गोयल को परफॉर्मर ऑफ द डे चुने गए। इवेंट में कॉमेडियन हसीब खान, कंटेंट क्रिएटर युवराज सक्सेना, और निधि कौशिक जैसे पैनल मेंबर्स ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद उठाया और उन्हें सराहा।

### मुस्कानें झूठी हैं... गाकर पूरे माहौल को किया सुकूं भरा

वहीं, शाम को ओर भी सुहाना बनाया यशस्वी राज शिवहरे की आवाज ने, जब उन्होंने मुस्कानें झूठी हैं... गाकर पूरे माहौल को सुकूं भरा बना दिया। वहीं, शिवाजी ने अपनी बांसुरी से राधा-कृष्ण की सुरमई दोस्ती को दर्शाया। चौपाल स्टेज की नींव रखने वाले आयुष खरे और मोहित सक्सेना के साथ प्रवीण विश्वकर्मा, महक पांडे और यश मिश्रा ने मिलकर पूरे आयोजन को बखूबी संभाला, जबकि शो की एंकरिंग हमारी टीम सदस्य अनुजा ने शानदार ढंग से की।



# सावन मेले में फनकारों ने सुरों के जादू में डूबकर किशोर दा को किया याद

*गौहर महल में किशोर कुमार के जन्मदिवस पर हुआ एक शाम किशोर दा के नाम कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन की भीनी खुशबू के बीच जब सुरों की सरिता बहती है, तो माहौल खुद-ब-खुद रूहानी हो उठता है। ऐसा ही कुछ दृश्य सोमवार की शाम गौहर महल में नजर आया, जहां सावन मेले के अंतर्गत स्व. किशोर कुमार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक शाम किशोर दा के नाम कार्यक्रम ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।



### दर्शकों को भीतर तक छू गया

संगीत संध्या की शुरुआत हुई आत्मिक स्पर्श से भरे भजन इतनी शक्ति हमें दे न दाता... से। फिर अशोक हवेलिया ने रिमझिम गिरे सावन... की प्रस्तुति देकर जैसे सावन को ही सुरों में पिरो दिया। राजेश परते ने दोस्ती के भावों से भरा गीत तेरे जैसा यार कहां...गाकर दोस्ती की मिठास घोल दी।

*हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की जन्मस्मृति में रविंद्र भवन में आयोजित संगीत संध्या 'ये शाम मस्तानी'*

# सायली की मिठास और नितिन के अंदाज ने याद दिलाए संगीत के सुनहरे दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार की शाम रविंद्र भवन सभागार में हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार के सदाबहार गीतों से सजी संध्या में मिठास घोली सुप्रसिद्ध कलाकार सायली कांबले और नितिन कुमार की सुरीली आवाज़ ने। 'ये शाम मस्तानी' संगीत संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी उपस्थिति रहे।

### नीले नीले अम्बर में.... से शाम बनी सुरीला

कार्यक्रम का आगाज हुआ सुप्रसिद्ध गायक नितिन कुमार की जादुई आवाज के साथ। उनकी आमद एक हसीना था एक दीवाना था.... गीत के साथ हुई। पूरी ऊर्जा और जोश के साथ नितिन ने श्रोताओं की बेसब्री को खत्म किया। संगीतप्रेमियों से खचाखच भरा सभागार तब सुरमई हो गया जब नितिन ने नीले नीले अम्बर में.... गीत प्रस्तुत किया।





### मैं परेशान मैं परेशान को दिए सयाली ने बोल

नितिन कुमार ने इस सुरीले सफर को आगे बढ़ाते हुए बिना रुके किशोर कुमार के प्रसिद्ध गीत ओ मेरे दिल के चैन, दर्द ए दिल दर्द ए जिगर, मेरे सपनों की रानी जैसे गीतों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। अगले क्रम में सायली ने मैं परेशान मैं परेशान और भीगी भीगी गीत प्रस्तुत किया।

### सायली की मिठास भरी आवाज में बंधे श्रोता

इसके बाद सयाली ने बाहों में चले आओ और कुछ तो लोग कहेंगे....प्रस्तुत किया। सायली की मिठास भरी आवाज ने जल्दी ही श्रोताओं को बांध लिया। अगले क्रम में उन्होंने वो शाम, आपकी आंखों ने, कहीं न जा, आज कल पांव, नन्हा सा गुल और मेरा साया का धमाकेदार मैशअप प्रस्तुत किया।

## जो रूहानी ताकत रियल आवाज में है, वह एआई में कभी भी नहीं हो सकती

हरिभूमि चर्चा

### ये शाम मस्तानी कार्यक्रम में आए सिंगर सायली कांबले और नितिन कुमार से हरिभूमि की खास बातचीत

भोपाल। संगीत की दुनिया ऐसी दुनिया है जहां ए आई कभी भी ऑडियंस के दिल से कनेक्ट नहीं हो पाएगा, जो रियल आवाज से कनेक्टिविटी बनती है जो रूहानी ताकत रियलिटी में है, वह ए आई में कभी भी नहीं आ सकती। हर एक क्षेत्र में एआई की उपस्थिति के सवाल पर यह बात फेमस सिंगर सायली कांबले और नितिन कुमार ने कही। जो सोमवार को रविंद्र भवन में आयोजित ये शाम मस्तानी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने आए। इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन के पहलुओं पर चर्चा की।

### सोचा नहीं था कि संगीत की दुनिया में अपना कॅरियर बनाऊंगी..

जब मैं इंडियन आइडल में आई तब मेरे पिता ऑटो चलाते थे और हम एक मध्यमवर्गीय परिवार से थे। मैंने एमएससी स्टेटिस्टिक्स में किया था और सोचा भी नहीं था कि संगीत की दुनिया में अपना कॅरियर बनाऊंगी, लेकिन इंडियन आइडल ने मुझे एक नाम और पहचान दी और आज मेरे पिता मुझ पर काफी प्राउड फील करते हैं।



### मंदिर में गाया करता था, तब लोगों ने कहा इसके भीतर गायिकी का गुर है

नितिन ने कहा कि मैं मंदिर में गाया करता था, तब लोगों ने मेरे पिता से कहा कि इसके अंदर गायिकी का एक हुनर छिपा है, इसीलिए इसे किसी बड़े मंच पर लेकर जाओ और पिता की बदौलत ही मैं इंडियन आइडल में आया और अच्छा नाम कमाया।

# मेंटल हेल्थ को ठीक रखने के लिए विल पावर का स्ट्रांग होना जरूरी

**फिटब्लिस बाय श्रुति कपूर में आईं फेमस मैनिफेस्टेशन और हीलिंग कोच वृंदा भट्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सबसे पहले आप मेंटल स्ट्रेस के बारे में जाने की क्यों है मेंटल स्ट्रेस, क्योंकि जब आप फिजिकल फिटनेस की बात करते हैं तो आप हेल्दी डाइट लेते हैं, जिम जाते हैं, एक्सरसाइज करते हैं। यही चीज मेंटल हेल्थ के साथ लागू होती है क्योंकि शरीर और दिमाग एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, इनमें से एक भी खराबी होगी तो दूसरा ऑटोमैटिक प्रभावित होगा। इसीलिए मेंटल हेल्थ को ठीक रखने के लिए विल पावर का स्ट्रांग होना और उसका हील होना आवश्यक है।

हरिभूमि चर्चा

यह कहना है मशहूर सेलिब्रिटी मेनिफेस्टो एवं हीलिंग कोच वृंदा भट्ट का, जो अमिताभ बच्चन की दो दशकों से ट्रस्टेड एनर्जी कोच रहीं, जया बच्चन, काजोल, सुष्मिता सेन, जैकलीन फर्नांडिस जैसी हस्तियों की मार्गदर्शक रहीं और उन्हें आध्यात्मिक गहराई का अनुभव कराया। वृंदा सोमवार को फिटब्लिस बाय श्रुति कपूर में आईं।



### विल पावर के जरिए खराब परिस्थिति से निजात पा सकते हैं

मैनिफेस्ट द एलाइन सेल्फ विषय पर बोलते हुए वृंदा ने कहा कि हमें स्वयं को हील करने की प्रैक्टिस करनी होगी। क्यों हम इतनी जल्दी टूट जाते हैं। परिस्थिति तो कई लोगों की खराब होती है फिर भी वो उससे अपनी विल पावर के जरिए निजात पा लेते हैं।

### रिकॉर्ड तोड़ हाउस फुल रही उपस्थिति

उन्होंने कहा कि हमें स्वयं के मेंटल हेल्थ के लिए स्ट्रक्चरल प्रैक्टिस करनी होगी और प्रैक्टिस के बाद आपको लगेगा कि यह काम तो बिल्कुल एफर्टलेस है और इसमें आप काफी मेंटल हील महसूस करेंगे। जिसके अंतर्गत प्राणायाम, योगासन आते हैं, जिनसे आप काफी खुश और प्रसन्न महसूस करेंगे। यह आयोजन भोपाल में ट्रांसफॉर्मेटिव मास्टरक्लास का अनोखा आयोजन था, रिकॉर्ड तोड़ हाउसफुल उपस्थिति के साथ।



# समय मेरे सवालों का जवाब नहीं देता है, समय दीमक सा हो गया है....

*दुष्यंत संग्रहालय में तीन पुस्तकों का लोकार्पण एवं रचना पाठ कार्यक्रम संपन्न*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समय मेरे सवालों का जवाब नहीं देता है, समय दीमक सा हो गया है... भूपेंद्र भारतीय की इस कविता के बाद जब मधु शुक्ला ने देखे इन आंखों ने कितने तीखे, मीठे खारे दिन, लौट चले जब दूर क्षितिज को हारे विचारे दिन..... को बोल दिए तो सम्पूर्ण सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मौका था दुष्यंत संग्रहालय में निराला सृजनपीठ द्वारा पुस्तक लोकार्पण एवं रचना पाठ कार्यक्रम के आयोजन का। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. संतोष चौबे ने की और मटका कुल्फी, रज्जू भैया कविताओं का पाठ भी किया। चौबे ने तीनों लोकार्पित काव्य संग्रह की विस्तृत व्याख्या की। वहीं, मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार नरेंद्र दीपक ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम अद्भुत व आलौकिक है। डॉ. साधना का व्यवहार और प्रयोग धर्मी स्वभाव ही है जो निराला सृजन पीठ के कार्यक्रम को ऊंचाइयां छू रहे हैं। निराला सृजन पीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि साहित्य लोक-मंगल के लिए की जाने वाली अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम में ग्वालियर से आईं डॉ. करुणा सक्सेना की पुस्तक राग अग्निकुम्भ का, सोनकच्छ से आए भूपेंद्र भारतीय की पुस्तक समय से साक्षात्कार एवं वरिष्ठ गीतकार मनोज जैन मधुर की पुस्तक बच्चे होते फूल से का लोकार्पण हुआ।

## मनोज पटेल की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'परिवर्तन' को मिला प्रथम पुरस्कार

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के प्रोड्यूसर डॉ. मनोज पटेल की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'परिवर्तन : गाँव की कहानी, सिनेमा की जुबानी' को 6वें राष्ट्रीय फिल्म फेस्टीवल में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस समारोह में देशभर के प्रतिभागियों ने अपनी फिल्में प्रस्तुत कीं, जो ग्रामीण विकास से जुड़ी कहानी कहती हैं। यह फिल्म 'समाज' थीम में पुरस्कृत हुई है। इस वर्ष के फेस्टिवल का मुख्य विषय 'पारिवारिक जीवन, समाज और आर्थिक व्यवस्था' था। डॉ. पटेल ने अपनी फिल्म 'परिवर्तन' में गांव में आए सामाजिक और आर्थिक बदलावों के साथ-साथ भारतीय सिनेमा में गांव की प्रस्तुतियों में आए बदलावों को बहुत ही प्रभावशाली ढंग से दिखाया है।



## परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी का आयोजन

# पुरातन और अधुनातन के मध्य सेतु है राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का साहित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का साहित्य पुरातन और अधुनातन के मध्य सेतु का कार्य करता है, जहां उनका साहित्य भारतीय संस्कृति और संस्कार से पगा हुआ है वहीं वे समाज में बदलाव की बयार के भी वाहक हैं।

यह उदगार हैं वरिष्ठ साहित्यकार और पूर्व न्यायधीश देवेंद्र कुमार जैन के जो अयोध्या नगर स्थित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त वाचनालय एवं साहित्यकार पार्क में पाठक मंच अयोध्या नगर साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती कवि दिवस पर आयोजित परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कार्यक्रम का संचालन करते पाठक मंच संयोजक घनश्याम मैथिल अमृत ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कुमार सुरेश ने राष्ट्रकवि के सृजन को आज भी प्रासंगिक बताते हुए, कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में युवा कवि नीतिराज चौरे के संचालन में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ।



# आर्ट ऑफ लिविंग की भजन संध्या में गूंजे विक्रम के सुर

## समन्वय भवन के ऑडिटोरियम में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्ट ऑफ़ लिविंग की भजन संध्या का आयोजन समन्वय भवन के ऑडिटोरियम में किया गया। भजन संध्या में अंतरराष्ट्रीय गायक विक्रम हाजरा ने अपने भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों में शिव भजन, मीरा भजन, कबीर भजन के साथ-साथ राम कृष्ण और गुरु भजनों का गायन किया। समन्वयक सुनील कुशवाहा और प्रशिक्षक आशीष द्वारा बताया गया कि विक्रम हाजरा भारतीय भक्ति संगीत में प्रमुख नामों में से एक हैं। उन्हें लोक संगीत, पारंपरिक मंत्रों को इलेक्ट्रॉनिक गिटार के साथ संगीत में ढालने वाले पहले व्यक्ति का श्रेय दिया जाता है। ऐसा विदित है कि उनकी धर्मपत्नी का भी संगीत की दुनिया में बड़ा नाम है उन्हें कसौटी जिंदगी की, कहानी घर-घर की, खिचड़ी जैसे धारावाहिक में महत्वपूर्ण नायिका की भूमिका के लिए जाना जाता है। आखिर में जय जय राधा रमन भजन के साथ भजन संध्या का समापन किया गया।





**भोपाल के प्रांजल, तपस्या, आरती ने निभाया बेहतरीन रोल**

# 'धड़क 2' में चमकी भोपाल की प्रतिभा: दा फिल्म हब की पहल से लोकल कलाकारों को मिला बड़ा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दा फिल्म हब की पहल पर बनी फिल्म 'धड़क 2' में भोपाल की प्रतिभा ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। न सिर्फ शहर की खूबसूरत लोकेशनों को फिल्म में जगह मिली है, बल्कि भोपाल के कई स्थानीय कलाकारों ने भी इस फिल्म में अभिनय का सुनहरा मौका पाया है। इस अवसर का श्रेय जाता है दा फिल्मी हब के संचालक अली खान और शिखा भारद्वाज को, जिन्होंने न केवल भोपाल में कास्टिंग का आयोजन करवाया, बल्कि यहां की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय मंच पर लाने का बीड़ा उठाया। अली खान और शिखा का कहना है धड़क 2 में हमने कोशिश की है कि यहां के कलाकारों को पूरी जगह मिले और उनका टैलेंट दुनिया देखे।

### आरती खाले ने निभाया तृप्ति डिमरी की बहन की सास का रोल

अभिनेत्री आरती खाले फिल्म में तृप्ति डिमरी की बहन की सास वंदना जोशी का रोल निभाने वाली जो कि बेहद आकर्षक हैं जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। साथ ही भोपाल की तपस्या तिवारी द्वारा तृप्ति डिमरी की चाची का रोल निभाया है और उन्होंने इस रोल के लिए काफी मेहनत की तपस्या तिवारी पहले भी कई प्रोजेक्ट्स में। फिल्म में प्रांजल मालाकार ने भी बेहतरीन भूमिका निभाई है जो कि रोनी के फ्रेंड के रोल में दिख रहे हैं, लावण्या गौंड ने अभिनेता सौरभ सचदेवा की बेटी का किरदार निभाया है।

# सुप्रीम कोर्ट का सवाल कहा- भगवान सबके हैं, आप क्यों चाहते हैं फंड आपकी पॉकेट में जाए?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन और उसके आस-पास के क्षेत्र के विकास पर निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने का संकेत दिया है। सुनवाई मंगलवार की सुबह 10:30 तक के लिए स्थगित कर दी गई है। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने मंदिर के प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार के अध्यादेश का विरोध करते हुए याचिका दाखिल की है। कमेटी ने 15 मई को आए सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी विरोध किया है जिसमें राज्य सरकार को बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। शुरूआत में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने मंदिर कमेटी से तीखे सवाल किए। कोर्ट ने कहा, मंदिर निजी हो सकता है, लेकिन देवता सबके हैं। वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं।

**मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है सरकार**

**आज मंगलवार को फिर होगी मामले की सुनवाई**



### बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन रिटायर्ड जज को सौंपने का सुप्रीम कोर्ट ने दिया संकेत

**भगवान निजी नहीं हो सकते**

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि आप किसी धार्मिक स्थल को पूरी तरह निजी कैसे कह सकते हैं, वो भी तब जब वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं? प्रबंधन निजी हो सकता है, लेकिन कोई देवता निजी नहीं हो सकते। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मंदिर की आय सिर्फ प्रबंधन के लिए नहीं, बल्कि मंदिर और श्रद्धालुओं के विकास के लिए भी होनी चाहिए।

#### फंड का उपयोग मंदिर के लिए ही होगा

मंदिर का फंड श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े विकास में क्यों नहीं इस्तेमाल हो सकता? आप क्यों चाहते हैं कि सारा फंड आपके पॉकेट में ही जाए? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को राज्य सरकार के कानून को हाई कोर्ट में चुनौती देनी चाहिए। यूपी सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट नवीन पाहवाश पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सरकार यमुना तट से मंदिर तक कॉरिडोर बनाना चाहती है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलें और मंदिर क्षेत्र को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर के फंड का उपयोग सिर्फ मंदिर से जुड़ी गतिविधियों में ही होगा। कोर्ट ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मंदिर का पैसा आपकी जेब में क्यों जाए? सरकार इसका उपयोग मंदिर विकास के लिए क्यों नहीं कर सकती।

#### प्रबंधन को लेकर दो गुटों में विवाद


याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर एक निजी मंदिर है। उसमें धार्मिक गतिविधियों और मैनेजमेंट को लेकर 2 गुटों में विवाद था। राज्य सरकार ने बिना अधिकार उसमें दखल दिया। वह मामले को सुप्रीम कोर्ट ले आई और कॉरिडोर के लिए मंदिर के फंड के इस्तेमाल का आदेश ले लिया। इसके बाद जल्दी-जल्दी एक अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि मंदिर की स्थापना करने वाले और सदियों से उसे संभाल रहे गोस्वामी प्रबंधन से बाहर हो गए।

### 15 मई के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने दी राय

कोर्ट के सख्त सवालों के जवाब में दीवान ने कहा, असल बात यह है कि हमें सुने बिना ऐसा आदेश सुप्रीम कोर्ट से कैसे आया? मामला कुछ और था, उसमें अचानक आदेश आ गया कि मंदिर का फंड कॉरिडोर बनाने के लिए लिया जाए। इससे सहमति जताते हुए कहा कि किसी जगह का विकास सरकार की जिम्मेदारी है। अगर उसे भूमि अधिग्रहण करना या तो वह ऐसा अपने पैसों से कर सकती है। लगभग 50 मिनट चली सुनवाई के बाद जजों ने इस बात का संकेत दिया कि 15 मई के आदेश को वापस लिया जा सकता है। फिलहाल मंदिर के प्रबंधन के लिए रिटायर्ड हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जा सकती है। इसमें जिलाधिकारी को भी रखा जाएगा। क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की भी उसके आस-पास के विकास में मदद ली जाएगी। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिए। इसके लिए उचित सुविधाओं का विकास जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### शेख अली गुमटी में पार्क का दुरुपयोग न हो: एससी




नई दिल्ली। लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमठी' परिसर के अंदर स्थित पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया। पहले अदालत ने सरकार को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना का निर्देश।

### मदरसा छात्रों के स्कूलों में स्थानांतरण पर चुनौती



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जारी उन आदेशों को चुनौती दी जा सकती है, जिसमें अनधिकृत मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने को कहा गया है। इस मामले को संबंधित उच्च न्यायालय में उठाया जा सकता है।

### महावतार नरसिम्हा की स्क्रीनिंग में हादसा



**गुवाहाटी**। खचाखच भरे ऑडिटोरियम में अफरा-तफरी मच गई और दर्शक घबराकर बाहर निकलने के लिए दौड़ पड़े। सिनेमा कर्मचारियों ने तुरंत स्क्रीनिंग रोक दी और मॉल के सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर लोगों को सुरक्षित निकालने में मदद की। घायलों को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया।

### ममता ने भतीजे अभिषेक को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**कोलकाता**। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने लोकसभा में तृणमूल संसदीय दल के नेता के पद से वरिष्ठ सांसद सुदीप बेनर्जी को हटाते हुए उनके स्थान पर अपने भतीजे अभिषेक बेनर्जी को नियुक्त कर दिया। सोमवार को पार्टी सुप्रीमो ममता बेनर्जी तृणमूल सांसदों के साथ एक वर्चुअल बैठक की।

---

### शिबू सोरेन के सम्मान में राज्यसभा मंगलवार को 11 बजे तक स्थगित

# बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष ने किया हंगामा, कार्यवाही स्थगित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मॉनसून सत्र 2025 की कार्यवाही का सोमवार को 11वां दिन था। झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के निधन पर राज्यसभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही श्रद्धांजलि स्वरूप दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं लोकसभा में विपक्षी सांसदों का हंगामा सोमवार को भी जारी रहा। मॉनसून सत्र के शुरू होने से अभी तक सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से नहीं चल सकी है। दोनों सदनों में विपक्ष ने बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा किया। लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे फिर से शुरू हुई लेकिन विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सांसदों के नारे लगाने पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज सदन की स्थिति देखकर मुझे दुख हुआ। सभी दलों ने मिलकर राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक पर चर्चा करने और उसे पारित करने का फैसला किया था। विपक्ष के अनुरोध पर हम इन विधेयकों पर चर्चा के लिए दो दिन आवंटित करने पर सहमत हुए। अब जब हम खिलाड़ियों के लिए यह महत्वपूर्ण विधेयक लाए हैं, तो विपक्ष व्यवधान पैदा कर रहा है। खेल मंत्री भी चर्चा के लिए तैयार हैं। आप न केवल वह नहीं कह रहे जो आप कहना चाहते हैं, बल्कि सदन का समय भी बर्बाद कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने विपक्षी सांसदों को सदन की गरिमा बनाए रखने का अनुरोध किया। बावजूद विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा। इसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

*वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी दल हर रोज कर रहे हंगामा*



सीधे लोकसभा से

**मुद्दा क्यों नहीं उठना चाहिए: प्रियंका गांधी**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। अगर मतदाता सूची में ऐसा हो रहा है, तो हमें यह मुद्दा क्यों नहीं उठाना चाहिए? सरकार को चर्चा के लिए सहमत होना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।

**खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा नहीं होने दे रहा विपक्ष : रिजिजू**



#### वे चुनाव में धोखाधड़ी करना चाहते हैं: केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा, 'जो लोग एसआईआर का विरोध कर रहे हैं, वे चुनाव में धोखाधड़ी चाहते हैं। यह चुनाव आयोग का निर्णय है और चुनाव आयोग का निर्णय बिल्कुल सही है क्योंकि यह संविधान के अनुरूप है। संविधान कहता है कि इस देश का नागरिक ही इस देश में मतदाता होगा। वे चाहते हैं कि जो इस देश के नागरिक नहीं हैं, उन्हें भी मतदाता सूची में रखा जाए, ऐसा कहां होता है? ऐसा पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता।

#### सिर्फ दो दिन हो पाई चर्चा

10 दिनों में अब तक सिर्फ दो दिन पूरे दिन चर्चा हुई 21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही लगभग ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 10 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।

#### शिबू सोरेन को नमन करने के बाद राज्यसभा स्थगित

झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के निधन पर राज्यसभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सदन में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही श्रद्धांजलि स्वरूप दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन के निधन पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, मैंने कल्पना जी (कल्पना सोरेन) को मैसेज किया है। यह हम सभी के लिए बहुत दुखद खबर है। हम परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं, हमारी प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।



---

**7 को राहुल के साथ डिनर पर होगा मंथन**

# उपराष्ट्रपति चुनाव: साझा उम्मीदवार उतार एकजुटता दिखाना चाहती है कांग्रेस

*आचार्य देवव्रत को उम्मीदवार बना सकती है भाजपा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी है लेकिन कांग्रेस साझा उम्मीदवार को मैदान में उतारकर विपक्षी एकता का संदेश देने के साथ एनडीए के सहयोगी दलों को असमंजस में डालने की रणनीति बना रही है। विपक्ष के साझा उम्मीदवार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 अगस्त को डिनर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ मंथन करेंगे।

पार्टी की योजना बिहार या आंध्रप्रदेश के किसी नेता को उम्मीदवार बनाने की है, जिससे भाजपा के दो सबसे बड़े सहयोगियों टीडीपी व जदयू को असमंजस में डाला जा सके। इस चुनाव के बहाने कांग्रेस की नजर विपक्षी एकता कायम कर शक्ति प्रदर्शन करने और एनडीए को असमंजस में डालने पर है। दरअसल, भाजपा अपने दम पर चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं है। उसे हर हाल में अपने दोनों सबसे बड़े सहयोगियों जदयू-टीडीपी का समर्थन चाहिए। कांग्रेस के रणनीतिकारों का मानना है कि अगर विपक्ष का उम्मीदवार आंध्रप्रदेश या बिहार से हुआ तो क्षेत्रीय भावनाओं के साथ संतुलन बैठाने के लिए नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू उलझन में होंगे। आंध्रप्रदेश के ही वाईएसआरसीपी जिनके राज्यसभा में सात सदस्य हैं, विपक्ष के साथ आ सकती है। अगर इस चुनाव में एक भी सहयोगी दल टूटे तो राजग में फूट का संदेश जाएगा। उधर उपराष्ट्रपति पद के लिए भाजपा में भी मंथन शुरू हो गया है।

#### क्या है चुनाव का गणित?

गणित सीधे-सीधे एनडीए के पक्ष में है। एनडीए के पास दोनों सदनों को मिलाकर 418 सांसद हैं। यह संख्या उपराष्ट्रपति पद पर जीत के लिए जरूरी 392 सदस्यों से 26 ज्यादा है। इसके अलावा पार्टी राज्यसभा में सात मनोनीत और तीन निर्दलीय में से दो का समर्थन हासिल कर सकती है। इसी प्रकार लोकसभा में भी पार्टी को अकाली दल का समर्थन मिल सकता है। इसके अलावा यहां सात निर्दलीय और छोटे चार दलों के चार सांसदों का रुख साफ नहीं है।

---

**मोइत्रा के ब्यान पर भड़के बेनर्जी**

## महुआ से भिड़ने में बेनर्जी का हुआ 'कल्याण' ममता ने मुख्य सचेतक पद से किया चलता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस में दो वरिष्ठ सांसदों के बीच लंबे समय खिंची तलवार में आखिरकार एक को घायल कर गई। लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक कल्याण बेनर्जी और तेजतर्रार सांसद महुआ मोइत्रा के बीच व्यक्तिगत तकरार जब सार्वजनिक होने लगी।

दोनों एक दूसरे के खिलाफ खुलेआम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपशब्दों का उपयोग करने लगे तो तृणमूल सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने दखल दिया। दोनों सांसदों को जमकर लताड़ लगाई। लेकिन नुकसान कल्याण बेनर्जी का हुआ। उन्हें पार्टी संसदीय दल के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देना पडा। संसदीय सत्र के बीच पार्टी सुप्रीमो ममता बेनर्जी ने सोमवार को एक वर्चुअल बैठक में सभी सांसदों को कड़ा संदेश देते हुए आपसी लड़ाई छोड़ केंद्र की भाजपानीत सरकार के खिलाफ संघर्ष पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। बैठक के तुरंत बाद, कल्याण बेनर्जी ने लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक (चीफ़ व्हिप) पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा, दीदी ने कहा कि सांसदों के बीच समन्वय की कमी है।

**सैटेलाइट-आधारित टोलिंग सिस्टम**

## समिति ने की सिफारिश, सुरक्षा गोपनीयता पर और विचार करें

**सरकार ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल भी आमंत्रित किया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर सैटेलाइट-आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम लागू करने को लेकर बनी एक उच्च स्तरीय समिति ने इस तकनीक से जुड़ी सुरक्षा और गोपनीयता के मुद्दों पर और गहन चर्चा की सिफारिश की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में जानकारी दी कि सरकार ने फिलहाल एएनपीआर (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) तकनीक पर आधारित फास्टैग सिस्टम, यानी एएफएस को कॉरिडोर या कुछ खास हिस्सों पर लागू करने का निर्णय लिया है।

**हर घर तिरंगा अभियान से जागा राष्ट्र प्रेम**

## शाह ने दिया संदेश बोले- तिरंगे संग सेल्फी जरूर लें देशवासी

**प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 में की थी अभियान की शुरुआत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश भर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर एक अहम संदेश दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस अभियान ने देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की जो पहल की गई थी, उसने देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज यह अभियान जन-जन से जुड़ चुका है।

#### सक्रियता दिखाएं

प्रत्येक देशवासी में राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति की भावना इस अभियान के माध्यम से साफ दिखाई दे रही है। गृह मंत्री ने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी देशवासियों, अपील करता हूं कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर वेबसाइट पर अपलोड करें। पीएम मोदी ने 2022 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की थी।

---

**गुजरात से बस में भरकर आए लोग, सभी गिरफ्तार**

## उदयपुर के होटल में वेश्यावृत्ति 5000 रुपए रखी गई एंट्री फीस

**40 पुरुष व 11 लड़कियों को गिरफ्तार किया, नशे का सामान भी मिला**

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के उदयपुर पुलिस ने वेश्यावृत्ति करने वाले गैंग का खुलासा किया है। उदयपुर के कोडियात स्थित होटल गणेश में रेव और मुजरा पार्टी चल रही थी। जहां पुलिस की टीम ने दबिश देकर वहां से 40 लड़कों और 11 लड़कियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने होटल मलिक और दलाल को भी गिरफ्तार किया है। होटल से भारी मात्रा में नशे का सामान बरामद किया है। आरोपियों में अधिकांश गुजराती हैं। वे इस पार्टी के लिए ही उदयपुर आए हुए थे। पुलिस को इस पार्टी पर दबिश के लिए एक बस को लेकर जाना पड़ा था। जहां से सभी आरोपियों गिरफ्तार किया गया। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि सूचना मिली कि नाई थाना क्षेत्र में कोडियात रोड पर गणेश होटल में विश्वजीत सोलकी नाम के आयोजक द्वारा लडकियां मंगवाकर उनसे वैश्यावृत्ति करवाई जा



रही है। इस पार्टी में शामिल होने के लिए प्रति व्यक्ति से 5 हजार रूपए लिए जा रहे हैं। गोयल ने कहा कि इस सूचना की पुष्टि के लिए हैड कांस्टेब्ल अर्जुन सिंह, प्रकाश, कांस्टेबल अजयराज से कराया तो पता चला कि इस पार्टी में शामिल होने के लिए प्रति व्यक्ति से 5 हजार रूपए लिए जा रहे हैं। इस पार्टी में शामिल होने के लिए गुजरात से बस भरकर लोग पहुंच चुके हैं। लोकल ग्राहक भी इस पार्टी में शामिल होंगे। 5 हजार रूपये जमा करवाकर कोई भीं शामिल हो सकता है।

**होगा फ्लैट, लेकिन टाइप-8 कोठियों से भी विशाल कारपेट एरिया**


## सांसदों के लिए नया आवासीय परिसर बनकर तैयार अगले सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी कर सकते हैं उद्घाटन

**कुल 5 हजार स्केवयर फिट का होगा एक फ्लैट, परिसर में होंगे 184 फ्लैट**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आवासीय कमी से जूझ रहे माननीयों को अब ठौर आसानी से मिल सकेगा। साथ ही भूमि की कमी से जूझ रही दिल्ली में माननीयों के लिए आवासीय इंतजाम करने को सीपीडब्लूडी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पडेगी। राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन में सांसदों के लिए बना नया आवासीय परिसर अब पूरी तरह तैयार हो चुका है। इसका उद्घाटन अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने की संभावना है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर न केवल संसद सदस्यों के लिए आवास की चुनौती को कम करेगा, बल्कि पुरानी सरकारी कॉलोनियों की जगह एक नया, व्यवस्थित और सुरक्षित विकल्प भी प्रदान करेगा।

#### सांसदों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस आवास



फाइल फोटो

इस परिसर में तैयार किए गए फ्लैट्स को डुप्लेक्स और सिंगल-यूनिट के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें सांसदों की सुविधा और आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। फ्लैट्स में सौर ऊर्जा सिस्टम, वर्षा जल संचयन प्रणाली, भूमिगत पार्किंग, और सुरक्षा के आधुनिक इंतजाम शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह परियोजना समय पर पूरी कर ली गई है और सांसदों को जल्द ही नए फ्लैट्स आवंटित किए जाएंगे। यह न केवल सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि किराए पर रह रहे सांसदों का खर्च भी बचेगा।

#### पुराने बंगले हो रहे हैं खत्म

पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली में पुराने सरकारी बंगलों की हालत जर्जर हो गई थी और कई सांसदों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किराए पर रहना पड़ता था। भूमि की कमी के कारण एक ही जगह स्थित कई बंगलों को तोड़कर मल्टी स्टोरीज बिल्डिंग्स तैयार किये जा रहे हैं। परियोजना के तहत कुछ पुराने बंगलों को तोड़कर यह किफायती और बहु-स्तरीय परिसर तैयार किया गया है। आवास मंत्रालय की निगरानी में इसका निर्माण हुआ है, और इसे सीपीडब्लूडी विभाग के द्वारा तैयार किया गया है। माय-वन पद्धति से बनने वाली इन बिल्डिंग को बनने में आधे से भी कम समय लगता है चूंकि ईंटों का काम होता नहीं, छतों की ढलाई होती नहीं, बल्कि आधुनिक डिजाइन और पद्धति से ऐसे बिल्डिंग को आकार दिया जा रहा है।

देशवासियों को पीएम मोदी करेंगे संबोधित

# राष्ट्रीय ध्वज को स्वदेशी लाइट फील्ड गन से दी जाएगी सलामी

*सेना जल्द ही एलएफजी से दी जाने वाली इस सर्वोच्च सैन्य सलामी का अभ्यास शुरू करेगी। संभवतः समारोह के लिए 7 तोपों का प्रयोग किया जाएगा, तीन राउंड फायर होंगे और सलामी की ये पूरी कवायद करीब 52 सेकंड में पूरी हो जाएगी। धमाके के लिए लाइव शेल नहीं बल्कि खासतौर पर डिजाइन किए गए कार्टेरेज और ब्लैंक राउंड्स का प्रयोग किया जाएगा*

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय में 15 अगस्त यानी जश्न-ए-आजादी की 79वीं वर्षगांठ को जोरशोर से मनाने की तैयारियों का युद्धस्तर पर आगाज हो चुका है। जिसमें स्वदेशी के साथ ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत झलक देखने को मिलेगी। राष्ट्रीय ध्वज को दी जाने वाली 21 तोपों की परंपरागत सलामी के लिए देश में बनी 105 एमएम की लाइट फील्ड गन (एलएफजी) की प्रचंड गर्जना से राष्ट्रीयता की भावना तीव्र गति से हिलोरे मारने लगेगी। सेना जल्द ही एलएफजी से दी जाने वाली इस सर्वोच्च सैन्य सलामी का अभ्यास शुरू करेगी। संभवतः समारोह के लिए 7 तोपों का प्रयोग किया जाएगा, तीन राउंड फायर होंगे और सलामी की ये पूरी कवायद करीब 52 सेकंड में पूरी हो जाएगी। धमाके के लिए लाइव शेल नहीं बल्कि खासतौर पर डिजाइन किए गए कार्टेरेज और ब्लैंक राउंड्स का प्रयोग किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी समारोह की अध्यक्षता करेंगे और उनका लालकिले की प्राचीर से देश के नाम संबोधन भी होगा।

समारोह के लिए 7 तोपों का प्रयोग किया जाएगा ये पूरी कवायद करीब 52 सेकंड में पूरी हो जाएगी



### दो साल पहले बदल गई रिवायत

2014 में केंद्र में पीएम मोदी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के गठन के बाद अंग्रेजों के शासनकाल की सैन्य सामग्री के इस्तेमाल में बड़े पैमाने पर बदलाव देखने को मिल रहा है। 2023 में सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह में तिरंगे को दी जाने वाली राष्ट्रीय सलामी के लिए स्वदेशी लाइट फील्ड गन का प्रयोग करने का निर्णय लिया। जबकि पहले इनमें ब्रिटिश 25-पाउंडर तोप का ही इस्तेमाल किया जाता था। ये तोपें द्वितीय विश्व युद्ध और नॉरमैंडी जैसे युद्धों में प्रयोग की जा चुकी हैं।

### 17वीं शताब्दी से जुड़ा इतिहास

गौरतलब है कि 21 तोपों की सलामी को देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान माना जाता है। लेकिन इसकी शुरुआती जड़ें लगभग 16वीं-17वीं शताब्दी के उस कालखंड से जुड़ी हुई हैं। जब समुद्री नौसैनिक परंपरा के तहत एक पराजित युद्धपोत या जहाज को अपने गोला बारूद का इस्तेमाल खुद को असहाय व निहत्था बनाने के लिए करना पड़ता था। ये एक प्रकार से उसके द्वारा शत्रुतापूर्ण इरादे की कमी का साफ संकेत देता था। पूरी प्रक्रिया में युद्धपोत अपनी तोपों को बिना किसी नुकसान के तब तक समुद्र में दागकर अपनी शांतिपूर्ण मंशा को प्रदर्शित करता था। जब तक उसका गोला बारूद पूरी तरह से खत्म न हो जाए। सलामी प्रक्रिया में सात तोपों के इस्तेमाल का नियम था।

### तोप की मारक क्षमता 17 किलोमीटर

सलामी के लिए प्रयोग की जाने वाली 105 एमएम की तोप केंद्रीय भारत स्थित मध्य-प्रदेश राज्य के जबलपुर में आयुध फैक्ट्री खमरिया में बनाई गई हैं। 80 के दशक में इन्हें सेना के युद्धक बेड़े में शामिल किया गया था। तोप लगभग 17 किलोमीटर तक मार कर सकती है। वजन में ये काफी हल्की हैं, जिसकी वजह से तीन के करीब सैन्यकर्मी आसानी से इन्हें संचालित कर सकते हैं। साथ ही इनकी मदद से सेना देश के पहाड़ी और दुर्गम ऊंचाई वाले बफीर्ले रेगिस्तानी इलाकों में जरूरत पड़ने पर दुश्मन के ठिकानों पर भी सटीकता के साथ अचूक वार कर सकती है।

---

## खबर संक्षेप

### तीन माह में 1.36 करोड़ यात्रियों ने किया सफर



**मुंबई।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अप्रैल-जून में यात्रियों की संख्या में लगभग स्थिर वृद्धि दर्ज की गई। अदाणी समूह-एएआई के स्वामित्व वाले इस हवाई अड्डे में इस अवधि में कुल 1.36 करोड़ यात्रियों ने सफर किया। देश के दूसरे सबसे व्यस्त एयरपोर्ट ने पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1.34 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी थी। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने यह जानकारी दी है।

### 137 साल पुराने होटल पर सरकार का कब्जा



**श्रीनगर।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक होटलों में से एक कश्मीर के गुलमर्ग का नेडौज अब अतीत बन जाएगा। सुप्रीम कोर्ट और जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने इस होटल को अपने कब्जे में ले लिया है। गुलमर्ग डेवलपमेंट अथॉरिटी ने यह कार्रवाई करते हुए होटल परिसर में मौजूद लोगों को बाहर कर दिया और संपत्ति पर अधिकार जमा लिया। इस होटल का इतिहास काफी मशहूर रहा है। कभी महात्मा गांधी यहां रुके थे और चाय पी थी।

---

ट्रंप की टैरिफ धमकी को भारत ने बताया 'अनुचित', विदेश मंत्री जयशंकर बोले-

# समय गया, कुछ देशों के दबाव वाली 'अर्थव्यवस्था' से दुनिया नहीं चलेगी

ये भी कहा- वैश्विक व्यवस्था समावेशी हो

यूक्रेन से तेल खरीदने के लिए अमेरिका ने ही भारत को किया था प्रोत्साहित

अमेरिका रूस से अपनी परमाणु ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए खरीदी कर रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को टैरिफ बढ़ाने और रूस से तेल आयात पर रोक लगाने जैसी धमकियों के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि कुछ देशों के दबाव वाली अर्थव्यवस्था से दुनिया नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि अब वह समय नहीं रहा जब कुछ ताकतवर देश अपनी मर्जी पूरी दुनिया पर थोपते थे और बाकी देश केवल तालियां बजाते थे।

जयशंकर ने बेबाकी से यह बात बिम्सटेक ट्रेडिशनल म्यूजिक फेस्टिवल के मंच से कही। उन्होंने कहा कि आज ज़रूरत इस बात की है कि वैश्विक व्यवस्था समावेशी हो, ऐसी व्यवस्था जिसमें हर देश की बात सुनी जाए, न कि केवल उन देशों की जो सामरिक या आर्थिक रूप से मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि आज का दौर जटिल और अनिश्चित जरूर है, लेकिन यह भी सच है कि अब दुनिया बदल रही है।

### भारत अपने राष्ट्रीय हितों के लिए जरूरी कदम उठाएंगा: जायसवाल



### भारत के लिए परंपरा शक्ति का एक बड़ा स्रोत

जयशंकर ने कहा कि समाजों के लिए सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने का जरिया सांस्कृतिक कौशल भी हो सकता है। अगर हम भविष्य को आकार देने के बारे में आश्वस्त होना चाहते हैं, तो हमें उसके प्रति आश्वस्त होना चाहिए जो हम हैं। हमारे जैसे देशों के लिए परंपराएं वास्तव में शक्ति का एक बड़ा स्रोत हैं।

*मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि भारत ने रूस से तेल इसलिए खरीदा क्योंकि पहले जहां से तेल आता था, वहां का तेल युद्ध के कारण अब यूरोप को भेजा जाने लगा था। उस समय अमेरिका ने भी भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनी रहे। भारत जो भी तेल रूस से मंगवा रहा है, उसका मकसद यही है कि देश में उपभोक्ताओं को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा मिल सके। भारत सरकार ने अमेरिका के रूस से आयात पर भी सवाल उठाया। उसने कहा कि अमेरिका अब भी रूस से अपनी परमाणु ऊर्जा जरूरतों के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन खरीदता है।*

### यूरोपीय संघ को आड़े हाथों लिया

जायसवाल ने यूरोपीय संघ को भी आड़े हाथों लिया है, जिसने भारतीय तेल रिफाइनरी को उनके निर्यात को लेकर निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वही खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। 2024 में यूरोपीय संघ और रूस के बीच 67.5 अरब यूरो का वस्तु व्यापार हुआ। 2023 में सेवा व्यापार 17.2 अरब यूरो था। यह भारत और रूस के बीच हुए कुल व्यापार से काफी अधिक है। यूरोपीय देशों ने 2024 में रूस से रिकॉर्ड 16.5 मिलियन टन तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात की, जो 2022 के 15.21 मिलियन टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। सरकार ने आगे बताया कि यूरोप और रूस के बीच का व्यापार केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं है। इसमें उर्वरक, खनिज उत्पाद, रसायन, लोहे और स्टील के उत्पाद, मशीनरी और परिवहन उपकरण भी शामिल हैं।

### भारत भारी मुनाफा कमा रहा: ट्रंप

*इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रंप ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामान पर टैरिफ को बड़ी मात्रा में बढ़ाने वाले हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर उसे दूसरे देशों को बेच रहा है और इससे भारी मुनाफा कमा रहा है। ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारतीय आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के साथ ही रूस से तेल एवं गैस खरीदने पर दंडात्मक जुर्माना लगाने की भी घोषणा की थी।*

---

'ऑपरेशन महादेव' में मारे गए आतंकी पाकिस्तानी

# आईडी, चिप्स और खून के निशान से जुड़ा 'पहलगाम' हमले का कनेक्शन



एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में ऑपरेशन महादेव के तहत सुरक्षाबलों को तीन आतंकवादियों के ढेर करने के मामले में बड़ी जानकारी हाथ लगी है। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी दस्तावेजों और बायोमीट्रिक डेटा सहित कई सबूत इकट्ठा किए हैं। इससे साबित होता है कि पहलगाम हमले में शामिल तीनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे। पाकिस्तान में निर्मित निजी सामान जैसे 'कैंडीलैंड' और 'चोकोमैक्स' चॉकलेट (दोनों कराची में उत्पादित ब्रांड) के रैपर उसी रकसैक में पाए गए। रैपरों पर छपे लॉट नंबर मई 2024 में मुजफ्फराबाद, पीओके भेजे गए माल के थे। बैसरन में मिले खोखों को 28 जुलाई को बरामद की गई तीनों एके-103 राइफल से 'टेस्ट-फायर' किया गया और उनके घर्षण के निशान पूरी तरह 100 प्रतिशत मेल खाए।

### मिले 6 सबूतों से पाक नागरिक होने का प्रमाण

*अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाकिस्तानी वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। उन्होंने 'डिजिटल फुटप्रिंट्स' के आधार पर बताया कि आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किया गया 'हुआवेई सैटेलाइट फोन (आईएमईआई 86761204-।।।।।) 22 अप्रैल से 25 जुलाई तक हर रात 'इनमारसैट-4 एफ1' से संपर्क में था। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा शामिल हैं।*

### 'रेडियो चेक-इन' पाक क्षेत्र से दर्ज किया गया

*अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम में मिली एक फटी हुई शर्ट पर मौजूद खून से लिए गए 'माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए प्रोफाइल', मारे गए तीनों आतंकवादियों के शवों से लिए गए डीएनए से पूरी तरह मेल खाते हैं। आतंकवादियों ने मई 2022 में उत्तर कश्मीर के गुरेज सेक्टर के रास्ते नियंत्रण रेखा पार की थी। खुफिया इंटरसेप्ट के अनुसार, उसी समय उनका 'रेडियो चेक-इन' पाकिस्तानी क्षेत्र से दर्ज किया गया था। हिरासत में लिए गए दो कश्मीरी युवकों से पूछताछ के दौरान पता चला कि आतंकवादी 21 अप्रैल को हिल पार्क में स्थित एक 'धोक' (मौसमी झोपड़ी) में आकर रुके थे।*

---

यूक्रेन का रूस पर बड़ा हमला

# ऑयल डिपो पर किया ड्रोन अटैक भीषण आग लगी, 4 लोग घायल

एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे पर भीषण ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। रूस ने यूक्रेन के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया हैं। वहीं यूक्रेनी हमले से रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची में तेल डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने बताया कि ड्रोन का मलबा गिरने से ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। आग को बुझाने के लिए 120 से अधिक दमकलकर्मी जुटे हुए हैं। इस हमले के बाद घटनास्थल के वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में तेल डिपो के ऊपर से धुएं के विशाल गुबार उठते दिखाई दिए। इस हमले के बाद सोची हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया है। वोरोनिश क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हुए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके एयर डिफेंस ने 93 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया है। इस दौरान दो रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया।

### रूस ने यूक्रेन पर दागी मिसाइलें



रूस की ओर से यूक्रेन में ड्रोन और मिसाइल दागी गई हैं। यूक्रेन के दक्षिणी शहर मायकोलएव के अधिकारियों ने बताया है कि रूसी मिसाइल हमले से नागरिकों के घर और बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए हैं। मायकोलएव शहर में हुए हमले से कम से कम तीन नागरिक घायल हुए हैं।

### ट्रंप ने दिया अल्टीमेटम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 8 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई हल नहीं निकला तो रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रूसी काफी चालाक होते हैं, अक्सर प्रतिबंधों को चकमा दे देते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि जुलाई में इस्तांबुल में हुई वार्ता के बाद रूस और यूक्रेन ने 1200 युद्ध बंदियों की अदला-बदली पर सहमति बनी है।

---

# ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद रोधी सिद्धांत को किया नए सिरे से परिभाषित

*आईआईटी मद्रास में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी बोले*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के परिसर में स्थापित किए गए सेना के अनुसंधान प्रकोष्ठ (आईएआरसी) 'अग्निशोध' का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की रक्षात्मक सैन्य कार्रवाई यानी ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि कुल करीब 88 घंटे तक चले इस अभियान ने न केवल भारत के आतंकवाद के खिलाफ बने हुए सिद्धांत को नए सिरे से परिभाषित किया है। बल्कि इन 88 घंटों के भीतर ही पाकिस्तान को संघर्षविराम की मांग करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेनाप्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर को एक ऐतिहासिक, खुफिया कार्रवाई-संचालित प्रतिक्रिया बताया। साथ ही कहा ये पैमाने, सीमा, गहराई और रणनीतिक प्रभाव की दृष्टि से अभूतपूर्व अभियान था। जिसे डीआईएमई स्पेक्ट्रम में क्रियान्वित किया गया।

### मुस्तैदी से तैयार हैं सशस्त्र सेनाएं



जनरल द्विवेदी ने कहा कि देश की सशस्त्र सेनाएं बिना संपर्क युद्ध, रणनीतिक तालमेल और मनोवैज्ञानिक प्रभुत्व से प्रेरित पांचवीं पीढ़ी के संघर्षों के लिए तैयार हैं। स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण के तहत आत्मनिर्भरता के लिए सेना की प्रतिबद्धता पर भी जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईआईटी-एम और भारतीय सेना का यह अग्निशोध अनुसंधान केंद्र अकादमिक उत्कृष्टता को युद्धक्षेत्र नवाचार में बदल देगा और ये विकसित भारत 2047 की ओर भारत की सैन्य यात्रा को शक्ति प्रदान करेगा। दोनों पक्ष प्रोजेक्ट संभव और सेना बेस वर्कशॉप के साथ एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग साझेदारी जैसी पहल नए मानक स्थापित कर रहे हैं। यहां बताते चलें कि यह पहल सेना में व्यापक परिवर्तन लाने वाले आधारभूत ढांचे का हिस्सा है। जिसका संबंध सेनाप्रमुख द्वारा व्यक्त बदलाव के पांच स्तंभों द्वारा निर्देशित है। जनरल द्विवेदी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी मिशनों के तहत प्रमुख साझेदारों का भी उल्लेख किया। जिसमें एमसीटीई महू एक रणनीतिक साझेदार है। ये केंद्र उभरते हुए क्षेत्रों में सैन्यकर्मियों को कुशल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, साइबर सुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग, वायरलेस संचार और यूएवी प्रणाली इसमें शामिल हैं।

### ओटीए भी गए सेनाप्रमुख


मंत्रालय ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेनाप्रमुख ने चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) का भी दौरा किया। जहां उन्हें अकादमी के बुनियादी ढांचे, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों और समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए भावी सैन्य अधिकारियों को तैयार करने के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। तीनों सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने सैन्यकर्मियों के समक्ष कहा कि इसने भारत की एक सटीक, दंडात्मक और समन्वित हमला करने की क्षमता को प्रदर्शित किया है। भविष्य के संघर्षों में पारंपरिक सामर्थ्य और आधुनिक क्षमताओं के मिश्रण की आवश्यकता होगी। जहां बूट्स को बॉट्स के साथ स्थान साझा करना होगा। उन्होंने विभिन्न सुधार के जरिए सेना के परिवर्तन के दशक के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पूर्व सैनिकों के एक समूह के साथ भी सेनाप्रमुख की मुलाकात हुई। जिसमें उन्होंने राष्ट्र और बलों के प्रति उनके योगदान की सराहना की।

---

निमिषा प्रिया केस में नया मोड़!

# महदी के भाई ने जज को लिखा पत्र जल्द से जल्द सजा देने की मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के जिंदा बचने की उम्मीदें धुंधली होती दिख रही हैं। निमिषा को 16 जुलाई 2025 को ही फांसी दी जानी थी लेकिन भारत के एक मुस्लिम धर्मगुरु के हस्तक्षेप के बाद सजा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। निमिषा को जिस यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फांसी दी जानी है, अब उसके भाई अब्दुल फत्तेह अब्दो महदी ने रविवार, 3 अगस्त को यमन के अटॉर्नी जनरल और जज अब्दुल सलाम अल-हूती के नाम एक पत्र लिखा और उसे सोशल मीडिया पर साझा किया है। मृतक के भाई ने पत्र में साफ लिखा है कि परिवार सुलह या मध्यस्थता के लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। फांसी की सजा को लागू किया जाए और फांसी की नई तारीफ तय की जाए। मौत की सजा से पीड़ित परिवार के अधिकारों की रक्षा होगी और न्याय मिलेगा। केरल की रहने वाली निमिषा प्रिया 2017 के एक मामले में फांसी की सजा का सामना कर रही हैं जिसमें उन्होंने गलती से एक यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या कर दी थी।

---

आज हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक

# भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर पहुंचे फिलीपींस के राष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सोमवार को फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर अपनी पांच दिवसीय (4 से 8 अगस्त तक) भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे। हवाईअड्डे पर आगमन के दौरान रेड कार्पेट वेलकम के साथ सैन्य बलों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने राष्ट्रपति मार्कोस का बेहद गर्मजोशी के साथ अगवानी की। सोमवार को उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ मुलाकात की। मंगलवार (5 अगस्त) को राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के साझा संबंधों, क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता को बनाए रखने के मामले पर भी चर्चा होगी। इस दौरान एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे।

क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर होगी विस्तृत चर्चा

कई क्षेत्र में एमओयू साइन किए जाएंगे

### फिलीपींस का अनमोल मित्र भारत



*वर्ष 2022 में फिलीपींस के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद उनकी यह भारत की पहली यात्रा है। राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर सबसे पहले उन्होंने भारत को अपने देश का अनमोल मित्र बताते हुए कहा यह यात्रा हर फिलीपींस वासी के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता में रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल-टेक्नोलॉजिकल कनेक्टिविटी और पर्यटन जैसे विषय शामिल रहेंगे। राष्ट्रपति फर्डिनेंड के साथ उनकी पत्नी, एक वृहद प्रतिनिधिमंडल और वरिष्ठ अधिकारी भी भारत आए हैं। जिनमें कुछ कैबिनेट मंत्री शामिल हैं।*

### पहले भी मिल चुके दोनों शीर्ष नेता

बता दें, नरेंद्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस के बीच पूर्व में भी कुछ मुलाकातें हो चुकी हैं। जिनमें 2023 में जकार्ता और 2024 में लाओस में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में दोनों मिले थे। 2023 में ही भारत-फिलीपींस के तटरक्षक-बलों के बीच सहयोग के लिए एक समझौता भी हुआ था। अपनी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस का बेंगलुरु जाने का भी कार्यक्रम है। जहां उनकी कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात हो सकती है। दोनों देशों के बीच 1949 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

भारत ने इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर

# सिराज का करिश्माई प्रदर्शन, इंग्लैंड से छीनी जीत

## 23 विकेट लेकर सिराज बने सीरीज के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



### यकीन था कि किसी भी स्थिति से मैच जिता सकता हूं

इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में भारत की जीत के शिल्पकार रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह किसी भी स्थिति से टीम को जीत दिला सकते हैं और उन्होंने यही किया । इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिये 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी ।

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने उतार-चढ़ाव से भरे बेहद रोमांचक पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन सोमवार को मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से इंग्लैंड को छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी, जिसे क्रिकेट की दो दिग्गज टीमों के बीच बेहद कड़े मुकाबले के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

सिराज ने तूफानी गेंदबाजी का नजारा पेश करते हुए 104 रन देकर पांच विकेट चटकाए और टीम की जीत के नायक साबित हुए। उन्होंने श्रृंखला में कुल 23 विकेट चटकाए और दोनों टीमों में सबसे सफल गेंदबाज रहे। भारत के 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन जब छह विकेट पर 339 रन बनाए थे जब खराब रोशनी और बारिश के कारण खेलना रोकना पड़ा था। इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 35 रन जबकि भारत को चार विकेट की दरकार थी।



### दर्ज की रोमांचक जीत


सिराज की अगुआई में भारत ने हालांकि इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर समेट दिया और रोमांचक जीत दर्ज की। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए। कंधे में चोट बावजूद क्रिस वोक्स एक हाथ में बल्ले थामे अंतिम बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरे और काफी दर्द के बावजूद मैदान पर डटे रहे लेकिन अंततः सिराज ने गस एटकिंसन (17) को बोल्ड करके भारत को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला मैच पांच विकेट से जीत दर्ज की थी जबकि भारत ने बर्मिंघम में जोरदार वापसी करते हुए दूसरा टेस्ट 336 रन से जीता था। लाड्‌र्स में तीसरे टेस्ट में मेजबान टीम ने 22 रन की रोमांचक जीत दर्ज की जबकि मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। इसके बाद भारत ने जो रूट और हैरी ब्रूक की शतकीय पारियों के बावजूद चौथी शाम चार विकेट चटकाकर जोरदार वापसी की और फिर श्रृंखला के अंतिम दिन जीत दर्ज की।

### सिराज का शानदार प्रदर्शन

सिराज इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में 23 विकेट लिए। उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल हासिल किया। उनके बाद जोश टंग ने 3 टेस्ट में 29.05 की औसत के साथ 19 सफलताएं हासिल की। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने 4 टेस्ट में 25.23 की औसत के साथ 17 सफलताएं हासिल की। दिलचस्प रूप से इस सीरीज में सिराज ने गेंदबाजी करते हुए 1,000 से अधिक गेंदें की।

## हर कप्तान का सपना है सिराज जैसा गेंदबाज : गिल

लंदन। भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि मोहम्मद सिराज जैसी क्षमता और कौशल वाला गेंदबाज हर कप्तान का सपना होता है। गिल ने साथ ही 2-2 की बराबरी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में दिखाए गए क्रिकेट के स्तर का 'उचित प्रतिबिंब' करार दिया। श्रृंखला में 754 रन और चार शतक के साथ भारत के श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे गिल ने सिराज की जमकर तारीफ की जिनके द ओवल में मैच में नौ विकेट की बदौलत भारत ने जीत दर्ज की और श्रृंखला बराबर की। गिल ने कहा, 'सिराज किसी भी कप्तान का सपना है। उन्होंने हर गेंद और हर स्पैल में अपना सब कुछ झोंक दिया। 2-2 की बराबरी एक उचित प्रतिबिंब है। यह दर्शाता है कि दोनों टीम कितने जोश से भरी थीं और उन्होंने कितना अच्छा खेला।' कप्तान ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की भी तारीफ की, जिन्होंने मैच में आठ विकेट लिए। वह हालांकि थोड़े महंगे साबित हुए।



### यह जीत अतुलनीय

इंग्लैंड के खिलाफ रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे पांचवें टेस्ट मैच में भारत की यादगार जीत के बाद टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में शामिल लोकेश राहुल ने इसे अपने अब तक के करियर की सबसे यादगार श्रृंखला करार दिया। राहुल ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए सब कुछ है। मैं पिछले कई साल से क्रिकेट खेल रहा हूं।

### टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | देश | रन |
|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 754 |
| जो रुट | इंग्लैंड | 537 |
| लोकेश राहुल | भारत | 532 |

### टॉप गेंदबाज

| खिलाड़ी | देश | विकेट |
|---|---|---|
| मो. सिराज | भारत | 23 |
| जोश टंग | इंग्लैंड | 19 |
| बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 17 |

## खबर संक्षेप




### डूरंड कप : रीयल कश्मीर ने टीआरएयू को हराया

**इम्फाल।** मिडफील्डर रोहन सिंह के लंबी दूरी से दागे गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच में टीआरएयू एफसी को 2-1 से हरा दिया। रीयल कश्मीर ने 24वें मिनट में मरात तारेक के गोल की बदौलत बढ़त बनाई लेकिन अफरीदी बुयामायुम ने 26वें मिनट में गोल दागकर टीआरएयू को बराबरी दिला दी। रोहन ने इसके बाद 64वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे तीन अंक दिला दिए। रीयल कश्मीर अगले मैच में 10 अगस्त को नेरोका एफसी से भिड़ेगा जबकि टीआरएयू एफसी की भिड़ंत 12 अगस्त को भारतीय नौसेना से होगी।

### दीक्षा संयुक्त 46वें स्थान पर, यामाशिता को खिताब

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर मौसम से प्रभावित अंतिम दौर में पांच ओवर 77 के खराब प्रदर्शन के साथ एआईजी महिला ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं।



दीक्षा ने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन वह आठ बोगी कर गईं, जिससे उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। जापान के मियु यामाशिता ने खिताब जीता, जिसके लिए उन्हें 14 लाख 62 हजार 500 डॉलर की राशि मिली।

### अक्टूबर में होगा तीरंदाजी लीग का पहला सत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की, जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरुष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है, जो 11 दिन तक चलेगा। इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है । भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा ,' हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिए देश में खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।' विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा ,'इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आएगा।

## नेशनल बैंक ओपन : क्लारा ने विंबलडन चैंपियन इगा को हराया, क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

### स्वियातेक के साथ हुआ उलटफेर, टॉसन से 7-6, 6-3 से हारी

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा के टोरंटो में इन दिनों नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मुकाबले खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट के चौथे राउंड में डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में एंट्री मारी। इसके साथ ही टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विंबलडन में मिली हार का बदला भी ले लिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। मेडिसन ने चेक रिपब्लिक की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया था।



#### रुबलेव विनर घोषित

इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7,7-6, 3-0 से आगे थे। थकान के कारण फोकिना ने बीच मुकाबले में कोर्ट छोड़ दिया और रुबलेव को इस मैच का विनर घोषित कर दिया गया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।


#### शेल्टन ने दर्ज की 100वीं जीत

बेन शेल्टन ने राउंड ऑफ 16 में फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6(1) से हराकर अपने टूर-स्तरीय करियर की 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अगले दौर में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी. मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। अपने टूर-स्तर के करियर में अब 100-69 का रिकॉर्ड रखते हुए, शेल्टन 21वीं सदी में जन्मे आठवें और 100 जीत का आंकड़ा छूने वाले नौवें सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ी हैं। शेल्टन लगातार तीसरे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह विंबलडन में क्वार्टर फाइनल और पिछले हफ्ते वॉशिंगटन डीसी में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, इस साल हार्ड कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 16-7 का है, जिसमें 'ऑस्ट्रेलियन ओपन' के सेमीफाइनल तक का सफर भी है।

## मेस्सी को दाहिने पैर में चोट, इंटर मियामी ने पुष्टि की,वापसी को लेकर नही बताई समय-सीमा

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल

इंटर मियामी सीएफ ने क्लब के कप्तान लियोनेल मेस्सी को लेकर अपडेट जारी किया, जिसमें बताया गया कि उन्हें मांसपेशियों में मामूली चोट लगी है। हालांकि, मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब ने 38 वर्षीय मेस्सी की वापसी को लेकर कोई समयसीमा नहीं बताई है। 'लीग्स कप' के फेज वन में नेकाक्सा के खिलाफ चेज स्टेडियम में हुए मुकाबले के शुरुआती मिनटों में चोट लगने के कारण मेस्सी को मैच से बाहर होना पड़ा। इंटर मियामी यह मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीतने में सफल रहा।



### असंतुलित होकर गिर पड़े थे मैस्सी

इंटर मियामी की ओर से जारी बयान में कहा गया, मेस्सी ने नेकाक्सा के खिलाफ लीग्स कप मुकाबले के दौरान मांसपेशियों में हुई तकलीफ की गंभीरता का आकलन करने के लिए मेडिकल टेस्ट करवाया, जिसकी वजह से उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। उनके दाहिने पैर में मांसपेशी चोट की पुष्टि हुई है। मेस्सी की वापसी मेडिकल टीम की मंजूरी और इलाज के प्रति उनके रेस्पॉन्स और क्लीनिकल प्रोग्रेस पर निर्भर करेगी। अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेस्सी गेंद को ड्रिबल करते हुए जब डिफेंस लाइन के बीच पहुंचे, तो कई डिफेंडर्स ने उन्हें घेर लिया, जिससे वह असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़े। गिरने के बाद उन्होंने हताशा में घास पर हाथ मारा। कुछ ही पलों बाद वह हेरॉन्स की बेंच के सामने बैठ गए, जहां इंटर मियामी की मेडिकल टीम ने उनका

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

## भारत ने लगाई छलांग निकला इंग्लैंड से आगे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट में हराकर सीरीज को बराबरी पर छुड़ाने में कामयाबी हासिल कर ली है। आखिरी मैच में टीम इंडिया ने लाजवाब प्रदर्शन किया और आखिरकर मैच अपने नाम करने में सफलता हासिल की।

इस जीत के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में भी टीम इंडिया ने लंबी छलांग मारी है, वहीं इंग्लैंड की टीम को जबरदस्त नुकसान उठाना पड़ा है। अंक तालिका में भारत तीसरे नंबर पहुंचा है।

### भारत का पीसीटी बढ़कर सीधा 46.67 पाइंट

अब इंग्लैंड को हराकर भारतीय टीम ने तीसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने अब तक 5 मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेले हैं, इसमें से दो मैच भारत ने जीते हैं और दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच बराबरी पर समाप्त हुआ है। भारत का पीसीटी अब बढ़कर सीधा 46.67 का हो गया है। वहीं इंग्लैंड की टीम अब नंबर चार पर खिसक गई है। इंग्लैंड ने भी पांच मुकाबले खेले हैं। इसमें से दो में उसे जीत मिली है और दो में टीम हारी है। एक मैच ड्रॉ रहा है। टीम का पीसीटी इस वक्त 43.33 का है।

### अंक तालिका में पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया

*भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज के खत्म होने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका की बात की जाए तो पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है। उसने अब तक तीन मैच खेलकर तीनों जीते हैं। उसका पीसीटी 100 का है। इसके बाद दूसरे नंबर पर श्रीलंका की टीम है। श्रीलंका ने अब तक दो मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले हैं और एक में जीत मिली है, वहीं एक मैच ड्रॉ रहा है। कोई भी मैच टीम हारी नहीं है। इसलिए उसका पीसीटी 66.67 का है। बांग्लादेश की टीम इस वक्त अंक तालिका में नंबर 5 पर है। उसका उसने दो मैच खेले हैं। इसमें से एक मैच वे हारे हैं और एक मैच ड्रॉ रहा है। आखिरी यानी छठी पायदान पर वेस्टइंडीज की टीम है। टीम ने अब तक तीन मुकाबले खेले हैं, इसमें से उसे कोई भी जीत नहीं मिली है, टीम सारे के सारे मैच हारी है। इसलिए उसका पीसीटी शून्य का है।*

## वेस्टइंडीज को हराकर पाक ने 2-1 से जीती टी-20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| लॉडेरहिल (अमेरिका)

सईम अयूब के अर्धशतक और साहिबजादा फरहान के साथ 138 रन की पहले विकेट की साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 13 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने चार विकेट पर 189 रन बनाए और उसके बाद वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया । पाकिस्तान का पहला विकेट 17वें ओवर में गिरा जब फरहान 53 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हो गए ।

शामार जोसेफ की फुलटॉस गेंद पर लांग आफ में उन्होंने शाइ होप को कैच थमा दिया। अयूब 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर डटे रहे और 49 गेंद में 66 रन बनाए। जवाब में



वेस्टइंडीज ने पहले दो ओवर में बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए थे। हसन अली ने पहले ओवर में 16 और मोहम्मद नवाज ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद हारिस रऊफ ने तीसरे ओवर में सिर्फ पांच रन दिए। उन्होंने पांचवें ओवर में ज्वेल एंड्रयू (24) को हसन अली के हाथों लपकवाया। एलिक अथानाजे ने 40 गेंद में 60 रन बनाए और होप (सात) के साथ 30 रन की साझेदारी की।

## कुश्ती विश्व चैंपियनशिप : अमन पदार्पण के लिए तैयार, सुजीत ने बनाई टीम में जगह

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत (57 किग्रा) को विश्व चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में कोई खास चुनौती नहीं मिली तो वहीं सुजीत कलकल ने शानदार कौशल दिखाते हुए पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली।

क्रोएशिया के जगरेब में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद सहरावत का विश्व स्तर का दूसरा टूर्नामेंट होगा। इस 22 साल के पहलवान ने जून में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी करते हुए मंगोलिया रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता था। वह हालांकि यहां ट्रायल में मंगोलिया की तुलना में कहीं बेहतर नजर आए।



उन्होंने अपने पहले मुकाबले में सुमित के खिलाफ मात्र एक अंक गंवाने के बाद शुरुआती पीरियड में ही तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में राहुल को एकतरफा अंदाज में बिना कोई अंक गवायें तकनीकी श्रेष्ठता से मात दी। सुजीत ने अनुज (10-0) और विशाल (8-4) के खिलाफ अपने मजबूत रक्षात्मक खेल से प्रभावित किया। बजरंग पुनिया के हटने के बाद 65 किग्रा में भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन लचर रहा है लेकिन सुजीत ने इस प्रदर्शन से उम्मीदें जगा दी हैं।


कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**
**बी.फार्मेसी/डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु**
(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)

| प्रथम चरण | |
|---|---|
| गतिविधियां | दिनांक/समय |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.08.2025 से 29.08.02025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 30.08.2025 से 31.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 20.08.2025 से 02.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 03.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 06.09.2025 से 11.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| द्वितीय चरण | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.09.2025 से 12.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 13.09.2025 से 14.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 06.09.2025 से 16.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 17.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 20.09.2025 से 24.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय |
| 23.09.2025 से 25.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 26.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से |
| उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 27.09.2025 से 28.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 29.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से |
| उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये | |
| 30.09.2025 से 30.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 30.09.2025 प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।


**प्रवेश निरस्त**


➢ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

अतिरिक्त संचालक
तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/121399/2025



# सारे जहां से अच्छा में भारत पाकिस्तान संघर्ष की झलक

**मुंबई।** प्रतीक गांधी स्टारर जासूसी वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोमवार को यह ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया ने रिलीज किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रामा और परमाणु संघर्ष की झलक दिखाई गई है। 'सारे जहां से अच्छा' 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ट्रेलर में प्रतीक गांधी ने भारत के रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में तैनात किया गया है। वह पाकिस्तान में होने वाली परमाणु गतिविधि को रोकने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। प्रतीक गांधी जैसे ही पाकिस्तान में राजनयिक मामलों के करीब पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से होती है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## रोमियो में शाहिद के साथ आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म रोमियो को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। इस फिल्म के साथ अब तमन्ना भाटिया का नाम जुड़ गया है। अभिनेत्री इसमें अहम किरदार निभा सकती हैं।

एक्शन-थ्रिलर फिल्म में तमन्ना भाटिया अहम किरदार निभाएंगी। बताया जाता है कि यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। इससे पहले खबरें थीं कि फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ती डिमरी होंगी। अब इस फिल्म से तमन्ना का भी नाम जुड़ गया है। यह पहला मौका है जब शाहिद कपूर तृप्ति डिमरी के साथ किसी फिल्म में काम करेंगे। दोनों एक -दूसरे के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वहीं, दूसरी तरफ दावा है कि तमन्ना भाटिया ने इस फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है। बताया जाता है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की अब तक की सबसे बड़ी कमर्शियल फिल्म है। फिल्म में शाहिद ऐसा किरदार निभा रहे हैं जिनके कई रंग हैं। दिशा पाटनी भी इस फिल्म का हिस्सा होंगी। विशाल भारद्वाज 7 खून माफ, हैदर, कमीने, पटाखा और खुफिया जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला है। फिल्म रोमियो का नाम पहले अर्जुन उस्तरा था। बताया यह भी जाता है कि रिलीज से पहले फिल्म का जोर-शोर से प्रचार किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर सितंबर के अंत तक आएगा।

## हॉलीवुड मसाला



# मीट द पैरेंट्स का करेंगे चौथा पार्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो 81 साल के होने के बावजूद भी फिल्मों में सक्रिय है। जल्द ही वह फिल्म मीट द पैरेंट्स के चौथे पार्ट में नजर आएंगे। साल 2000 में रिलीज हुई इस फिल्म में भी उन्होंने ही लीड रोल निभाया था। रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म का टाइटल भी बदला गया है। रॉबर्ट डी नीरो और बेन स्टिलर स्टारर मीट द पैरेंट्स फ्रैंचाइज की चौथी फिल्म का टाइटल 'फॉकर इन-लॉ'रखा गया है। इस फिल्म का डायरेक्शन जॉन हैम्बर्ग ने किया है। जॉन ने ही पहली तीन फिल्मों की राइटिंग में भी बतौर को-राइटर काम किया था।




# किसी के दांत तो किसी के पैर पर है कॉपीराइट

**लॉस एंजिल्स।** ग्लैमर की दुनिया में दिखावा आम है, जहां सुंदरता बनाए रखने के लिए सर्जरी का सहारा लिया जाता है। कई हॉलीवुड सितारों ने अपने शरीर के अंगों का बीमा कराया है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी मुस्कान, जेनिफर लोपेज और किम कार्दशियन ने अपने बट का बीमा कराया है। मॉडल हेइडी क्लम ने कथित तौर पर अपने पैरों का 2.2 मिलियन डॉलर का बीमा कराया है। यानी अगर कोई उनके जैसी टांगें पाने की कोशिश करेगा तो उसे ये कीमत चुकानी होगी। हॉलीवुड स्टार किम कार्दशियन ने भी अपने बट का 21 मिलियन डॉलर का बीमा कराया था। मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने भी अपने पैरों का बीमा कराया है। उन्हें 'लेग्स ऑफ गॉडेस' का अवॉर्ड भई मिला था। उन्होंने 1 मिलियन डॉलर का इंश्योरेंस कराया है।



# एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए लौटीं भारत


**मुंबई।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से सभी के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के साथ भारत लौट आई हैं। सोमवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपनी बेटी मालती की प्यारी तस्वीरें शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। कथित तौर पर प्रियंका एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए हैदराबाद आई हैं। प्रियंका ने आज सुबह सोमवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जो हैदराबाद की हैं। एक तस्वीर में मालती कार की खिड़की से बाहर देख रही हैं। तो वहीं दूसरी तस्वीर में मालती के नन्हें पैर दिखाई दे रहे हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट के साथ हैदराबाद पहुंचने की बात कही और कैप्शन में लिखा, 'मां और मालती।' एक और तस्वीर में प्रियंका ने लिखा, 'हैदराबाद हमने कर लिया।'



# एआई की मदद से बनाई रामायण सीरीज

**नई दिल्ली।** रामायण पर इतने टीवी शोज, फिल्में और एनिमेटेड फिल्में बन चुकी हैं, जिनका कोई हिसाब नहीं है। इतना ही नहीं, इस पर लगातार फिल्में बन भी रही हैं। इन दिनों मशहूर बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर भी रामायणम् नाम की फिल्म के लिए लगातार काम कर रहे हैं, जो दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। इसका पहला पार्ट अगले साल और दूसरी पार्ट 2027 में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच, 'रामायण' जल्द आने वाली एक सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है।

# सैयारा की 300 करोड़ी क्लब में हुई एंट्री...



**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा ने 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ले ली है। यह कारनामा फिल्म ने सोमवार को 18वें दिन कर दिखाया है। फिल्म विदेशों में भी धमाल कर रही है और वर्ल्डवाइड यह 400 करोड़ी क्लब का हिस्सा बन चुकी है। वहीं, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह 300 करोड़ी फिल्मों वाली लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकी है। फिल्म सैयारा ने रविवार को 17वें दिन आठ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 300.11 करोड़ रुपए हो गया है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा 300 करोड़ी कुनबे में शामिल होने वाली ऐसी पहली फिल्म है, जिसमें नए सितारे हैं। वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी यह पांचवी फिल्म है, जो 300 करोड़ी बनी है। सबसे तेज 300 करोड़ कमाने के मामले में फिल्म सैयारा ने वॉर, बजरंगी भाईजान और सुल्तान जैसी फिल्मों को धूल चटा दी है। वॉर ने 19 दिन में 300 करोड़ रुपए कमाए थे। वहीं, बजरंगी भाईजान ने 20 दिनों में और सुल्तान ने 35 दिनों में यह कारनामा कर दिखाया था।

# 21वीं सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की सूची में पैरासाइट नंबर एक पर

**नई दिल्ली।** हाल ही में 21वीं सदी (2000 के बाद) की सबसे बेहतरीन 100 फिल्मों की सूची जारी की गई है, जिसमें दुनियाभर के 500 से अधिक निर्देशकों, कलाकारों और क्रिटिक्स ने अपनी पसंदीदा फिल्मों को वोट किया। इस सर्वे में दुनियाभर के लोगों की पसंद, सिनेमा लवर्स और फिल्म मेकर्स के नजरिए को शामिल किया गया। इस सूची में ज्यादातर हॉलीवुड की फिल्में शामिल हैं।

*पहले नंबर पर है पैरासाइट :* इस सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट में 1 जनवरी, 2000 के बाद से रिलीज हुई फिल्में शामिल हैं। इसमें कई ऑस्कर विनिंग फिल्में भी शामिल हैं। इस लिस्ट की टॉप पर सबसे ऊपर है पैरासाइट, जो साल 2019 में आई थी। बोंग जू एन की यह फिल्म गरीबी, वर्गीय विभाजन और सामाजिक संरचना पर तीखे व्यंग्य के जरिए कहानी कहती है। अमेरिकी इंडस्ट्री इसे 21वीं सदी की अब तक की सबसे प्रभावशाली फिल्म मानती है।




## टॉप पांच में शामिल रहीं ये फिल्में

अब अगर इस लिस्ट की टॉप 10 फिल्मों की बात करें तो, नंबर 1 पर पैरासाइट, फिर – डेविड लिंच की स्यूरेल थ्रिलर मूलोलैंड ड्राइव जो साल 2001 में रिलीज हुई थी। तीसरे स्थान पर साल 2007 में आई फिल्म- थेर विल बी ब्लड है जिसको पॉल थॉमस एंडरसन ने डायरेक्ट किया है। अगले नंबर पर फिल्म इन द मूड फॉर लव- वोंग कर-वाइ की शांति भरी प्रेम कहानी है। पांचवें स्थान पर साल 2016 की फिल्म मूनलाइट है।

## टॉप 10 में शामिल रहीं ये फिल्में

अब सातवें, आठवें और आखिरी दो फिल्मों की बात करें तो लिस्ट में बूढ़ों के लिए कोई देश नहीं (2007), धुंधले दिमाग का शाश्वत प्रकाश (2004), गेट आउट (2017), स्पिरिटेड अवे (2001) – मियाजाकी की एनीमेशन मास्टपिस, द सोशल नेटवर्क (2010) टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं। नंबर 1 पर काबिज फिल्म पैरासाइट को न केवल क्रीटिक्स ने सराहा है, बल्कि रोटेन टोमेटोज़ पर इसे 97% सकारात्मक रिव्यू मिले हैं और यह फिल्म ने कुल 4 ऑस्कर (बेस्ट पिक्चर सहित) जीत चुकी है।

# बिग बॉस में हो सकती है तारक मेहता की एंट्री



**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 के लिए शैलेश लोढ़ा को अप्रोच किए जाने की खबर है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' धारावाहिक के साथ सालों तक जुड़े रहे शैलेश का सीरियल से कॉन्ट्रोवर्शियल एग्जिट हुआ था। शैलेश लोढ़ा का अचानक शो से हटना काफी चर्चा में रहा था जिसके बाद में एक्टर ने इस बारे में खुलकर अपनी राय भी रखी। इससे पहले इस तरह अचानक शो से हटाए गए कुछ अन्य एक्टर्स को भी बिग बॉस में जगह मिल चुकी है। लेकिन क्या शैलेश लोढ़ा सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो में आने के लिए हामी भरेंगे? माना जा रहा है कि इस तरह के शो में उनकी खास रुचि नहीं है, लेकिन फिर भी मेकर्स अभी उनकी हां या फिर ना का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभा चुके गुरुचरण सिंह को बिग बॉस हाउस में लाने की खबर आई थी। मालूम हो कि बिग बॉस का यहां यह 19वां सीजन है, तो उस हिसाब से मेकर्स ने शो में काफी सारे नए बदलाव भी किए हैं जिनमें इस बार शो में रखी जा रही राजनीति वाली थीम भी शामिल है, देखना होगा कि पब्लिक का इसे कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930